माघ कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मुरादाबाद
मंगलवार, 6 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 317, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

यूपी बजट 2024-25

मुख्यमंत्री योगी का महाबजट

लगभग 25 हजार करोड़ की नयी योजनाओं के साथ उत्तर प्रदेश के लिए उत्सव, उद्योग और उम्मीदों का वार्षिक मेगा बजट सोमवार को सामने आ गया। लोकसभा चुनाव से पहले 80 संसदीय सीट वाले राज्य के अब तक सबसे बड़े बजट में महिला, युवा, किसान, रोजगार सृजन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, धार्मिक स्थलों पर सर्वाधिक जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने शेर-ओ-शायरियां करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। प्रस्तुत बजट की व्याख्या एक लाइन में समझें तो इसमें प्राचीनता के साथ आधुनिकता का समावेश कर उप्र. को विकास की दौड़ में आगे लाने की मंशा दिखती है।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: बजट के खास पहलुओं को देखें तो पाते हैं कि, लखनऊ में दिल्ली की तर्ज पर लगभग 1500 एकड़ में एयरो सिटी विकसित की जायेगी। इसमें 7 सितारा होटल, पार्क, विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सरकार ने हीरो फ्यूचर एनर्जीज के साथ चार हजार करोड़ रूपये के निवेश का एमओयू हस्ताक्षरित किया गया है जिसके अन्तर्गत संस्था द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा एवं क्लीन टेक्नोलाजी परियोजना में निवेश किया जायेगा।

वहीं, शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरु किया जा रहा, इसके लिये 1000 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गई है। इसके तहत अपना व्यवसाय शुरु करने के लिए अधिकतम पांच लाख तक की ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा।

बजट में 195 करोड़ रुपए से खेल सुविधाओं का विकास करने की भी व्यवस्था है। खेल अवस्थापना सुविधाओं के लिए बजट में 67 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए निजी सहभागिता से भी खेल अवस्थापनाओं के निर्माण के लिए 50 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इतना ही नहीं, 1.50 लाख रुपए के मानदेय पर 50 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए आबद्ध किए जाने की रास्ता खोला गया है।

07 लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपये का बजट पेश

60 साल पूरा करने के बाद महिला-पुरुष किसानों को तीन हजार रुपए पेंशन

25 हजार करोड़ की नयी योजनाओं के साथ उत्सव, उद्योग और उम्मीदों का बजट

3.46% राजकोषीय घाटा के साथ बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपये की नई योजनाएं शामिल

आस्था, अन्त्योदय व अर्थव्यवस्था को समर्पित बजट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधान सभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्तुत होने के बाद विधान भवन स्थित तिलक हॉल में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह बजट आस्था, अन्त्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित है। बजट में बढ़ोत्तरी डबल इंजन सरकार की प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के विजन के प्रति प्रतिबद्धता को प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि यह बजट उत्तर प्रदेश को देश का ग्रोथ इंजन तथा 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की प्रधानमंत्री की संकल्पना का प्रतिनिधित्व करता है। बीते 7 साल में राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने में सफलता प्राप्त हुई है। आज उत्तर प्रदेश देश की सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

<< बजट पेश करने विधानसभा जाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। ● अमृत विचार

सपने दिखाने वाला बजट: अखिलेश

विधानसभा में सोमवार को प्रस्तुत 2024-25 के बजट को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि ये दिल्ली वाले और लखनऊ वाले केवल बड़े-बड़े सपने दिखा रहे हैं। पत्रकारवार्ता करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का ये बजट केवल 10 प्रतिशत लोगों के लिए है। 90 प्रतिशत लोगों को मायूसी हाथ लगी है। उन्होंने कहा, इस बजट से गैर बराबरी बढ़ेगी।

चुनावी हित का ज्यादा : मायावती

वर्ष 2024-25 का बजट पार्टी के चुनावी हित का ज्यादा और व्यापक जनहित व जनकल्याण का कम लगता है। विभिन्न घोषणाएं, वादे और दावे अपनी जगह, पर क्या विकास सम्बंधी सरकार के पिछले सारे वादे पूरे हो गये हैं, इसका भी मूल्यांकन जरूरी है। सरकार सर्वसमाज के हित, विकास व कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में जितने में भी दावे व वादे बजट में करती है, उसका सही से अनुपालन जरूरी है।

बजट में क्या-क्या है खास

- युवाओं के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत 5 लाख रुपए ब्याज मुक्त ऋण
- रोजगार प्रोत्साहन कोष का गठन, जिसमें ट्रेनिंग, इंटर्नशिप और अपरेंटिसशिप की व्यवस्था
- वाराणसी में राजकीय फैशन टेक्नोलॉजी संस्थान की स्थापना, 2 मेगा राजकीय आईटीआई की स्थापना
- 69 आईटीआई के अपग्रेडेशन, स्पोर्ट साइंस एंड इंजरी सेंटर की स्थापना
- वरिष्ठ नागरिक कल्याण कोष की स्थापना, 22 हजार मिनी आंगनवाड़ी केंद्र को मुख्य आंगनवाड़ी केंद्र के रूप में डेवलप किया जाना
- 46 साल बाद प्रदेश के अंदर नया शहर बनेगा, जो कानपुर और झांसी के बीच होगा
- स्पिरिचुअल टूरिज्म जिसमें अयोध्या, काशी, मथुरा, नैमिष, विंध्याचल, देवीपाटन और बरेली में नाथ कॉरीडोर की थीम पर आधारित इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास
- प्रयागराज में कुंभ संग्रहालय और आजमगढ़ के हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय के लिए धनराशि की व्यवस्था
- अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध केंद्र की स्थापना
- कृषि एक प्राथमिक सेक्टर में किसानों के लिए मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना, राज्य कृषि योजना भी प्रस्तावित
- निजी नलकूप किसानों को बिजली उपलध कराने के लिए धनराशि का प्रावधान किया गया
- ग्लोबल वार्मिंग से कृषि को प्रभावित होने से बचाने के लिए ग्राम पंचायतों में ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना
- लखनऊ में दिल्ली की तर्ज पर 1500 एकड़ में एयरो सिटी विकसित होगी
- इसमें 7 सितारा होटल, पार्क, विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर जैसी सुविधायें रहेंगी
- हीरो फ्यूचर एनर्जीज के साथ 4 हजार करोड़ रूपये के निवेश का एमओयू से नवीकरणीय ऊर्जा एवं क्लीन टेक्नोलॉजी परियोजना में निवेश

मेगा बजट में किस विभाग को क्या और कितना मिला

राज्य सरकार ने 2024-25 के पेश बजट में लगभग हर क्षेत्र के लिए कुछ ना कुछ घोषणाएं की। एक नजर में समझिए स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, ऊर्जा, रोजगार, पर्यटन, उद्योग, महिला बाल विकास आदि क्षेत्र में आम जनता को क्या-कितना मिला है।

575 करोड़ पूर्वांचल विकास निधि में, 425 करोड़ बुंदेलखंड को

- सौर ऊर्जा नीति2022 के तहत अगले पांच साल में 22000 मेगावॉट बिजली का उत्पादन करने का लक्ष्य। 2017 में 288 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं थीं, जो अब लगभग 2600 मेगावॉट है।
- 2600 करोड़ महाकुम्भ मेला-2025 के लिए, 100 करोड़ अयोध्या के सर्वांगीण विकास के लिए
- 575 करोड़ पूर्वांचल विकास निधि में, 425 करोड़ बुंदेलखंड विकास निधि में
- डार्क जोन में नए निजी नलकूप कनेक्शन देने पर प्रतिबंध हटाए जाने से करीब एक लाख किसानों को मिलेगा सीधे लाभ।
- 14 जिलों में केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन। 16 असेवित जिलों में निजी निवेश से मेडिकल कॉलेज बनाया जाना प्रस्तावित।
- राजकीय मेडिकल कॉलेजों में ट्रामा सेंटर लेवल-2 को ट्रामा सेंटर लेवल-एक में 100 बेड व एपेक्स ट्रामा सेंटर में दो सौ बेड से उच्चीकृत करने के लिए तीन सौ करोड़ की व्यवस्था।
- गर्मी में लगातार बिजली आपूर्ति के लिए दो हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है, जो वर्तमान वर्ष की तुलना मंज 33 प्रतिशत अधिक।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में आयुष विभाग के तहत गोरखपुर स्थित महायोगी गुरु गोनखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण पूरा करने तथा अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय व वाराणसी में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना का लक्ष्य।
- मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण, नए शहर प्रोत्साहन के तहत टाउनशिप विकसित करने के लिए वर्ष 2024-25 को बजट में 3000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित।
- आगरा मेट्रो रेल परियोजना में उप्र के अंश के रूप में 346 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित।
- पीएम आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 2441 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित।
- बुंदेलखंड में नए औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) का गठन कर नोएडा और ग्रेटर नोएडा के अनुरूप बुंदेलखंड में भी औद्योगिक, वाणिज्यिक और आवासीय टाउनशिप विकसित करने की योजना।
- आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में अध्यनरत खिलाड़ियों की ट्रेनिंग के लिए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की डेढ़ लाख रुपए मानदेय की व्यवस्था।
- गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के 2057 करोड़ 76 लाख की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है, जो कि वर्तमान वर्ष की तुलना में दोगुने से अधिक है।
- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- गत वित्तीय वर्ष की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में हवाई यात्रा करने वालों की संख्या में 19 .2 प्रतिशत की हुई बढ़ोतरी।
- पारेषण तंत्र की कुल क्षमता जो वित्तीय वर्ष 2016-17 में 16,348 मेगावॉट थी, जिसे 2022-23 में बढ़ाकर 28,900 मेगावॉट रही 2023-24 में इसे बढ़ाकर 31,500 मेगवॉट करने का लक्ष्य।
- जल जीवन मिशन के लिए 22 हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई प्रस्तावित। इसमें से दो हजार करोड़ रुपये अनुरक्षण मद के लिए निर्धारित।
- अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या धाम की स्थापना व उसके विस्तार के लिए 150 करोड़ की व्यवस्था हुई प्रस्तावित।
- उप्र रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के तहत गंभीर अपराधों से पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को एक लाख से 10 लाख रुपये तक की दी जाएगी आर्थिक क्षतिपूर्ति।
- महिलाओं व बुजुर्गों की सुरक्षा को देखते हुए सेफ सिटी परियोजना के तहत महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे तथा लाईट लगवाना। डार्क स्पाट्स-हॉट प्वाइंट्स का चिन्हीकरण, पिंक बूथों की स्थापना, बस व टैक्सियों में पैनिक बटन लगवाने की व्यवस्था।

नगर विकास

2500 करोड़ से होगा महाकुंभ का आयोजन

अगले साल प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ मेले के आयोजन के लिए राज्य सरकार ने नगर विकास के माध्यम से 2500 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इस राशि के जरिए नगर विकास विभाग विश्व स्तरीय सुविधाओं के माध्यम से महाकुंभ का भव्य आयोजन करेगा। इसके अलावा सरकार ने महाकुंभ के आयोजन के लिए संस्कृति विभाग को भी 100 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट दिया है, जिससे महाकुंभ में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

- **विश्वस्तरीय सुविधाओं के माध्यम से महाकुंभ का भव्य आयोजन करेगी सरकार**
- **महाकुंभ में अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 100 करोड़ रुपये का भी आवंटन**

युवा उद्यमी विकास अभियान

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था

शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को प्रोत्साहन, पांच लाख रुपये तक ब्याज मुक्त कर्ज

नई योजना का आगाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के युवाओं को नया उपहार दिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट में बताया कि प्रदेश के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए 1000 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। नए सूक्ष्म उद्यों की स्थापना के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजित करने के उददेश्य से योगी सरकार द्वारा नई पहल की जा रही है।

वित्त मंत्री ने सदन में बताया कि योजना के अंतर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम पांच लाख तक की परियोजना को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। इस स्वरोजगार मिशन के अंतर्गत प्रतिवर्ष 1,00,000 इकाइयों-यूनिट्स को वित्त पोषित कर आगामी 10 वर्षों में एक मिलियन यूनिट्स को सीधे लाभान्वित किया जाएगा। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं जैसे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना, अनुसूचित जाति/ जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना, उत्तर प्रदेश स्किल्ड डेवलपमेन्ट मिशन द्वारा संचालित कौशल उन्नयन आदि में प्रशिक्षित लाभार्थी अथवा किसी विद्यालय/शैक्षणिक संस्थान से सर्टिफिकेट कोर्स/डिप्लोमा/ डिग्री युवक इस योजना के तहत लाभान्वित होंगे। उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम 5 लाख तक की परियोजना लागत वाली सूक्ष्म इकाइयां पात्र होंगी।

योजना के अंतर्गत प्रथम लोन के भुगतान के बाद इकाई द्वितीय स्टेज वित्तपोषण के लिए पात्र होगी। इसके अंतर्गत पहले स्टेज के लोन के दोगुना, अधिकतम-7.50 लाख तक का कंपोजिट लोन दिया जा सकेगा। डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के लिए भी अनुदान की व्यवस्था की गई है।

01 लाख इकाइयां वित्त पोषित होंगी। आगामी 10 वर्षों में 10 लाख का लक्ष्य

05 लाख रुपये तक की परियोजना लागत वाली सूक्ष्म इकाइयां पात्र होंगी

07 लाख पचास हजार तक का कंपोजिट लोन दिया जा सकेगा





युवाओं के लिए ओडीओपी के अनुरूप कोर्स चलाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

कौशल विकास

अमृत विचार: युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए राज्य सरकार ने व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास के तहत कई प्राविधान किए हैं। इसके तहत व्यावसायिक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों हेतु व्यावहारिक या वोकेशनल ओरिएंटेशन कार्यक्रम तथा माध्यमिक स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा योजना के सुदृढ़ीकरण के लिए विद्यालयों को हब एवं स्पोक्स मॉडल के रूप में विकसित करते हुए ओडीओपी के अनुरूप पाठ्यक्रम संचालित किए जाने की योजना है।

इसके तहत राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के माध्यम से 12वीं उत्तीर्ण करने पर यूपी बोर्ड के प्रमाण-पत्र के साथ-साथ कंप्यूटर शिक्षा में प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।

वर्तमान में माध्यमिक स्तर के 804 राजकीय एवं 729 सहायता प्राप्त विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा तथा कौशल विकास मिशन के माध्यम से प्रवीण योजना के तहत 301 राजकीय विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के साथ-साथ सर्टिफिकेशन की व्यवस्था है। उच्च शिक्षा संस्थानों में भी कौशल आधारित पाठ्यक्रम के लिए 113 महाविद्यालयों का चयन किया गया है।

150 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में बनेंगी आधुनिक लैब: विद्यार्थियों के कौशल प्रशिक्षण के क्रेडिट उनके क्रेडिट बैंक में सम्मिलित किए जाएंगे। इससे विद्यार्थियों को रोजगार के साथ-साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा। टाटा टेक्नोलोजीज के सहयोग से 150 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आधुनिक कार्यशालाओं एवं कक्षा का निर्माण अंतिम चरण में है।

4 हजार करोड़ रुपये पीएमएवाई के लिए आवंटित। नगर विकास विभाग को बजट में 25,698 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

01 अरब रुपये कृषि क्षेत्र में नए कोर्सों के लिए प्रस्तावित। महात्मा बुद्ध कृषि विवि की स्थापना को 100 करोड़ का प्रस्ताव।

01 हजार करोड़ से खत्म होगी बाढ़ और जलभराव की समस्या। वर्ष 2021 में प्रारंभ की गई अमृत 2.0 योजना के लिए 4500 करोड़ रुपये की व्यवस्था।



1950 करोड़ से रुपये से होगा प्रदेश में खेल सुविधाओं का विकास

खेल बजट

लखनऊ। प्रदेश में खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने बजट में अनेक प्राविधान किए हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण प्राविधान विभिन्न जनपदों में खेल अवस्थापनाओं के विकास से जुड़ा है, जिसके लिए 1950 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। यह वित्तीय वर्ष 2023-24 के सापेक्ष 67 प्रतिशत अधिक है। इसके अतिरिक्त योगी सरकार ने आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में अध्ययनरत खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण की आवश्यकता को देखते हुए 50 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को 1.50 लाख प्रतिमाह मानदेय पर प्रशिक्षण के लिए आबद्ध किए जाने की व्यवस्था की है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में निजी सहभागिता से खेल अवस्थापनाओं के निर्माण के लिए 50 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है, जबकि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार योजना के लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। स्पोर्टस साइंस एंड इंजरी सेंटर की स्थापना के लिए 12 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके माध्यम से खिलाड़ियों की चोट का समुचित इलाज संभव हो सकेगा।

ऊर्जा: गर्मियों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए दो हजार करोड़ की व्यवस्था

लखनऊ, अमृत विचार : गर्मियों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए बजट में दो हजार करोड़ की व्यवस्था की गई है। पिछले साल की तुलना में यह 33 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही, निजी नलकूप उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर बिजली आपूर्ति के लिए 1800 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। यह चालू वित्तीय वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। बजट में बिजली के पारेषण तंत्र को मजबूत करने पर खासा जोर दिया गया है। नये वित्तीय वर्ष में पारेषण तंत्र की क्षमता बढ़ाकर 31,500 मेगावाट किये जाने का लक्ष्य है।

परिवहन : बसों का बेड़ा बढ़ाने को 500 करोड़

लखनऊ अमृत विचार : बस यात्रियों को सस्ती एवं गुणवत्ता पूर्ण यात्रा सुलभ कराने के उद्देश्य से सरकार ने बस बेड़ो में वृद्धि के लिए 500 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है। रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेश की महिला यात्रियों को निगम बसों में नि :शुल्क यात्रा प्रदान की जा रही है। वर्ष 2017 से वर्ष 2023 तक 1.03 करोड़ से अधिक महिला यात्रियों को नि :शुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की गई है। निर्भया योजना के अंतर्गत महिलाओं के लिए 50 वातानुकूलित पिंक सेवाएं संचालित हैं, जिसमें महिला यात्रियों की सुरक्षा हेतु सभी बसों में पैनिक बटन स्थापित है। किसी भी आपदा की स्थिति में यात्रारत महिलाएं उत्तर प्रदेश पुलिस की डायल 112 सेवा के निरंतर संपर्क में रहती है।

मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना समेत कई योजनाएं होंगी शुरू

कृषि-किसान

लखनऊ, अमृत विचार : कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए नये वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना व राज्य कृषि विकास योजना समेत कई योजनाएं शुरू होंगी। कृषि बजट में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि राज्य कृषि विकास योजना, विश्व बैंक सहायतित एग्रीज योजना व प्रदेश के विकास खंडों-ग्राम पंचायतों में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन-ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना की जाएगी। इन योजनाओं के लिए क्रमश: 200-200 करोड़ रुपये व 60 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना शुरू की जा रही है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल कृषि क्षेत्रफल 241.70 लाख हेक्टेयर है, जिसमें 160.95 लाख हेक्टेयर में खेती की जा रही है। सरकार ने प्रदेश में कृषि क्षेत्र की विकास दर 5.1 प्रतिशत प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। कृषकों के निजी नलकूपों को रियायती दरों पर बिजली आपूर्ति के लिए 2400 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है, जो वर्तमान वित्तीय वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है।

बेसिक के बच्चों की ड्रेस-बैग के लिए 1000 करोड़

बेसिक शिक्षा

बेसिक शिक्षा के तहत योगी सरकार ने कक्षा- एक से आठ तक अध्ययनरत लगभग 2 करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए नि :शुल्क स्वेटर एवं जूता-मोजा उपलब्ध कराने हेतु 650 करोड़ तथा स्कूल बैग हेतु 350 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। बेसिक शिक्षा के तहत छात्र/छात्राओं के लिए यूनीफार्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता मोजा एवं स्टेशनरी उपलब्ध कराने के लिए क्रय प्रक्रिया को बंद करते हुए डीबीटी के माध्यम से 1200 रुपये प्रति बच्चे की दर से धनराशि सीधे अभिभावकों के खाते में हस्तान्तरित की जा रही है। इसके अलावा, वंचित एवं दुर्बल वर्ग के 2 लाख से अधिक बच्चों को वित्तीय वर्ष 2024-2025 मे प्रवेश दिलाए जाने का लक्ष्य है, जिसके लिए 255 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसी के साथ ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वनटांगिया गांवों में 36 प्राथमिक विद्यालयों के संचालन के 144 पद सृजित किए गए हैं तो गरीबी रेखा से ऊपर के लगभग 30 लाख छात्रों को नि :शुल्क यूनिफार्म वितरण के लिए 168 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

तकनीक पर जोर, निजीकरण को प्रोत्साहन

माध्यमिक शिक्षा

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बजट में कई प्राविधानों की घोषणा की। इसमेंमाध्यमिक शिक्षा में आईसीटी लैब की व्यवस्था के साथ उच्च और प्राविधिक शिक्षा के तहत नए विश्वविद्यालय और राजकीय पॉलीटेक्निक के निर्माण की ओर ध्यान दिया गया है। सरकार का जोर तकनीकि के साथ निजाकरण पर ज्यादा दिखा। माध्यमिक शिक्षा के तहत, 2024-2025 तक प्रदेश के समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को आधारभूत सुविधाओं से लैस किए जाने एवं प्रत्येक राजकीय माध्यमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लास तथा आईसीटी लैब की व्यवस्था किए जाने के लिए समग्र शिक्षा योजना के तहत 516.64 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके साथ ही, सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के लिए 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। यही नहीं, नए राजकीय संस्कृत विद्यालयों की स्थापना के लिए 5 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। राजकीय संस्कृत विद्यालयों में छात्रावास एवं मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए 10.46 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वहीं, सैनिक स्कूल, गोरखपुर के संचालन के लिए 4 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

प्रत्येक राज्य विवि को मिलेगा 51.20 करोड़

उच्च शिक्षा

लखनऊ, अमृत विचार : उच्च शिक्षा में विंध्याचल धाम मंडल में मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय, मुरादाबाद मंडल मे एक राज्य विश्वविद्यालय तथा देवी पाटन मंडल में मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रत्येक विश्वविद्यालय हेतु 51.20 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। शिक्षा को प्रोत्साहित किए जाने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए 30 करोड़ रुपये, नए राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना तथा राजकीय महाविद्यालयों के निर्माणाधीन भवनों को पूर्ण किए जाने के लिए 55 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। दूसरी तरफ, प्राविधिक शिक्षा के तहत, प्रदेश में डिप्लोमा स्तरीय 169 संस्थाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

अयोध्या एयरपोर्ट का होगा विस्तार जेवर एयरपोर्ट के लिए 1150 करोड़

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए भी बजट में प्राविधान किये गये हैं। भारत सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस-उड़ान) तथा राज्य सरकार की उत्तर प्रदेश नागर विमानन प्रोत्साहन नीति के तहत धन खर्च किये जाने हैं। बजट में इस बात का भी उल्लेख है कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में हवाई यात्रा करने वालों की संख्या में 19.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी के लिए चयनित एयरपोर्ट्स अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती तथा चित्रकूट विकसित तथा म्योरपुर (सोनभद्र) व सरसावा (सहारनपुर) के एयरपोर्ट्स का कार्य गतिमान है। इसके अलावा अयोध्या में 'महर्षि वाल्मीकि अन्तरराष्ट्रीय हवाईअड्डा अयोध्या धाम' के विस्तार के लिए 150 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। साथ ही साथ हवाई पट्टियों के निर्माण, विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण एवं भूमि अर्जन के लिए 1100 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा गौतमबुद्ध नगर के जेवर में अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की स्थापना कार्य एवं भूमि क्रय के लिए 1150 करोड़ की व्यवस्था भी बजट में की गई है।

नजरिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति से यूपी वन ट्रिलियन डॉलर की मजबूत अर्थव्यस्था की ओर

श्रीराम को समर्पित बजट में लोकसभा चुनाव की छाप

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति की बदौलत देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश अब वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की मजबूत अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। बजट का सबसे खास पहलू यह है कि योगी सरकार ने अपना यह बजट मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की लोकमंगलकारी भावना को समर्पित किया है। स्वाभाविक है कि भगवान राम को समर्पित बजट से योगी के रामराज्य के संकल्प को आसानी से पूरा किया जा सकेगा।

वैसे आसान भाषा में समझने के लिए वन ट्रिलियन का मतलब दस खरब रुपये और वन ट्रिलियन डॉलर मतलब करीब 830 खरब रुपये की अर्थव्यवस्था से है। वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की अर्थव्यवस्था दुनिया की टॉप अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जाती है। शायद इसीलिए योगी सरकार ने बजट में एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सांख्यकीय प्रणालियों

(एसएसएस) की मजबूती एवं ऑनलाइन डेटा स्टोरेज और क्लाउड स्टोरेज की सुविधाओं की स्थापना का ऐलान किया है।

इसमें कोई शक नहीं कि यूपी की अर्थव्यवस्था की मजबूती से ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश की अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन डॉलर होने का संकल्प पूरा होगा। योगी सरकार ने वर्ष-2024-25 का अब तक सबसे बड़ा बजट पेश करके इस दिशा में एक कदम और बढ़ा दिया है। राज्य के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पेश सात लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपये (7,36,437.71 लाख रुपये) का बजट ऐतिहासिक है।

गोलेश स्वामी
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

बजट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि समाज के सभी वर्गों के कल्याण के साथ-साथ राज्य के विकास पर फोकस किया गया है। कुछ लोकलुभावन घोषणाओं से बजट में आगामी लोकसभा चुनाव की छाप भी नजर आती है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि 24,863.57 करोड़ रुपये की नई योजनाओं की बजट में व्यवस्था की गई है। साथ ही महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से एक ओर जहां मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत दी जाने वाली धनराशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दी गई है, वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए कल्याण कोष का गठन करके सरकार ने बुजुर्गों की दुआएं हासिल करने की व्यवस्था की हैं।

बजट में अयोध्या, काशी, मथुरा,-वृंदावन के साथ साथ नैमिषारण्य, विंध्यवासिनी धाम, देवापाटन धाम, और नाथ कोरिडोर बरेली में थीम आधारित बुनियादी ढांचे के विकास से यहां श्रद्धालुओं और धार्मिक पर्यटको खासी सुविधाएं मिल सकेंगी। ऐसा करके योगी सरकार ने विकास और धर्म के समन्वय का एजेंडा तैयार कर दिया है। इस तरह की दृढ़ इच्छा योगी सरकार ने कई विकास और धार्मिक योजनाओं में दिखाई है, जिसके बल पर योगी सरकार निश्चित रूप से आगामी वर्षों में वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने सफल हो सकेगी।

माघ कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मुरादाबाद
मंगलवार, 6 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 317, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

उम्रदराज नहीं, बल्कि युवा हमारा ब्रह्मांड 18

नील ने फिल्म मायावन का पहला शेड्यूल किया पूरा 17

यूपी टीईटी-2021 के विवादित प्रश्नों पर दें ग्रेस मार्क्स

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2021 की अंतिम उत्तर कुंजी में संशोधित और बदले हुए प्रश्नों के उत्तरों पर दर्ज आपत्तियों के मामले में दाखिल याचिकाओं पर कहा कि विवादित प्रश्न संख्या 8 और 141 पर याचियों को ग्रेस मार्क्स दिया जाए। तदनुसार नया परिणाम घोषित किया जाए। कोर्ट ने कहा कि विवादित प्रश्न संख्या 35 के संबंध में आपत्ति पर जोर नहीं दिया गया है और प्रश्न संख्या 25 के संदर्भ में कोई ऐसा तथ्य संलग्न नहीं किया गया है, जिससे उत्तर कुंजी की सत्यता पर संदेह किया जा सके। अतः उक्त प्रश्न के संबंध में कोई राहत नहीं दी जा सकती है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने प्रगति अग्रवाल और 57 अन्य के साथ दर्जनों याचिकाओं को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए दिया। सहायक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए यूपी टीईटी एक अर्हक पात्रता है। यह परीक्षा हर साल होती है। याचियों ने यूपी टीईटी- 2021 में भाग लिया था और उत्तीर्ण अंक प्राप्त करने की दहलीज पर थे। अंतिम उत्तर कुंजी में कुछ उत्तर पहले सही थे, लेकिन बाद में बदल दिए गए।

राज्यों को सिमी पर प्रतिबंध लगाने का मिला अधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना

केंद्र ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को आतंकवादी समूह 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) को आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित करने का अधिकार दे दिया। केंद्र सरकार ने 29 जनवरी को सिमी पर लगाए गए प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ा दिया था। आतंकी संगठन पर प्रतिबंध को विस्तारित करते हुए सरकार ने कहा था कि समूह देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने और शांति एवं सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने में शामिल रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक अधिसूचना में कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), 1967 की धारा 42 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार निर्देश देती है कि धारा 7 और 8 के तहत उसके द्वारा प्रयोग की जाने वाली सभी शक्तियों का इस्तेमाल राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेश प्रशासनों द्वारा भी गैरकानूनी संगठन सिमी के संबंध में किया जाएगा।

एक नजर

डीआरडीओ ने किया अभ्यास यान का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (हीट) - अभ्यास यान के चार सफल उड़ान परीक्षण किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि ये परीक्षण 30 जनवरी से दो फरवरी के बीच किए गए। ये परीक्षण चार अलग-अलग मिशन उद्देश्यों जैसे बूस्टर की सुरक्षित रिहाई, लॉन्चर क्लीयरेंस और लॉन्च वेग की गति के संबंध में किए गए। उड़ान परीक्षणों के दौरान आवश्यक सहनशक्ति, गति, गतिशीलता, ऊंचाई और सीमा जैसे विभिन्न मापदंडों को सफलतापूर्वक प्रमाणित किया गया।

ईवीएम का साफ्टवेयर सार्वजनिक करने की मांग

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को राज्यसभा में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का साफ्टवेयर सार्वजनिक करने की मांग करते हुए कहा कि इसके प्रति आम जनता का भरोसा कम हो रहा है। कांग्रेस के सदस्य दिग्विजय सिंह ने सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि ईवीएम के प्रति लोगों में भरोसा कम हो रहा है। चुनाव आयोग ने 28 राजनीतिक दलों को मिलने का समय नहीं दिया। उन्होंने कहा कि देश में वोट डालने का मकसद खत्म हो रहा है। उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग को ईवीएम का साफ्टवेयर सार्वजनिक करना चाहिए। वोटर यह अधिकार है।

विपक्ष का लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहने का संकल्प : मोदी

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर 14 घंटे तक चली चर्चा का प्रधानमंत्री ने दिया जवाब

कहा-विपक्ष की वर्तमान में जो हालत है इसके लिए कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी दोषी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर देश की बदहाली और भ्रष्टाचार को महिमामंडित करने का आरोप लगाया और कहा कि वह विपक्षी 'नामदारों' के ताने सुनते रहेंगे लेकिन कामदारों के साथ देश को आगे बढ़ाने, भ्रष्टाचार से लड़ने में लगे रहेंगे। मोदी ने संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर करीब 14 घंटे तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कांग्रेस पर प्रहार किए और कटाक्ष किया कि विपक्षी दल के सदस्यों के बयानों से विश्वास हो गया है कि उसने अरसे तक विपक्ष में बैठने का संकल्प ले लिया है। मोदी ने यह भी दावा किया कि अगले लोकसभा चुनावों में राजग को 400 से अधिक सीटें मिलेंगी लेकिन भाजपा को भी 370 सीटें अवश्य प्राप्त होंगी।

उन्होंने कहा कि देश के लोगों को पंडित जवाहर लाल नेहरू और कांग्रेस की गलतियों की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है और हम इसे सुधारने के लिए काम करते रहेंगे क्योंकि हमारे लिए 'राष्ट्र प्रथम' है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए यह बहुत बड़ा अवसर और नए आत्मविश्वास से आगे बढ़ने का मौका है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष की जो हालत है, इसकी सबसे बड़ी दोषी कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस को एक अच्छा विपक्ष बनने का बहुत बड़ा अवसर मिला था, लेकिन 10 वर्षों में ये उस दायित्व को निभाने में भी विफल हो गए।

पूरा देश कह रहा...अबकी बार 400 पार

मोदी ने कहा कि दूसरे कार्यकाल में देश की जनता की बहुत पुरानी आकांक्षाओं को पूरा किया। अनुच्छेद 370 को हटते देखा। नारीशक्ति वंदन अधिनियम लाए। अंतरिक्ष से ओलंपिक तक और सशस्त्र बलों से लेकर संसद तक नारीशक्ति की धूम है। अंग्रेजी सरकार के दंडात्मक कानून खत्म करके न्याय संहिता को लाया गया। अयोध्या में भगवान अपने घर में लौटे हैं। अब हमारी सरकार का तीसरा कार्यकाल भी बहुत दूर नहीं है। पूरा देश कह रहा है... अबकी बार 400 पार।

गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखे कांग्रेस : शर्मिष्ठा मुखर्जी

जयपुर। राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पार्टी को आत्मनिरीक्षण का सुझाव देते हुए पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोमवार को यहां पुरजोर शब्दों में कहा कि अब समय आ गया है कि नेतृत्व के लिए कांग्रेस पार्टी गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखे। शर्मिष्ठा ने विशेष बातचीत में कहा कि लोकसभा में कांग्रेस की सीटों की संख्या भले ही कम हो गई है, लेकिन कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में बहुत मजबूत उपस्थिति है। लेकिन इस उपस्थिति को कैसे मजबूत करना है? ये सवाल है। लेकिन इस पर विचार करना कांग्रेस नेताओं का काम है।

देंगे विकसित भारत के निर्माण को रफ्तार

उन्होंने पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम के 2014 के अंतरिम बजट के भाषण के हवाले से कहा कि भारत के 11वीं अर्थव्यवस्था बनने पर कांग्रेस को गर्व था लेकिन आज पांचवीं अर्थव्यवस्था बनने का मजाक उड़ाती है। दावा किया कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, यह मोदी की गारंटी है। कहा कि तीसरे कार्यकाल में हम विकसित भारत के निर्माण को नई गति देंगे।

कैबिनेट की बैठक में लिए कई अहम फैसले

चार निजी विवि की स्थापना को मंत्रिपरिषद ने दी मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट (मंत्रि परिषद) की बैठक में निजी क्षेत्र में चार विश्वविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम-2019 के तहत चंडीगढ़ विश्वविद्यालय उन्नाव, बोधिसत्व विश्वविद्यालय बाराबंकी, राधा गोविंद विश्वविद्यालय चंदौसी, संभल और जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा के ग्रेटर नोएडा परिसर में दूरस्थ केंद्र की स्थापना के लिए आशय पत्र जारी करने को मंजूरी दी।

यूपी कैबिनेट ने बस स्टेशन एवं कार्यशाला के लिए गाजियाबाद के लोनी में 2.049 हेक्टेयर जमीन राजस्व विभाग द्वारा परिवहन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। निजी सार्वजनिक सहभागिता (पीपीपी) मॉडल के तहत परिवहन निगम द्वारा बस स्टेशन व डिपो कार्यशाला आदि विकसित किए जाने के लिए हस्तांतरित की गई यह जमीन लोनी तहसील के ग्राम बेहटा, हाजीपुर में है।

▸▸ लोनी में बस स्टेशन के लिए निःशुल्क भूमि देने का फैसला

पर्यटन भूमि लीज के लिए बनाई जाएगी नीति

कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए कहा गया कि पर्यटन क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए तय सरकारी भूमि बैंक के भू-भाग को बाधामुक्त पट्टे की सुविधा के लिए नीति बनेगी। सिंचाई व जल संसाधन विभाग के निष्प्रयोज्य डाक बंगले निरीक्षण भवन पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने का फैसला भी लिया गया है। इनमें सोनभद्र स्थित विसुंदरी निरीक्षण भवन, कर्मा निरीक्षण भवन, निशोगी निरीक्षण भवन और लखीमपुर खीरी के ग्राम पन्योरा स्थित ओयल नहर कोठी का पर्यटन के लिए प्रयोग होगा।

नए शहरी क्षेत्रों में विद्युतीकरण के लिए देंगे 498 करोड़

कैबिनेट की बैठक में नए शहरों में विद्युतीकरण के लिए उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन को दूसरी किस्त का 498 करोड़ रुपये देने का फैसला किया गया। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत 346 निकायों में 179 ऐसे हैं जो नए, विस्तार और उच्चीकृत की श्रेणी के नहीं हैं, लेकिन अब इनको भी शामिल करते हुए दूसरी किस्त का पैसा देने का फैसला किया गया है।

पांच वर्ष होगा लोकायुक्त और उप लोकायुक्त का कार्यकाल

लखनऊ। योगी कैबिनेट की बैठक में लोकायुक्त और उप लोकायुक्त का कार्यकाल आठ वर्ष से घटाकर पांच वर्ष करने का फैसला किया है। इस संशोधन के लिए विधेयक लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उत्तर प्रदेश लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अधिनियम-1975 में लोकायुक्त और उप लोकायुक्त के निर्धारित पांच वर्ष के कार्यकाल को अपरिहार्य विशिष्ट परिस्थितियों तथा कार्यहित में छह जुलाई 2012 की अधिसूचना द्वारा संशोधित करते हुए आठ वर्ष निर्धारित किया गया था। कैबिनेट ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य व कार्यहित को देखते हुए आठ वर्ष का कार्यकाल अत्यधिक होने के कारण इसे लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम-2013 के सामान कार्यकाल पांच वर्ष अथवा सत्तर वर्ष की आयु जो पहले हो, का प्राविधान करने का फैसला किया।

चंडीगढ़ मेयर चुनाव प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

हम हैरान हैं, यह तो लोकतंत्र का माखौल

नई दिल्ली, एजेंसी

चंडीगढ़ महापौर चुनाव में मतपत्रों को कथित तौर पर विरूपित करने की घटना को उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को लोकतंत्र का माखौल करार देते हुए आदेश दिया कि मतपत्रों और चुनावी कार्यवाही के वीडियो को संरक्षित रखा जाए। आम आदमी पार्टी (आप) के एक पार्षद की याचिका का संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने नगर निकाय सहित चंडीगढ़ प्राधिकारियों को नोटिस जारी किए। आप के पार्षद ने चुनावों में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने चुनावी कार्यवाही का वीडियो देखने के बाद नाराजगी जताई और कहा कि प्रथम दृष्टया, निर्वाचन अधिकारी ने मत पत्रों को विरूपित किया।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह लोकतंत्र का माखौल है। जो कुछ हुआ उससे हम स्तब्ध हैं। हम लोकतंत्र की इस तरह हत्या नहीं करने देंगे। पीठ ने आदेश दिया कि मत पत्र और कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग संरक्षित रखी जाए। आप के एक पार्षद ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें चंडीगढ़ महापौर चुनाव नए सिरे से कराने के पार्टी के अनुरोध पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। भाजपा ने 30 जनवरी को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में कांग्रेस-आप गठजोड़ के खिलाफ जीत हासिल की थी। महापौर पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा के मनोज सोनकर ने आप के कुलदीप कुमार को हराया था। सोनकर को 16 जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को 12 वोट मिले थे। वहीं, आठ वोट को अवैध घोषित कर दिया गया था।

▸▸ मत पत्र और कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग सुरक्षित रखने के निर्देश

▸▸ आप के पार्षद ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती

न्याय की मांग को लेकर आप ने किया विरोध प्रदर्शन

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) ने मेयर चुनाव में हुई धांधली के खिलाफ सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि इस मामले में न्याय मिलने तक पार्टी भूख हड़ताल और विरोध प्रदर्शन जारी रखेगी। चंडीगढ़ के सह-प्रभारी डॉ. सनी अहलूवालिया ने कहा कि पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे आप कार्यकर्ताओं पर एक बार फिर बल प्रयोग किया और प्रदर्शन खत्म कराने के लिए आप नेताओं को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने कहा कि वे हमें डरा नहीं सकते। वे हमें हमारे लोकतंत्र और संविधान के लिए लड़ने से नहीं रोक सकते। उन्होंने कहा कि हमने प्रशासन से अनुरोध किया है कि भूख हड़ताल करने वाले हमारे केवल पांच लोग (चार कार्यकर्ता और एक पार्षद) सेक्टर 17 में नगर निगम भवन के सामने बैठेंगे।

केजरीवाल के खिलाफ समन रद करने से इनकार

मानहानि मामला

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मई 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी द्वारा प्रसारित एक कथित मानहानिकारक वीडियो को रीट्वीट करने संबंधी आपराधिक मानहानि मामले में आरोपी के रूप में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जारी समन को सोमवार को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने केजरीवाल को तलब करने वाले निचली अदालत के 2019 के आदेश को रद करने से इनकार करते हुए कहा कि मानहानिकारक सामग्री वाले सोशल मीडिया पोस्ट को रीट्वीट करना भारतीय दंड संहिता की धारा 499 के तहत मानहानि के समान होगा।

एयरपोर्ट पर डीएम की पत्नी का बैग गायब

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ दिल्ली से हैदराबाद जाते समय हुई घटना, बैग में थे आभूषण समेत 15 लाख रुपये के कीमती सामान

▸▸ बैग मिला न ही पत्राचार का दिया जवाब तो सिविल लाइंस थाने में मंजू सिंह ने दर्ज कराई एफआईआर

अमृत विचार : नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से हैदराबाद जाते समय जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की पत्नी मंजू सिंह का बैग गायब हो गया। इसमें आभूषण समेत करीब 15 लाख रुपये का कीमती सामान था।

घटना 28 जनवरी की है। बैग के संबंध में पत्राचार का कोई जवाब न मिलने पर उन्होंने रविवार रात सिविल लाइंस थाने में एयर इंडिया व एयरपोर्ट प्राधिकारी एवं संबंधित कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। मंजू सिंह ने संबंधित कर्मियों पर उन्हें गुमराह करने व धोखाधड़ी करके उनका बैग और उसमें रखे जेवर व अन्य कीमती वस्तुओं को गायब करने का आरोप लगाया है। मंजू सिंह का कहना है कि वे 28 जनवरी को सुबह 11.10 बजे के दौरान इंदिरा गांधी एयरपोर्ट के टर्मिनल-03 से एयर इंडिया की फ्लाइट-एआई-0522 से हैदराबाद जा रही थीं। उन्होंने एयरपोर्ट पर प्रवेश किया तो बाहर खड़े कर्मियों ने उन्हें प्राप्ति रसीद देकर उनसे बैग ले लिया और उसी फ्लाइट के कार्गो से गंतव्य स्थान तक पहुंचा देने का भरोसा दिया। मंजू का कहना है कि कर्मियों ने बैग से कीमती सामान निकालने का मौका नहीं दिया, जल्दबाजी में उनके हाथ से बैग ले लिया। बैग में उनके कीमती जेवरात, नकद रुपये और अन्य सामान थे। इनकी कीमत उन्होंने करीब 15 लाख रुपये बताई है। उन्होंने बताया कि रसीद मिलने से बैग की सुरक्षा को लेकर वह बेफिक्र होकर फ्लाइट में सवार हो गई थीं। वह 1.20 बजे हैदराबाद पहुंची थीं। वह एयर इंडिया कर्मियों के बताए गए बेल्ट संख्या-37बी पर पहुंचीं किंतु काफी इंतजार के बाद भी उनका बैग वहां नहीं पहुंचा। उन्होंने एयरपोर्ट कर्मियों को बैग से संबंधित रसीद दिखाई तो बोले कि सामान प्राप्त होते ही खबर दी जाएगी। लेकिन, काफी इंतजार के बाद भी खबर नहीं आई। घटना के दिन से लगातार वह एयर इंडिया व एयरपोर्ट कर्मियों से बैग के बारे में पत्राचार करती रहीं लेकिन संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। ऐसे में उन्होंने रविवार रात में मुरादाबाद सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज कराया है।

> मंजू सिंह की तरफ से एयर इंडिया व दिल्ली एयरपोर्ट के कर्मियों के विरुद्ध जालसाजी एवं धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जांच के लिए पुलिस टीम गठित कर एयरपोर्ट पर भेजी जाएगी। जो भी तथ्य मिलेंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> -**अर्पित कपूर**, सीओ, सिविल लाइन।

स्कूल बस की चपेट में आकर दो साल के बच्चे की गई जान

रेहड़ (बिजनौर)। क्षेत्र के गांव सिरियावाली में स्कूल बस की चपेट में आने से दो वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने मोहल्ले की महिला पर बच्चे को बस के आगे धक्का देने का आरोप लगाया है।

गांव सिरियावाली निवासी प्रदीप कुमार का दो वर्षीय पुत्र तनुज घर के बाहर खेल रहा था। बताया जाता है कि स्कूल की बस बच्चों को लेने के लिए आ रही थी। इस दौरान तनुज बस की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी धर्म सिंह मर्छाल व सीओ अफजलगढ़ अर्चना सिंह मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। परिजनों ने मोहल्ले की ही एक महिला पर बच्चे को बस के आगे धक्का देने का आरोप लगाया है। जबकि महिला ने रंजिशन फंसाने की बात कही है। एएसपी पूर्वी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जा रही है।

▸▸ परिजनों ने मोहल्ले की महिला पर लगाया बच्चे को बस के आगे धक्का देने का आरोप

उपलब्धि शंकर महादेवन, गणेश राजगोपालन, सेल्वागणेश को संगीत एल्बम के लिए मिला अवार्ड

ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024 में भारत ने दिखायी 'शक्ति', पांच भारतीयों ने जीते पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ तबला वादक जाकिर हुसैन को 3 और बांसुरी वादक राकेश चौरसिया को दो पुरस्कार

भारत ने संगीत के क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित 'ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024' में अपना जलवा बिखेरा और मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन तथा बांसुरी वादक राकेश चौरसिया समेत पांच भारतीय संगीतकारों ने पुरस्कार जीते। हुसैन ने तीन ग्रैमी पुरस्कार अपने नाम किए जबकि राकेश चौरसिया ने दो पुरस्कार जीते। गायक शंकर महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम के एक फ्यूजन संगीत समूह 'शक्ति' ने 'दिस मूमेंट' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता। इस एल्बम में संगीत समूह के संस्थापक सदस्य ब्रिटिश गिटार वादक जॉन मैकलॉघलिन के साथ हुसैन, महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम शामिल हैं। 'शक्ति' का 45 से अधिक वर्षों में पहला स्टूडियो एल्बम 'दिस मूमेंट' जून 2023 में रिलीज किया गया था।

संगीत के क्षेत्र के सबसे बड़े पुरस्कार ग्रैमी अवॉर्ड्स का आयोजन करने वाली रिकॉर्डिंग एकेडमी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के अपने पेज पर यह घोषणा की। पोस्ट में सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम विजेता 'दिस मूमेंट' शक्ति को बधाई। हुसैन को शक्ति के अलावा 'पश्तो' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रस्तुति और 'एज वी स्पीक' के लिए सर्वश्रेष्ठ समसामयिक वाद्य एल्बम का अवार्ड भी मिला। सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत श्रेणी में आठ नामांकन थे जिसमें फालू का गीत अबन्डंस इन मिलेट्स शामिल था। इस गीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी दिखाई दिए हैं।

प्रेम और संगीत के बिना हम कुछ भी नहीं : हुसैन

महान बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया के भतीजे राकेश चौरसिया ने अमेरिका के बेंजो वादक बेला फ्लेक और अमेरिकी बास वादक एडगर मेयेर के साथ 'पश्तो' और 'एज वी स्पीक' के लिए दो ग्रैमी पुरस्कार जीते। उस्ताद जाकिर हुसैन ने 'पश्तो' के लिए पुरस्कार लेते वक्त कहा कि प्रेम और संगीत के बिना हम कुछ भी नहीं हैं। कहा कि एकेडमी का शुक्रिया, हमें आज यह खूबसूरत संगीत देने के लिए इन सभी महान संगीतकारों का शुक्रिया।

शंकर महादेवन ने पत्नी को दिया जीत का श्रेय

महादेवन, राजगोपालन और सेल्वागणेश पुरस्कार लेने के लिए मंच पर आए जबकि मैकलॉघलिन समारोह में शामिल नहीं हुए और जाकिर हुसैन एक और ग्रैमी पुरस्कार जीतने के बाद मंच के पीछे थे। महादेवन ने इस जीत का श्रेय अपनी पत्नी संगीता को देते हुए कहा कि हम आपको याद कर रहे हैं जॉन जी। जाकिर हुसैन, उन्होंने आज एक और ग्रैमी पुरस्कार जीता है। ब्वॉयज, ईश्वर, परिवार, दोस्तों और भारत का शुक्रिया। राजगोपालन ने इस पुरस्कार के लिए रिकॉर्डिंग एकेडमी का आभार जताया।

'शक्ति' के कलाकारों को प्रधानमंत्री ने दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीतने पर मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन और गायक शंकर महादेवन सहित उनकी पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि उनकी इस उपलब्धि पर भारत को गर्व है। 'शक्ति' ने 'दिस मूमेंट' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता है।

ग्रैमी में भारत पर पुरस्कारों की बारिश : एआर रहमान

स्लमडॉग मिलेनियर के लिए 2008 में दो ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाले एआर रहमान ने इंस्टाग्राम पर हुसैन, महादेवन और सेल्वागणेश के साथ एक सेल्फी साझा की। जाने-माने संगीतकार रहमान ने अपने पोस्ट में कहा, भारत के लिए ग्रैमी में बरसात हो रही है...ग्रैमी विजेताओं उस्ताद जाकिर हुसैन (तीन ग्रैमी), शंकर महादेवन (पहला ग्रैमी) और सेल्वागणेश (पहला ग्रैमी) को बधाई।

एक नजर

15 फरवरी तक दें कटौती की सहमति

मुरादाबाद, अमृत विचार : कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशन धारक जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में आयकर की परिधि में आते हों। वे सभी पेंशनर्स वित्तीय वर्ष 2023-24 (कर निर्धारण वर्ष 2024-25) में आयकर की कटौती कराने के लिए अपनी सहमति 15 फरवरी तक पैनकार्ड की छायाप्रति के साथ डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर कोषागार कार्यालय में उपलब्ध करा दें। अन्यथा की दशा में नयी कर प्रणाली के अन्तर्गत गणना कर स्रोत पर आयकर की धनराशि को आगामी माह में देय पेंशन से औसत के आधार पर कटौती करते हुए अग्रिम कार्यवाही कर ली जाएगी। मुख्य कोषाधिकारी ने सभी से समय से अपनी सहमति देने के लिए कहा है।

सदर विकास खंड में आज लगेगा दिव्यांग शिविर

मुरादाबाद, अमृत विचार : दिव्यांग प्रमाणपत्र के लंबित आवेदन पत्रों के निस्तारण व ऐसे दिव्यांगजन जिनके अभी तक दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी नहीं हुए हैं उनके लिए जिले के हर विकास खंड में शिविर लगाया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने बताया कि 8 व 9 फरवरी को सदर विकास खंड सभागार में शिविर लगेगा। जबकि 13 व 14 फरवरी को विकास खण्ड सभागार ठाकुरद्वारा में, 15 व 16 फरवरी को विकास खण्ड सभागार डिलारी में, 17-18 को विकास खण्ड सभागार भगतपुर टांडा में, 21 व 24 फरवरी को विकास खण्ड सभागार मूंढापांडे, 23 व 24 को विकास खण्ड सभागार कुंदरकी और 27 व 28 फरवरी को बिलारी और 29 फरवरी व 1 मार्च को विकास खण्ड सभागार छजलैट में दिव्यांग प्रमाणपत्र (यूडीआईडी) बनाने के लिए शिविर लगेगा।

रोजगार मेलों का आयोजन 12 फरवरी से

मुरादाबाद, अमृत विचार : इस महीने हर विकास खण्ड में रोजगार मेलों का आयोजन उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की ओर से किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने बताया कि 12 फरवरी को राजकीय आईटीआई परिसर मुरादाबाद में शिविर लगेगा। जबकि 14 फरवरी को खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर छजलैट में, 17 को खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर ठाकुरद्वारा में, 19 को डिलारी में, 21 को राजकीय आईटीआई बिलारी परिसर में, 22 को खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर कुंदरकी में, 23 फरवरी को खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर मूंढापाण्डे और 24 फरवरी को खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर भगतपुर टांडा में रोजगार मेले का आयोजन होगा।

ग्राम पंचायतों में ली क्षय रोगियों की जानकारी

मुरादाबाद, अमृत विचार : टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद स्तरीय टीम ने तहसील की 10 ग्राम पंचायतों में जाकर क्षय रोगियों की स्थिति का आंकलन किया। क्षय रोगियों के बारे में जानकारी ली। टीम ने ग्राम पंचायत बैजनाथपुर, दारापुर विजय, रामपुर, शहबाजपुर कलां, शेरपुर पट्टी, बहादुरगंज प्रतापपुरा, कुआंखेड़ा आदि का भ्रमण किया। टीम सत्यापन की रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी को देगी। जिसके आधार पर क्षय रोग मुक्त ग्राम पंचायत का निर्धारण डीएम के स्तर पर किया जाएगा। टीम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार कुरैचया, डॉ. श्वेता, डॉ. मोहम्मद जावेद, एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह के अतिरिक्त जितेंद्र सिंह, शेषनाथ सिंह आदि शामिल रहे।

सत्ता पक्ष ने लोक कल्याणकारी, विपक्ष ने ख्याली पुलाव बताया

यूपी बजट : मुरादाबाद में सरकारी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए बजट को बताया मील का पत्थर

कोर्ट रोड स्थित दुकान पर टीवी पर बजट देखते लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में सोमवार को बजट प्रस्तुत कर कई कल्याणकारी घोषणाएं कीं। परिवहन, पर्यटन को गति देने के लिए कई उपाय बजट में किए हैं। इस बजट को सत्ता पक्ष से जुड़े प्रतिनिधि लोक कल्याणकारी बता रहे हैं तो विपक्ष इसे ख्याली पुलाव बताकर चुनाव के लिए फेंका गया पासा करार दिया। बजट को देखने के लिए लोग सुबह से ही टीवी स्क्रीन व मोबाइल, लैपटॉप पर लगे रहे। जैसे जैसे बजट के पन्ने वित्तमंत्री ने पलटे लोगों ने अपने हिसाब से इसका आंकलन किया।

खेल विशेषज्ञों ने बजट को सराहा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: योगी आदित्यनाथ सरकार का सोमवार को आठवां बजट वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में पेश किया। इसमें यूपी में खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने बजट में अनेक प्रावधान किए हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान विभिन्न जनपदों में खेल अवस्थापनाओं के विकास से जुड़ा है, जिसके लिए 195 करोड़ रुपये की व्यवस्था बजट में की गई है। खिलाड़ी, कोच और खेल विशेषज्ञों ने बजट की सराहना की है। उनका कहना है कि सरकार का यह कदम प्रदेश में क्रांति लाएगा।

अब खिलाड़ी वर्ष में कई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेल सकेंगे। जाहिर है बजट बढ़ा है तो प्रतियोगिताएं भी ज्यादा होंगी। 50 करोड़ के बजट से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। - **डॉ. अजय पाठक,** संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ

विपक्ष ने चुनावी तो सत्ता पक्ष ने विकासोन्मुखी बताया

लोक कल्याणकारी बजट है। हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। मुरादाबाद में सरकारी विश्वविद्यालय के लिए सरकार ने बजट जारी कर दिया है। जल्द ही प्रशासनिक भवन बनने के साथ अन्य पदों पर नियुक्तियां भी होंगी। छात्रों को सहूलियत मिलेगी।
- **रितेश गुप्ता,** नगर विधायक

बजट अभूतपूर्व है। अब तक का सबसे बड़ा बजट है। मुरादाबाद में सरकारी विश्वविद्यालय को सरकार ने बजट में 51.20 करोड़ रुपये और जारी कर दिए। अप्रैल से विश्वविद्यालय संचालित होने लगेगा जिससे मंडल के लाखों छात्रों के लिए उच्च शिक्षा सुलभ होगी।
- **डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त,** एमएलसी

बजट लोक कल्याणकारी है। किसान, नौजवान, चिकित्सा, सुरक्षा हर क्षेत्र में सरकार ने विकास को प्राथमिकता दी है। इस बजट से प्रदेश के विकास को और गति मिलेगी। शिक्षा, धार्मिक पर्यटन, परिवहन पर विशेष जोर दिया गया है।
- **आकाश पाल,** जिलाध्यक्ष भाजपा

बजट में सरकार ने जनता के साथ धोखा किया है। रोजगार देने की कोई चर्चा इसमें नहीं की गई है। किसानों को बिजली मुफ्त मिले, उनका बिजली का बिल माफ होना चाहिए। केवल पानी से किसानों का भला नहीं होने वाला है। बजट में किसी वर्ग का भला नहीं है।
- **डीपी यादव,** जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी

बजट से उम्मीद लगाए जन सामान्य को निराशा मिली है। किसानों के लिए कुछ नहीं दिया गया है। गन्ना मूल्य में और बढ़ोतरी की आस रखने वाले किसानों में निराशा है। महंगाई से राहत की कतई उम्मीद इस बजट से नहीं हैं।
- **असलम खुर्शीद,** जिलाध्यक्ष कांग्रेस

बजट सिर्फ ख्याली पुलाव है। जनता की मूलभूत सुविधाओं का कोई वादा सरकार ने पूरा नहीं किया। बेरोजगारी मिटाने का कोई उपाय इस बजट में नहीं है। यह बजट केवल चुनाव जीतने के लिए आंकड़ों का महज खेल है।
- **डॉ. सुनील आजाद,** जिलाध्यक्ष बसपा

राज्य का यह बजट खिलाड़ियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। खिलाड़ियों के सम्मान के लिए धनराशि का प्रस्ताव बहुत ही सराहनीय है। इससे खिलाड़ियों की खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी।
- **प्रेम कुमार,** जिला क्रीड़ा अधिकारी

प्रदेश में सबसे ज्यादा प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। इस बजट से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे आने के लिए नया मंच मिलेगा। गांवों में मिनी स्टेडियम तैयार हो रहे हैं। खिलाड़ियों के भविष्य के लिए बजट लाभकारी है।
- **बदरुद्दीन सिद्दिकी,** क्रिकेट कोच

खेलों के लिए यह बजट ऐतिहासिक है। पहले पैसे न होने की वजह से बहुत कम प्रतियोगिताएं आयोजित होती रही हैं। लेकिन, अब 3 से 4 प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिससे खिलाड़ियों को कई अवसर मिलेंगे।
- **सचिन विश्नोई,** फुटबॉल कोच

मुरादाबाद में सरकारी विश्वविद्यालय के लिए बजट में प्रावधान करने का स्वागत करता हूं। जिले व मंडल के विकास के लिए जो भी कार्य होंगे वह जनता के लिए हैं। इसके राजनीतिक निहितार्थ नहीं होने चाहिए। महंगाई की अनदेखी से लोगों का बजट गड़बड़ होता है। इस पर ध्यान होना चाहिए। - **डॉ. एसटी हसन,** सांसद, समाजवादी पार्टी

विश्वविद्यालय के लिए प्रदेश सरकार ने बजट में जो धनराशि दी है वह स्वागत योग्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार प्रदेश का चतुर्दिक विकास कर रही है। हर वर्ग का ख्याल सरकार को है। - **विनोद अग्रवाल,** महापौर

किसी ने सराहा, तो किसी को रास नहीं आया राज्य का बजट, किसानों ने नाकाफी बताया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

बजट

- **अधिकांश किसान नाखुश, बोले किसानों के साथ किया छल**
- **गन्ने का मूल्य न बढ़ाने से किसानों में निराशा**

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश विधानसभा में सोमवार को राज्य का बजट पेश किया गया है। इसमें कई नई परियोजनाओं को लागू करने पर जोर दिया गया है। बजट में बच्चों, बुजुर्गों, वयस्कों, महिलाओं और गरीबों पर ध्यान देने के साथ ही अयोध्या पर्यटन, काशी और मथुरा पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पेश किए गए बजट का आकार 7,36,437 करोड़ रुपये रहा। बजट से जनपद के कुछ किसानों में खुशी देखने को मिली तो कुछ निराश हुए। सबसे ज्यादा किसानों को गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी न होने से निराशा मिली।

बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के साथ किसानों का भी ध्यान रखा गया है। इसमें प्रदेश में औसत गन्ना उत्पादकता 72 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 84 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर हो गई है। नंद बाबा दुग्ध मिशन योजना के लिए 14 करोड़ 21 लाख रुपये प्रस्तावित हैं। पशुधन जोखिम बीमा 78 करोड़ 55 लाख रुपये प्रस्तावित हैं। - **प्रदीप सक्सेना,** प्रदेश कार्य समिति सदस्य, किसान मोर्चा

प्रथम बजट 1951 में किसान को 50 प्रतिशत हिस्सेदारी मिली। भारत सरकार ने 2023-24 के बजट में किसानों की हिस्सेदारी 3 प्रतिशत कर दी। सरकार को तो फल से लेकर फूल तक अनाज से लेकर मूंगफली तक स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सी टू 50 के फार्मूले के अनुसार गारंटी कानून बनना चाहिए।
- **चौ. यशपाल सिंह,** मंडल उपाध्यक्ष, भाकियू

किसानों के सामने घर चलाने और अपना जीवन यापन करने में समस्या आ रही हैं। सरकार को सबसे पहले छुट्टा पशुओं के बारे में कोई ठोस उपाय करने होंगे। हर बार किसान को न मिलने वाली योजनाएं लागू कर दी जाती हैं। किसानों तक योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पा रहा है।
- **रोहित देवल,** किसान, ग्राम पसियापुरा भगतपुर

उत्तर प्रदेश में अधिकांश किसान गन्ने की खेती करते हैं। बीते कुछ समय में जिस तरह महंगाई बढ़ रही है। सरकार को उसकी तर्ज पर गन्ना का दाम देना चाहिए था। लेकिन सरकार ने 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर किसानों के साथ छल किया है। साथ ही किसानों की फसलों पर सरकार को एमएसपी गारंटी कानून लागू करना चाहिए।
- **मोहित चीमा,** महानगर अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन

प्रतिक्रिया

प्रदेश सरकार द्वारा जारी किया गया बजट काफी अच्छा है। इसमें जिले को दो बड़ी सौगात मिलेगी। बजट में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा है कि मुरादाबाद में जल्द ही हवाई सेवा शुरू हो जाएगी और विश्वविद्यालय के लिए भी बजट में मंजूरी दी गई हैं। - **नोमान आदिल,** निर्यातक

बजट में निर्यात के बढ़ने की उम्मीद है। वहीं निर्यातक सरकार से रोड टेप की दरें बढ़ाने की उम्मीद बनाए हुए हैं। सरकार निर्यातकों के हित में नई स्कीम को इस बजट में शामिल करना चाहिए।
- **नवेद खान,** निर्यातक

यूपी सरकार के बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। सबसे अच्छी बात जनपद को विश्वविद्यालय की सौगात मिल गई है। निर्यात प्रोत्साहन को बेहतर सोच है। - **आकांक्षा गर्ग,** निर्यातक

पुरानी तहसील के पास राजकीय विश्वविद्यालय के लिए धनराशि आवंटित करने पर मिठाई बांटते व्यापारी। ● अमृत विचार

विवि निर्माण को धनराशि मिलने पर बांटी मिठाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिले में राजकीय विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए धनराशि की घोषणा से व्यापारी बहुत खुश हैं। व्यापारियों का कहना है कि विश्वविद्यालय के निर्माण के बाद पूरे जनपद का व्यापार बढ़ेगा। बाहर से आने वाले छात्र-छात्राएं यहां पढ़ाई करने के लिए जनपद में आकर रहेंगे।

बाजारों में लोगों की संख्या बढ़ेगी। होटल, कपड़ा, खाद्य सामग्री की दुकानों का व्यापार बढ़ेगा। विश्वविद्यालय निर्माण से मुरादाबाद का विकास निश्चित है। चौमुखा पुल पर स्थित कश्मीर हाउस के स्वामी ने अपनी दुकान के बाहर मिठाई का वितरण किया। अमरोहा गेट पर व्यापारी विपिन गुप्ता ने लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया।

- **जिले के युवाओं को उच्च शिक्षा की मिलेगी सुविधा**



प्रदेश स्तर पर सरकार ने व्यापारियों के लिए कोई खास घोषणा नहीं की है। राज्य सरकार ने मुरादाबाद में विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए 51 करोड़ 20 लाख की धनराशि की घोषणा की है। जो कि महानगर के व्यापारियों के लिए खुशी की बात है।
- **सुनील कत्याल,** महानगर अध्यक्ष (उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन)

शिवेंद्र गुप्ता।

प्रीतम सिंह।

बजट पर आईं मिली-जुली प्रतिक्रियाएं

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के नेता प्रीतम सिंह ने कहा कि प्रस्तुत बजट किसान मजदूर विरोधी है और कारपोरेट एवं बड़ी-बड़ी कंपनियों का पक्षधर है। बजट में किसानों, मजदूरों और बेरोजगार युवाओं को लाभान्वित करने की योजनाएं नहीं के बराबर हैं। वही भाजपा के पूर्व नगराध्यक्ष एवं आटो व्यवसायी शिवेंद्र गुप्ता के अनुसार सर्वसमाज अर्थात युवा, गरीब, महिला व किसान को छूने वाला सर्वस्पर्शी बजट है। भारत का मूल धर्म आध्यात्मिकता रहा है। उसको ही बढ़ावा देने वाला बजट है।

मुख्यमंत्री से मुलाकात करते नगर विधायक रितेश गुप्ता।

मुख्यमंत्री से बस अड्डों को महानगर से बाहर करने की मांग

मुरादाबाद, अमृत विचार : नगर विधायक रितेश गुप्ता ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने महानगर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए चारों बस अड्डों को महानगर की परिधि से दो किलोमीटर बाहर शिफ्ट कराने की मांग की। नगर विधायक ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलकर इस समस्या का समाधान कराने की मांग रखी है। उन्हें बताया कि रामपुर रोड महानगर का मुख्य मार्ग है। इस पर दो किलोमीटर के परिधि में 4 बस अड्डे और रेलवे स्टेशन आता है। जिससे कई बार भीषण जाम की समस्या होती है।

राज्य कर्मचारी बोले, हमें तो सरकार ने निराश किया

प्रदेश सरकार का बजट औसत है। महंगाई नियंत्रण का कुछ संकल्प होना चाहिए था। महिला पेंशनधारियों की धनराशि 500 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमाह कर दी गयी है। यह योजना निराश्रित महिलाओं को लाभ पहुंचाएगी। पर्यटन, कृषि और शहरी विकास के लिए अच्छे संकल्प व्यक्त किए गए हैं। राज्य कर्मियों के लिए विशेष घोषणा नहीं हुई है। - **सचिन श्रीवास्तव,** राज्य कर्मचारी (संभागीय परिवहन विभाग)

केंद्रीय बजट कर्मचारियों को उदास कर गया और राज्य सरकार ने भी छल किया है। राज्य और निगम कर्मियों को उम्मीद थी कि सरकार पुरानी पेंशन की बात मानेगी। मगर ऐसा नहीं हुआ। यह राज्य और केंद्र सरकार का कर्मचारियों के साथ विश्वासघात है। इसका कुप्रभाव आने वाले चुनाव में सरकार को भुगतना पड़ेगा। केवल बातों से प्रदेश आर्थिक रूप से समृद्ध नहीं होगा। - **श्रीकांत यादव,** अध्यक्ष (राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद)

कर्मचारी को सरकार से बहुत उम्मीद थी लेकिन, निराशा हाथ लगी है। प्रदेश का 7.36 लाख करोड़ का बजट पास हुआ है। सभी क्षेत्र को पर्याप्त धन आवंटित हुआ है। कर्मचारी भी इसी व्यवस्था का हिस्सा है। हम सभी सेवा और चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य निष्ठा के साथ करते हैं। चिंता की बात है कि सरकार हमें भूल गयी। बजट में कर्मचारी विषय की चर्चा तक नहीं हुई है। - **चंद्रभान सिंह,** क्षेत्रीय अध्यक्ष (रोडवेज कर्मचारी परिषद)

राज्य कर्मचारियों के साथ सरकार का व्यवहार ठीक नहीं है। कोरोना काल में 18 माह का महंगाई भत्ता सरकार ने रोक रखा है। उम्मीद थी कि डीए भी घोषित हो जाता। जबकि, कई साल से कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर सरकार से लड़ रहे हैं। इस विषय पर राज्य सरकार द्वारा केंद्र को सुझाव दिया जा सकता है। बजट ने निराश किया है।
- **सैयद आसिफ हुसैन,** मंडल मंत्री (राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद)

बजट में आमदनी का जरिया नहीं बढ़ा

मुरादाबाद, अमृत विचार: सोमवार को राज्य का आठवां बजट वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में पेश किया। जिसपर महानगर की महिलाओं की मिश्रित प्रतिक्रिया आई हैं। आओ हाथ बढ़ाएं-एक पहल मदद की, की अध्यक्ष गीतांजली पांडेय ने कहा कि इस बार के प्रदेश के बजट से उम्मीद थी कि महिलाओं के लिए कुछ खास होगा। रसोई और गृहस्थी का खर्च कुछ घटेगा व आमदनी का जरिया बढ़ेगा। मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ। वहीं रामगंगा विहार निवासी सरिता ने कहा कि यह बजट गृहिणियों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। निराश्रित महिलाओं की पेंशन की धनराशि पहले ही बढ़ाई गई थी। दीनदयाल निवासी रकुल ने कहा कि किसानों के लिए बढ़िया बजट कहा जा सकता है। मगर महिलाओं की रसोई और गृहस्थी के लिए नहीं।

प्रतिक्रिया — जनपद के राजकीय विश्वविद्यालय को 51.20 करोड़ रुपये का बजट मिलने पर उत्साह

बेहतर और उच्च शिक्षा के अवसर प्राप्त होंगे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश विधानसभा में सोमवार को राज्य का बजट पेश किया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पेश किए गए बजट में वैसे तो किसानों, गरीबों, महिलाओं और युवाओं के लिए कई योजना आई। लेकिन, जनपद के युवाओं की खुशी जब सातवें आसमान पर पहुंच गई, जब जनपद के राजकीय विश्वविद्यालय को 51.20 करोड़ रुपये का बजट मिला। युवाओं का कहना है कि सरकार का यह फैसला प्रशंसनीय है। इससे जनपद के युवाओं को अपने भविष्य को बेहतर करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। साथ ही रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

मुरादाबाद को पिछले बजट सत्र में ही सरकारी विवि मिल गया था जिसके लिए धन भी आवंटित कर दिया था और अब विवि के लिए जमीन भी तलाश कर ली गयी है। इस बजट सत्र में भी राजकीय विवि मुरादाबाद के लिए 51.20 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। - **कुशल शर्मा,** वरिष्ठ छात्र नेता

उत्तर प्रदेश का यह बजट सर्वाधिक आबादी वाले राज्य को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के लिहाज से समावेशी विकास और धार्मिकता से अर्थपूर्ति की ओर देखता बजट है। इसमें समान रूप से शिक्षा और स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास किया है। - **रजत मिश्रा,** अधिवक्ता

बजट में स्मार्ट फोन और स्पोर्ट्स के लिए धन आवंटित कर प्रदेश सरकार ने युवाओं को सौगात दी है यह बजट युवाओं को आत्मनिभर बनाने की ओर अग्रसर करेगा। अभाविप सरकार का आभार व्यक्त करता है। विश्वास है कि शीघ्र ही विवि का निर्माण कार्य पूर्ण होगा। - **राजन गौतम,** छात्र

अभाविप के अथक प्रयासों और समर्पण के फलस्वरूप मुरादाबाद को विश्वविद्यालय की सौगात दी गई थी। आज मुरादाबाद विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 51 करोड़ रुपये आवंटित करने में तत्परता दिखाना सरकार की शिक्षा के प्रति दूरदर्शिता का प्रमाण है। यह विश्वविद्यालय निश्चित रूप से जिले के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उनके भविष्य को एक नया आकार देने में समर्थ होगा।
- **अमन शर्मा,** विभाग संयोजक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

शहर में आज

- दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी की कार्यकारिणी चुनाव के लिए नामांकन बार एसोसिएशन के हाल में पूर्वाह्न 11:00 बजे से।
- दिल्ली रोड स्थित ब्रेड फैक्ट्री के पास श्रीराम कथामृत महोत्सव के अन्तर्गत कथा अपराह्न 3:30 बजे।
- कालीमाता मंदिर लालबाग में सायंकालीन आरती 6:00 बजे।

एक नजर

कुंभ एक्सप्रेस का इंतजार पड़ा भारी, हंगामा

मुरादाबाद, अमृत विचार : लंबी दूरी की ट्रेनों का देरी से चलने का क्रम सोमवार को भी जारी रहा। कुंभ एक्सप्रेस की प्रतीक्षा में बैठे यात्री पूछताछ केंद्र और स्टेशन मास्टर कक्ष में पहुंचकर हंगामा करने लगे। कुंभ एक्सप्रेस 10:24 मिनट की देरी से पहुंची। सहरसा से चलने वाली गरीब रथ भी सुबह 1:44 मिनट विलंब से आई। सुबह देरी से चलने वाली ट्रेनों ने यात्रियों को परेशान किया। उधर, दोपहर बाद की श्रमजीवी सुपरफास्ट 1घंटे 14 मिनट, दून एक्सप्रेस 3 घंटा 12 मिनट, माता वैष्णोदेवी साप्ताहिक एक्सप्रेस 2 घंटे 15 मिनट, बेगमपुरा एक्सप्रेस 45 मिनट देरी से आई।

मारपीट के चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद, अमृत विचार : घर में घुसकर मारपीट करने वाले एक परिवार के चार आरोपियों के विरुद्ध मूंढापांडे थाना पुलिस ने नामजद एफआईआर दर्ज की है। इसमें सीताराम के बेटे पप्पू व भानू प्रताप और धर्म सिंह व कैलाश नामजद हैं। ये लोग खाईखेड़ा गांव के रहने वाले हैं।

पीड़ित पक्ष के नरेश की पत्नी रेखा ने थानाध्यक्ष को बताया है कि शनिवार शाम पांच बजे के दौरान उनके ससुर शंकर लाल खाना खा रहे थे, उसी दौरान आरोपी पप्पू के बेटे अरविंद की गेंद आकर ससुर के चेहरे पर लगी थी। जिस पर उन्होंने अरविंद को डांटा था और दूर जाकर खेलने को कह दिया था। लेकिन, थोड़ी देर बाद अरविंद के पिता पप्पू, चाचा भानू प्रताप और धर्म सिंह व कैलाश ने रेखा के घर धावा बोल दिया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि रेखा की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज किया है।

हत्या मामले में पिता-पुत्र समेत पांच को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

न्याय

- गोविंद सिंह हत्याकांड में 13 साल बाद आया कोर्ट का फैसला
- लाठी-डंडों से पीट-पीटकर की थी हत्या, पत्नी ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

अमृत विचार: गोविंद सिंह हत्याकांड में 13 साल बाद न्यायालय ने लंबी सुनवाई के बाद अपना फैसला सुना दिया है। हत्या के मामले में अभियुक्त श्रीराम, यादराम, जसवन्त, बलबीर और धर्मवीर को आजीवन कारावास व प्रत्येक को 15-15 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सजा पाए अभियुक्तों में श्रीराम, यादराम व जसवन्त सगे भाई हैं, जबकि बलवीर लखन सिंह के बेटे हैं।

यह सभी भगतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर दत्ताराम के रहने वाले हैं। न्यायालय ने तमाम गवाह और दलीलों के बाद गोविंद सिंह की हत्या के मामले में संबंधित आरोपियों को दोषी ठहराया है। उधर पति गोविंद सिंह की हत्या के आरोप में पत्नी शकुंतला देवी ने भगतपुर थाने में आरोपियों के विरुद्ध 5 जून 2011 को मामला दर्ज कराया था।

इस मामले में पीड़िता ने आरोप लगाया था कि अभियुक्तों ने गांव मानपुर दत्तराम में ही उसके पति गोविन्द सिंह की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इस मामले की विवेचना दरोगा अनिल कुमार सिंह ने की थी।

दिनेश श्रीमाली अध्यक्ष राजपाल चुने गए मंत्री

मुरादाबाद, अमृत विचार: नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन (नरमू) मुख्य शाखा की नई कार्यकारिणी का चुनाव हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से राजपाल सिंह को निर्विरोध मंत्री निर्वाचित किया गया जबकि, दिनेश श्रीमाली अध्यक्ष चुने गये। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी हेमराज सोनी को दी गयी।

शैली डिक्रूज, उमेश, दीपक कुमार को उपाध्यक्ष, रजा हुसैन, एमके भारद्वाज तथा एसएएन नकवी को निर्विरोध सहायक मंत्री चुना गया। निर्वाचन के पहले और तत्कालीन शाखा मंत्री सुनील शर्मा को भावभीनी विदाई दी गयी। समारोह में केंद्रीय उपाध्यक्ष एमपी चौबे, मंडल मंत्री राजेश चौबे, अध्यक्ष मनोज शर्मा के अलावा सहायक मंडल मंत्री कुंवर सुहेल खालिद, एके सिंघल, दीपक यादव, मंजू बिष्ट, शिवराज सिंह, नफीस खान, खेमपाल सिंह, मोहित गुप्ता, मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।

महानगर में यातायात के दबाव को कम करने के लिए प्राधिकरण की पहल

कांठ रोड से जुड़ेगा दिल्ली हाईवे, बनेगी सर्विस लेन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर में जल्द ही यातायात का दबाव कम होगा। विकास प्राधिकरण की ओर से कांठ रोड को दिल्ली हाईवे से जोड़ने को सर्विस लेन बनाने की पहल पिछले दिनों बोर्ड की बैठक में कर दी गई थी। अब इसके चौड़ीकरण का कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। इसके बन जाने से महानगर में सुचारु यातायात प्रबंधन में आसानी होगी।

भविष्य में महानगर में सुचारु यातायात प्रबंधन के लिए कांठ रोड से दिल्ली रोड को जोड़ने वाले निर्माणाधीन 24 मीटर मार्ग के दोनों ओर न्यूनतम 7.5 मीटर चौड़ा सर्विस रोड बनना है। इसके लिए बोर्ड बैठक में धनराशि की स्वीकृति भी दी गई थी। यह मार्ग बहुत महत्वपूर्ण है। इस लेन के बनने से कांठ रोड से होकर दिल्ली रोड पर जाने वालों का ईंधन और समय दोनों की बचत होगी।

कांठ रोड से दिल्ली रोड को जोड़ने वाली सड़क पर चल रहा निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार का कहना है कि कांठ रोड को दिल्ली रोड से जोड़ने वाले मार्ग पर सर्विस लेन को चौड़ा किया जाएगा। महानगर का चक्कर काट कर जाने की बजाय लोग कांठ रोड से सीधे इस लेन से होते हुए दिल्ली हाईवे पर पहुंच जाएंगे।

लैंड बैंक पर खर्च होने हैं 350 करोड़ रुपये : प्राधिकरण की ओर से अगले वित्तीय वर्ष में कई नई परियोजनाएं भी लांच होंगी। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने बताया कि नए वित्तीय वर्ष 2020-25 में 'सह्याद्रि' व 'शिवालिक' सहित प्राधिकरण की कई महत्वपूर्ण आवासीय व व्यावसायिक परियोजनाएं लांच होंगी। लैंड बैंक की स्थापना के लिए प्राधिकरण लगभग 350 करोड़ रुपये खर्च करेगा। नया मुरादाबाद नगरीय गतिविधियों का केंद्र बनेगा।

सड़कों पर वाहन दौड़ा रहे नाबालिग

परिवहन आयुक्त के आदेश का महानगर में पालन नहीं, जिम्मेदार अनजान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर की भीड़ भरी सड़कों से लेकर हाईवे तक नाबालिग तेज गति से दोपहिया और चार पहिया वाहन दौड़ा रहे हैं। खासतौर से स्कूलों के किशोरवय छात्र-छात्राएं स्कूटी और बाइक चलाते हुए दिख रहे हैं। जबकि प्रदेश के परिवहन आयुक्त ने पिछले दिनों आरएम, एआरएम और आरटीओ को भी निर्देशित किया था कि नाबालिगों को वाहन चलाने से रोका जाए। लेकिन, आदेश का महानगर में पालन नहीं हो रहा है। चौक-चौराहों पर तैनात यातायात पुलिस भी कोई कार्रवाई नहीं कर पा रही है।

सोमवार को महानगर के सिविल लाइंस और अन्य इलाकों में सैकड़ों नाबालिग बच्चों को वाहन चलाते हुए देखा गया। पीलीकोठी, फव्वारा चौक, पीएसी तिराहा, इम्पीरियल तिराहा, डबल फाटक और गुरहट्टी चौराहा समेत अन्य चौराहों पर हर समय यातायात पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं, लेकिन उनका ध्यान नाबालिगों के वाहन चलाने पर रोक की बजाय केवल हेलमेट चेकिंग पर रहता है। नाबालिग बच्चों में अधिकांश किशोर-किशोरियां शामिल हैं। अधिकांश परिजनों ने मोटर व्हीकल एक्ट की परवाह किए बगैर अपने नाबालिग बच्चों को वाहन थमा दिए हैं। इसके चलते आए दिन हादसे भी होते रहते हैं। तेज गति से वाहनों को दौड़ाते हुए नाबालिग खुद तो घायल होते हैं और दूसरों को चोटिल भी कर रहे हैं।

सिविल लाइंस क्षेत्र में स्कूटी चलाता नाबालिग। ● अमृत विचार

वाहन से स्कूल जाने वाले नाबालिगों की संख्या अधिक : कुछ दिन पहले परिवहन आयुक्त ने आदेश जारी किया था कि कोई नाबालिग वाहन न चलाए। उसके बाद भी अधिकांश परिजनों ने अपने नाबालिग बच्चों को स्कूल जाने के लिए स्कूटी, बाइक थमा दी है। सिविल लाइंस स्थित एक स्कूल संचालक के अनुसार उनके स्कूल में 100 से 150 छात्र-छात्राएं स्कूटी अथवा बाइक से आते हैं। कई बार ऐसे छात्र-छात्राओं के परिजनों को समझाया भी गया है, लेकिन परिजन नहीं मानते हैं।

- चौराहों पर तैनात यातायात पुलिस नहीं करती है कार्रवाई
- अभिभावक नहीं दे रहे ध्यान स्कूलों में भी नहीं कोई रोकथाम

> यातायात पुलिस को नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए गए है। जल्द ही अभियान चलाकर वाहन चलाने वाले नाबालिगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। स्कूलों में भी अभियान चलाकर नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने के लिए जागरूक किया जाएगा।
> -सुभाष चंद्र गंगवार, एसपी यातायात

पांच बच्चों की मां ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

मुरादाबाद/कुंदरकी, अमृत विचार: पांच बच्चों की मां ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। यह मामला थाना कुंदरकी क्षेत्र के गांव अहमद नगर जैतवाड़ा का है। रामचंद्र की 50 वर्षीय पत्नी मुनेश ने सोमवार दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया। रामचंद्र पत्नी को कुंदरकी सीएचसी लेकर पहुंचे जहां, डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने मुनेश को देखते ही मृत घोषित कर दिया।

मोर्चरी के बाहर बैठे रामचंद्र ने बताया कि वह ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। सुबह पत्नी ने उन्हें चाय बनाकर दी थी। इसके बाद वह काम पर निकल गया था। दोपहर में उनका बेटा शिवा दौड़ते हुए भट्ठे पर आया और मां के जहरीला पदार्थ खा लेने की बात कही। जिस पर वह घर पहुंचे तो देखा कि पत्नी की हालत बिगड़ती जा रही थी। तत्काल उसे इलाज के लिए वह सीएचसी कुंदरकी ले गए थे। फिर जिला अस्पताल लाए लेकिन, वह उसे बचा नहीं पाए। रामचंद्र ने बताया कि पत्नी से किसी की कोई नाराजगी नहीं थी। उनके पांच बच्चे हैं, वह भी बड़े हो गए हैं। बड़े बेटे की शादी भी हो चुकी है।

आवास दिलाने के नाम पर ठगी मां-बेटे समेत तीन पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बंगला गांव के गुलाब सिंह की पत्नी जगवती, बेटे चिराग यादव व फकीर चंद नागवंशी नामजद

अमृत विचार : सरकारी आवास दिलाने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। इस कार्य में मां-बेटे व इनके साथ एक अन्य व्यक्ति के शामिल होने की बात कही जा रही है। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने नागफनी थाने में आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर भी दर्ज करा दी है। इन आरोपियों में गुलाब सिंह की पत्नी जगवती यादव व उसका बेटा चिराग यादव और एक अन्य फकीर चंद नागवंशी नामजद हुए हैं। ये सभी बंगला गांव के रहने वाले हैं।

पीड़िता मधु यादव ने बताया कि जगवती व उसके बेटे चिराग ने उसे सरकारी आवास दिलाने का लालच दिया था। इसके बदले मां-बेटे ने पहले उससे 6,000 रुपये और फिर 25,000 रुपये लिए। जब काफी समय तक उसे आवास नहीं मिला तो उसने अपने रुपये वापस मांगने शुरू कर दिए थे। पीड़िता मधु यादव पत्नी मधुसूदन यादव सिविल लाइन थाना क्षेत्र में सराय खालसा में रहती हैं। इन्होंने बताया कि जब उन्होंने अपने रुपये वापस मांगने शुरू कर दिए तो

आरोपी मां-बेटे ने उनको बंगला गांव निवासी फकीरचंद नागवंशी से मिलाया था। उन्होंने कहा था कि, फकीरचंद ही हैं, जो आपको आवास दिलाएंगे और उसने इन्हीं को सुविधा शुल्क वाले रुपये भी दिए हैं। फिर तीनों मिलकर मधु यादव को धमकाने लगे। घटना के बाद मधु ने 22 फरवरी 2023 को कार्रवाई के लिए एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर 28 फरवरी को नागफनी थानाध्यक्ष ने दोनों पक्षों को थाने भी बुलवाया था। उस दौरान पुलिस की मध्यस्थता में तीनों आरोपियों ने लिखित में भरोसा दिया था कि वह लोग 4 अप्रैल 2023 तक उसका लिया गया पैसा वापस कर देंगे। पीड़िता का कहना है कि तीनों ने निर्धारित तारीख पर कुल 2.30 लाख रुपये का चेक दिया था जो बाउंस हो गया था।

महिला सशक्तीकरण की दिशा में काम कर रही सरकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: शक्ति वंदन अभियान के तहत सोमवार को भाजपा कार्यालय पर कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें पदाधिकारियों को अभियान के लिए प्रशिक्षित किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी ने कहा कि यह कार्यक्रम देशभर में शुरू किया गया है, इसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। सरकार की ओर से महिला सशक्तीकरण की दिशा में कई प्रयास किए गए हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर करने प्रयास जारी है। केंद्र सरकार की लखपति दीदी योजना से महिलाओं को मदद मिलेगी।

मुख्य अतिथि ने कहा कि 10 फरवरी को जिला स्तर पर शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। 11से 14 फरवरी तक विधानसभा स्तर पर कार्यक्रम तय किए गए हैं। सहायता समूह संपर्क 12 से 21 फरवरी के बीच किया जाएगा, जिसमें मंडल की स्वयं सहायता समूह की सदस्यों से व्यक्तिगत संपर्क करना है। महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि अभियान में पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, ब्लॉक प्रमुख पार्षद मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। 22 फरवरी को मंडल स्तर पर एलईडी लगाकर कार्यक्रम का प्रसारण करना है।

बुद्धि विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते क्षेत्रीय उपाध्यक्ष। ● अमृत विचार

जिला संयोजक श्याम बिहारी शर्मा ने बताया कि 25 एवं 26 फरवरी को गो-प्रमुखों का सम्मेलन होगा। अभियान की रिपोर्टिंग सरल पोर्टल पर होगी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के उपनिदेशक राजनाथ प्रसाद भगत ने स्वयं सहायता समूह लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, विद्युत सखी, बैंक सखी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा और संचालन श्याम बिहारी शर्मा ने किया।

कार्यशाला में महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष डा.विजय लक्ष्मी पंडित, महानगर महामंत्री दिनेश शीर्षवाल, जिला महामंत्री कमल प्रजापति, नवदीप टंडन, हेमराज सैनी, सुनीता शर्मा, राहुल शर्मा, सर्वेश पटेल, निमित जायसवाल, मदालसा शर्मा, अजय वर्मा, शशिकिरण, हेमा खत्री आदि मौजूद रहे।

घर में घुसकर मारपीट मामले में चार नामजद

मुरादाबाद, अमृत विचार : मारपीट के आरोप में पीड़ित ने सोमवार को चार लोगों के विरुद्ध कटघर थाने में मामला दर्ज कराया है। इसमें ताजपुर माफी के गुड्डू खान, जामा मस्जिद धरमपुर भोजपुर के मोहम्मद लईक, बीजना कटघर के भूरा की पत्नी शाईन नामजद हैं। इनके साथ ही अन्य चार महिलाएं व इतने ही पुरुषों के विरुद्ध अज्ञात में एफआईआर दर्ज कराई है।

एजाजुल हक कटघर क्षेत्र में मुहल्ला मकबरा अव्वल के रहने वाले हैं। इन्होंने बताया कि उन्होंने पिछले साल मई में मोहम्मद लईक व शाईन से एक भूखंड की रजिस्ट्री कराई थी। कुछ जमीन गुड्डू से खरीदी थी। एजाजुल हक ने बताया कि एक जनवरी 2024 के दिन शाम को वह अपने मकान पर गुड्डू खां से दोस्तों के साथ आने को मना किया था। जिस पर गुड्डू ने उससे गाली-गलौज की और धमकाया कि वह ऐसे ही अवैध कार्य करता है। इसी मामले में आरोपी ने उसे मारा-पीटा। एजाजुल का आरोप है कि गुड्डू ने मारपीट कर उसकी जेब में रखे रुपये भी छीन लिए। इसके साथ कई अन्य लोग और महिलाएं भी थीं।

गत्ता व्यापारी के खाते से उड़ाए चार लाख

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जनसेवा केंद्र संचालक ने संदेह पर बना लिया था वीडियो
- बिलारी, जोया व रामपुर जनपद से निकाले गए रुपये

अमृत विचार: पहले गत्ता व्यापारी का मोबाइल खो गया, फिर उसके बाद 21 दिनों के अंतराल में बैंक खाते से चार लाख रुपये भी निकल गए। पीड़ित ने शुरू में ही मोबाइल खोने की सूचना मझोला थाने में दी थी लेकिन, जब उसके खाते से रुपये चोरी हुई तो उसने दूसरी बार थाने जाकर पुलिस को सूचना दी। साइबर क्राइम सेल में भी घटना की जानकारी देकर कार्रवाई के लिए गुहार लगाई लेकिन, अभी इस मामले में पीड़ित को कोई राहत नहीं मिली है।

मझोला थाना क्षेत्र के गांव डिडौरा निवासी राकेश कुमार गत्ता व्यापारी हैं। उन्होंने अपने स्तर से जानकारी जुटाई तो पता चला कि उसके रुपये बिलारी में नदीम, सुरेंद्र और जोया में पाशा के जनसेवा केंद्र से किसी दूसरे खाते में ट्रांसफर हुए हैं। पीड़ित ने एक जनसेवा केंद्र से रुपये निकालने वाले संदिग्ध का वीडियो भी प्राप्त कर लिया है। वीडियो में संदिग्ध रुपये गिनता दिख रहा है। पीड़ित ने बताया कि उनका मोबाइल 5 नवंबर को खो गया। इसकी सूचना उन्होंने मझोला थाने पर 10 नवंबर को दी थी। उसी बीच इनकी पत्नी सुरेश देवी टाइफाइड से ग्रसित हो गई थीं।

वह खुशहालपुर मार्ग पर शाहपुर तिगरी के एक अस्पताल में करीब 12 दिन तक भर्ती रहीं। पत्नी से पहले राकेश खुद कई दिन तक विवेकानंद अस्पताल में भर्ती रहे थे। उन्होंने बताया कि पत्नी के इलाज लिए वह 27 दिसंबर के दिन दोपहर 2.30 बजे के दौरान पाकबड़ा में डॉक्टर के पास बैठे थे। उसी दौरान उनके मोबाइल पर 20-20 हजार रुपये निकलने के तीन और 40 हजार रुपये खाते से निकलने का एक मैसेज आया। कुल एक लाख रुपये खाते से निकल गए। यह देख वह परेशान हो गए और फिर डॉक्टर के यहां से सीधे वह इंडियन ओवरसीज बैंक शाखा मझोला पहुंचे। शाखा प्रबंधक ने उनसे कहा, एफआईआर कराओ और तुरंत अपने खाते में शेष बचे रुपये निकाल लो। फिर राकेश ने वित्तीय स्टेटमेंट निकलवाया तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। देखा, कुल चार लाख रुपये खाते से गायब हो गए हैं। पीड़ित ने बताया कि वह मझोला थाने गए तो पुलिसकर्मियों की सलाह पर उन्होंने पुलिस लाइन आकर साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन, अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

> इस मामले में पुलिस अपना काम कर रही है। जो व्यक्ति जनसेवा केंद्र में वीडियो में पैसे गिनते दिख रहा है, उसकी पहचान की जा रही है। पीड़ित के खाते से कई खातों में पैसा ट्रांसफर हुआ है। रामपुर, अमरोहा से भी पैसा निकाला गया है। बिलारी से भी इसके खाते से रुपये निकाले गए हैं। कार्रवाई चल रही है, जल्द ही हम आरोपी को पकड़ेंगे।
> -मनोज कुमार, प्रभारी-साइबर क्राइम सेल

बोर्ड परीक्षा | कुछ छात्रों को कम समय में परीक्षा की बेहतर तैयारी करने में होती है कठिनाई

समय प्रबंधन के लिए अभी से करें सैंपल पेपर का अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बोर्ड परीक्षाओं का काउंटडाउन शुरू हो गया है। जनपद के स्कूलों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं भी आरंभ हो गई हैं। बोर्ड की परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थी अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए मेहनत करते हैं। लेकिन कई छात्रों को कम समय में बेहतर तैयारी करने में मुश्किल होती है। इसका मुख्य कारण समय से प्रश्नपत्र हल न कर पाना है।

अर्चना शर्मा।

रिवीजन में होते हैं सहायक

हम सब जानते हैं सैंपल पेपर्स में सभी सेक्शन तथा सभी टॉपिक से जुड़े प्रश्न मौजूद होते हैं। जिस कारण यह परीक्षा से पहले विषय को दोहराने का एक अच्छा तरीका है। छात्र जितना सैंपल पेपर हल करेंगे। उतना ज्यादा उनका उस विषय पर कांसेप्ट क्लियर होगा। जो परीक्षा में काफी सहायक साबित होगा।

एसएस चिल्ड्रन एकेडमी की शिक्षिका अर्चना शर्मा ने बताया कि सभी बोर्ड की ओर से विभिन्न विषयों की परीक्षाओं के लिए सैंपल पेपर उपलब्ध कराए जाते हैं। आपको इन प्रश्न पत्रों को ज्यादा से ज्यादा हल करना चाहिए। इससे आप अंदाजा लगा सकेंगे कि प्रश्न पत्र को हल करने में कितना समय लग रहा है। अगर आपको इसे हल करने में निर्धारित समय से अतिरिक्त समय लग रहा है तो उसमें सुधार करना शुरू कर दें। अभी से यह करने पर आप परीक्षा आने तक अवश्य ही समय से पहले प्रश्न पत्र हल करने में सक्षम हो जाएंगे। जो छात्र बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं वे इस बात से परिचित होंगे कि प्रश्न पत्र कई खंडों में विभाजित होता है। जब आप सैंपल पेपर हल करेंगे तो इससे आपको अंदाजा हो जाएगा कि किस खंड को हल करने में ज्यादा समय लग रहा है। इसके बाद आप इसे समायोजित कर सकते हैं।

परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्रों को अच्छे से पढ़ लें : बोर्ड परीक्षा के दौरान छात्रों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए अतिरिक्त समय दिया जाता है। आपको इस समय में प्रश्नपत्र को अच्छे से पढ़ना है और सरल और कठिन प्रश्नों को अपने मस्तिष्क में डाल लेना है। इसके बाद आपको जिन प्रश्नों के उत्तर अच्छे से आते हैं उन्हें कॉपी मिलते ही हल करना शुरू कर दें। इससे आपके समय में बचत होगी और उसका उपयोग आप कठिन प्रश्नों को हल करने में उपयोग कर सकते हैं।

अधिक अभ्यास करें : परीक्षा के दौरान समय प्रबंधन सीखने का एकमात्र तरीका इसका अभ्यास करना है। अपने उत्तर को साफ लिखावट में लिखने के लिए लेखन अभ्यास करें, परीक्षा के लिए प्रश्नों के साथ-साथ पूरे प्रश्न पत्र का अभ्यास करें।

परीक्षा के तनाव को दूर करने में उपयोगी

सबसे बड़ा डर छात्रों का पेपर को लेकर यह होता है कि पता नहीं इसमें कैसे प्रश्न पूछे जाने वाले हैं? यहां तक की अच्छी तैयारी होने के बावजूद छात्रों को परीक्षा में आने वाले प्रश्नों को लेकर काफी उलझन रहती है। दरअसल इसका केवल एक कारण है कि छात्र ठीक तरह से प्रश्न पत्र से परिचित नहीं हैं। यदि आप सैंपल पेपर हल करना शुरू करते हैं तो आपका यह डर सबसे पहले दूर होगा क्योंकि जब आप सैंपल पेपर हल करेंगे तो आपको यह आसानी से पता चल जाएगा कि आपके प्रश्न पत्र का पैटर्न कैसा होगा।

रेलवे ने जनवरी में 55 करोड़ का राजस्व अर्जित किया

मुरादाबाद, अमृत विचार: मंडल में रेलवे ने जनवरी माह में मालभाड़ा के रूप में 55 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है। यह धनराशि साल 2023 की जनवरी माह की तुलना में 3.4 प्रतिशत अधिक है।

इसी अवधि में खाद्यान्न के 20 रैक लोड किये जो पिछले साल के इन दिनों की तुलना में 82 प्रतिशत अधिक है। इस साल जनवरी में कंटेनर के 68 रैक लोड किये गए जो कि जनवरी-2023 की तुलना में 45 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह वाणिज्य विभाग ने जनवरी फर्टिलाइजर के 132 रैक लोड किये। मंडल में कुल 260 रैक लोड किये जो कि गत साल की जनवरी महीने की तुलना में 9 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने दी है।

बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के चुनाव को नामांकन आज से

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दो दिन तक चलेगा नामांकन आज स्थगित रहेगा कार्य

अमृत विचार: दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी की कार्यकारिणी के लिए 4 मार्च हो चुनाव कराया जाएगा। इसके लिए नामांकन की प्रक्रिया 6 व 7 फरवरी को बार एसोसिएशन के हाल में दिन में 11 बजे से शाम चार बजे तक चलेगी।

दि बार एसोसिएशन मुरादाबाद की एल्डर कमेटी और चुनाव समिति की बैठक में नामांकन को लेकर चर्चा की गई। इसमें बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी चुनाव के लिए नामांकन का समय 6 व 7 फरवरी को तय किया गया है। 8 पदों के लिए पदाधिकारी चुने जाएंगे। बैठक में एल्डर कमेटी के कार्यवाहक चेयरमैन रामशंकर गुप्ता, विजय गुप्ता, सुभाष चन्द्र गर्ग, सुधीर गुप्ता, जगदीश सरन के अलावा संजय सोनी, विशाल कांत, नरेंद्र सिंह चौहान, शमशेर सिंह, अनिल कुमार सिंह, सतीश कुमार विश्नोई, रमेश सिंह आर्य, विवेक शर्मा, संजय यादव, जगदीश चन्द्र मिश्रा, मनोज गुप्ता, कपिल विश्नोई, अजयपाल सिंह, ओमपाल सिंह आदि मौजूद रहे। मंगलवार को कार्य स्थगित रहेगा।

अध्यक्ष पद के लिए नामांकन शुल्क 15000 : अध्यक्ष पद के लिए नामांकन शुल्क 15,000 रुपये रखा गया है। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए 8000, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए 7,000 रुपये निर्धारित किया गया है। नामांकन फार्म 200 रुपये का है।

एक नजर

दवा व्यापारी के खाते से 1.52 लाख रुपये उड़ाए

मुरादाबाद, अमृत विचार : मझोला थाना क्षेत्र के रामेश्वर कॉलोनी निवासी दवा व्यापारी अनुज कुमार के खाते से साइबर अपराधी ने 1.52 लाख रुपये किसी दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिए हैं। पीड़ित के मोबाइल पर आए मैसेज से साइबर ठगी की जानकारी हुई। पीड़ित ने साइबर सेल में प्रार्थना पत्र देकर रकम वापस कराने की मांग की है। दवा व्यापारी अनुज कुमार ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक अधिकारी बताकर बात की थी। आरोपी ने क्रेडिट कार्ड जारी करने के नाम पर केवाईसी कराने के लिए कहा। इसी दौरान उसने वीडियो कॉल कर पैन कार्ड, आधार कार्ड और बैंक खाते की जानकारी ली थी।

पीटीएस में आतंक मचा रहे कुत्ते को टीम ने पकड़ा

मुरादाबाद, अमृत विचार : पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय (पीटीएस) में सोमवार को एक कुत्ते को पकड़ने के लिए सिविल लाइंस थाना पुलिस और नगर निगम की टीम को मशक्कत करनी पड़ी। दरअसल, पीटीसी में नए हास्टल का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण स्थल पर ही काफी मजदूर रहते हैं। बीते कई दिनों से निर्माणाधीन बिल्डिंग के पास एक कुत्ता लोगों को परेशान कर रहा था। कुत्ता कई लोगों पर हमला भी कर चुका था। पीटीएस के अधिकारी ने सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा को कॉल करके तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। जिस पर पुलिस और नगर निगम की टीम आधा घंटे की मशक्कत के बाद कुत्ते को पकड़ने सफल हुई।

पूरी तरह तोड़ दिया जाएगा कपूर कंपनी का पुराना पुल

मुरादाबाद, अमृत विचार : वर्षों पुराना कपूर कंपनी पुल इतिहास का विषय बन जाएगा। रेल प्रबंधन ने पुराने पुल को पूरी तरह से तोड़ देने का निर्णय लिया है। नया पुल छह मीटर आगे यानी लोकोशेड पुल की दिशा में बनेगा। रेल प्रबंधन ने स्टेशन रोड और लाइनपार क्षेत्र के कई दुकान स्वामियों को एक सप्ताह का मौका दिया है। इस दौरान अगर लोगों ने पुल के प्रस्तावित क्षेत्र में आने वाली दुकानों को नहीं तोड़ा तो सिविल इंजीनियरिंग विभाग स्वयं कार्रवाई करेगा। पुराने पुल को तोड़ने, नये के ढांचा तैयार करने, स्लैब निर्माण सहित अन्य कार्यों का ठेका दूसरी कंपनी को दिया जाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत 8 करोड़ रुपये है। प्रबंधन अगस्त तक निर्माण पूरा करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। सीनियर सेक्शन इंजीनियर डीके गुप्ता का कहना है कि तीन मीटर चौड़ाई वाला पुल दो पहिया वाहनों और पैदल आने-जाने वाले लोगों के लिए ही सुलभ होगा।

जेडएफए की एकतरफा जीत, अंजुम कॉन्वेंट को 4-0 से हराया

टीम के लिए अर्शी ने किए 3 गोल, महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल और डीपीजीएस की टीम ने भी जीते अपने मैच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: डीपीजीएस के फुटबॉल मैदान में खेली जा रही बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में सोमवार को तीन मैच खेले गए। इसमें महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, डीपीजीएस और जेडएफए की टीम ने अपने-अपने मैच जीते।

पहला मैच महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल और सर सय्यद एकेडमी के बीच खेला गया। महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल की खिलाड़ी अर्चना ने पहले हाफ में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में महाराजा अग्रसेन की खिलाडी सामिया ने मैच का दूसरा गोल कर जीत सुनिश्चित कर दी, जरीना ने मैच का तीसरा गोल कर स्कोर 3-0 कर टीम को मैच जिता दिया।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में कुश्ती का ट्रायल देते खिलाड़ी, साथ में कोच।

दूसरा मैच अब्दुल सलाम इंटर कॉलेज व डीपीजीएस के बीच खेला गया। इसमें डीपीजीएस के खिलाडियों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। टीम के लिए रमीषा ने स्कोर कर अपनी टीम का खाता खोला, उसके बाद खेल के दूसरे हाफ में भी खिलाड़ियों ने प्रयास किए पर सफलता नहीं मिली। इस तरह यह मैच डीपीजीएस ने 1-0 से जीता।

तीसरा मैच अंजुम कॉन्वेंट और जेडएफए की टीम के मध्य खेला गया। इसमें जेडएफए के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। पहले हॉफ में अर्शी ने एक के बाद एक 3 गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। उसके बाद मैच के दूसरे हाफ में मानसी ने मैच के अंतिम समय में गोल कर स्कोर 4-0 कर दिया। जो अंत तक बना रहा। निर्णायक मुहम्मद इमरान, मुहम्मद वसीम, राजकुमारी, शादाब अंसारी, फरमान अहमद व नावेद रहे। इस अवसर पर सीनियर वाइज प्रेजीडेंट उस्मान खान, मंजू खान, आमिर मिर्जा, शुएब आलम, अनवर अहमद, निशा परवीन आदि मौजूद रहे। संचालन मुहम्मद नासिर कमाल ने किया।

मंडल स्तरीय जूनियर महिला कुश्ती टीम का चयन

मुरादाबाद, अमृत विचार : नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को बेटियों ने मंडल स्तरीय टीम में स्थान पक्का करने के लिए दांव लगाए। चयनित टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। खेल निदेशालय उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार क्षेत्रीय खेल कार्यालय की ओर से जूनियर बालिका कुश्ती के मंडल स्तरीय चयन ट्रायल आयोजित हुए। इसमें अमरोहा, संभल, मुरादाबाद के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय जूनियर बालिका कुश्ती देवरिया में प्रतिभाग करेंगे। चयन ट्रायल में जिला कुश्ती संघ सचिव पवन कुमार सिसौदिया, जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार, डॉ. अजय पाठक, गोविंद कुमार यादव, अनुपम सिंह, भोला सिंह, वीर सिंह यादव, चौधरी सुनील, दिलीप गुप्ता आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता के लिए राशिका कसाना, प्रियाशी गुप्ता, रिमझिम,रचना, अंजलि, पलक मलिक, मुस्कान कसाना, नेहा, तराना जहां, हिमानी आदि का चयन हुआ है।

मनुष्य को करना चाहिए प्रभु का सुमिरन : ओझा

मुरादाबाद, अमृत विचार: बुद्धि विहार में चल रही कथा में सोमवार को कथाव्यास रमेश भाई ओझा ने कहा कि मनुष्य को प्रभु का सुमिरन करना चाहिए। भजन कीर्तन समूह में किया जाता है। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह रहे।

कथा व्यास ने बताया कि हनुमान जी जब लंका गए तब उन्होंने राम कथा कही, जिसको विभीषण ने सुना। जो भी सामाजिक व्यक्ति सामाजिक कार्य करते हैं उनको सदैव राम भजन करना चाहिए। भगवान केवल बनाने वाले ही नहीं बनने वाले भी वही है। यह सृष्टि परब्रह्म परमात्मा के संकल्प से बनी है। आरती में विनीत कुमार गुप्ता, विभोर कुमार गुप्ता, विपिन कुमार गुप्ता एवं समस्त लोहिया परिवार, राम कथामृत महोत्सव समिति के अध्यक्ष महेश चंद्र अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, प्रवीण कुमार, अंकुर अग्रवाल रहे।

सीडीओ को औचक निरीक्षण में गायब मिले छह अधिकारी, एक दिन का वेतन काटा

बड़ी संख्या में कर्मचारी भी कार्यालयों से मिले नदारद, सभी से मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने सोमवार को औचक निरीक्षण में अनुपस्थित मिले अधिकारियों, कर्मचारियों पर कड़ी नाराजगी जताई है। साफ सफाई में कमी और कार्यालय में अभिलेखों के रखरखाव में लापरवाही मिलने पर परियोजना निदेशक समेत कई विभागाध्यक्षों का वेतन रोकने के निर्देश दिया। लिपिक व लेखाकार का वेतन रोकने के साथ स्पष्टीकरण मांगा है।

विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यालय अध्यक्षों को साफ-सफाई और कार्यालय में समय से उपस्थिति रहने को लेकर निर्देश जारी किए थे। कार्यालयों में साफ-सफाई और अभिलेखों के बेहतर ढंग से रखने को भी कहा था। इसका सत्यापन करने के लिए सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी सुबह 11 बजे अचानक अपने कार्यालय से निकले और जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एमपी सिंह के कार्यालय पहुंचे वहां वो उपस्थित नहीं थे। इसके बाद परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा के कक्ष में पहुंचे। तब तक वह अपने कार्यालय में नहीं पहुंचे थे।

विकास भवन में डीपीआरओ कार्यालय का निरीक्षण करते मुख्य विकास अधिकारी ।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता जितेंद्र पाल सिंह भी कक्ष में नहीं मिले। वैज्ञानिक अधिकारी सुरेश चंद्र शर्मा का कक्ष भी खाली पड़ा था। सीडीओ ने सभी अधिकारियों का 5 फरवरी को अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिन का वेतन रोकने के आदेश दिया। इसके अलावा मनरेगा कार्यालय में कार्यालय सहायकों द्वारा उपस्थित पंजिका नहीं बनाने पर उप श्रम आयुक्त रोजगार से स्पष्टीकरण देने के लिए कहा। एपीओ कमलेश, लेखाकार सुरेंद्र का वेतन भी रोका है।

जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के प्रधान लिपिक जगदीश एवं तकनीकी विशेषज्ञ राहुल शर्मा अनुपस्थित होने परियोजना निदेशक को वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। लघु सिंचाई विभाग पत्रवाहक महेश चंद्र शर्मा निरीक्षण के दौरान कार्यालय में न मिलने पर वेतन रोक दिया गया है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के कार्यालय में लिपिक जीशान,अर्पित, इसरार हसन इलाही, कार्यालय में नहीं मिले। मुख्य विकास अधिकारी ने एक दिन का वेतन रोकने के आदेश दिया।

कार्रवाई

- सीडीओ ने बड़ी संख्या में अधिकारियों-कर्मचारियों के गायब मिलने पर जताई नाराजगी

दुकान में कपड़े खरीदने आई युवती से दुष्कर्म की कोशिश, रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र में गाड़ीखाना दर्जी वाली गली में कपड़े खरीदने आई युवती से दुकानदार और उसके साथियों ने दुष्कर्म करने की कोशिश की। इस मामले में अब मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के आदेश पर कटघर थाने में चार आरोपियों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज हुई है।

युवती का कहना है कि वह 25 नवंबर 2023 को दोपहर में गाड़ीखाना में दर्जी वाली गली में कपड़े खरीदने रिजवान की दुकान पर गई थी। कपड़े खरीदने के बाद जब कीमत पूछी तो आरोपी रिजवान ने उससे शारीरिक संबंध बनाने की इच्छा जाहिर की तो उसने इनकार कर दिया। फिर अकेला पाकर रिजवान ने उसके साथ दुष्कर्म के प्रयास में अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी थीं। युवती का आरोप है रिजवान व उसके साथियों ने उसके पास मौजूद 2,650 रुपये भी छीन लिए थे। उधर, थानाध्यक्ष कटघर तेजवीर सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर युवती की तरफ से चार आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। इसमें रिजवान, उदित सैनी, राकेश कुमार और श्याम कुमार शर्मा नामजद हैं। ये सभी गाड़ीखाना दर्जी वाली गली के रहने वाले हैं।

राज्य परिवहन निगम के बेड़े में शामिल होंगी 26 अनुबंधित बसें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: परिवहन सेवा के सुधार और विस्तार की योजना में शीघ्र एक पहल रंग लाने वाली है। 10 दिन के भीतर 26 अनुबंधित बसें परिक्षेत्र के बेड़े में शामिल कर ली जाएंगी। प्रदेश भर में इसी तर्ज पर 2300 बसें अनुबंध पर संचालित की जाएंगी। मंडल में इसके लिए रूट भी चयनित हो गए हैं।

परिवहन विभाग ने सेवा से वंचित क्षेत्र तक यातायात बहाल करने के संकल्प के तहत यह योजना तैयार की है। निगम प्रबंधन ने राज्य में 4000 बसों को अनुबंध पर लेकर परिवहन सेवा से वंचित क्षेत्र में बस सेवा शुरू करने का निर्णय लिया था। जिसके तहत 1700 बसें अनुबंध पर रख ली गयी हैं। अब बाकी लक्ष्य पूरा करने के लिए क्षेत्रवार रूट का विवरण मांगा गया है। सूत्रों का कहना है कि प्रबंधन ने रूट सहित जरूरी विवरण मुख्यालय को भेज दिया है, वहां से रूट स्वीकृत होते ही स्थानीय स्तर पर बसों का संचालन शुरू करा दिया जाएगा। पीतल नगरी डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम सिंह का कहना है कि मंडल की ओर से राज्य मुख्यालय से पत्राचार किया जा चुका है। सभी रूट शासन स्तर से स्वीकृत हैं। अनुबंध पर बसों के रखे जाने की स्वीकृति बाकी है। संभव है कि इसी माह यह प्रक्रिया पूरी हो जाए और निर्धारित रूटों पर बस सेवा शुरू हो जाए।

कवायद

- विभाग ने रूट वार भेजी सूची, स्वीकृति के बाद स्थानीय स्तर पर होगा वाहन स्वामियों से अनुबंध

इन प्रमुख रूट पर चलनी हैं रोडवेज की बसें : ●मुरादाबाद-उमरी ●मुरादाबाद- बाजपुर ●मुरादाबाद- पाकबड़ा- अगवानपुर-छजलैट- कांठ ●मुरादाबाद-दलपतपुर- मूंढापांडे-बूजपुरमान ● मुरादाबाद- कांठ वाया चकफेरी ● मुरादाबाद-सूरजननगर वाया धारकनगला ● मुरादाबाद-सूरजननगर- वाया ठाकुरद्वारा शरीफ नगर ● मुरादाबाद-अलीगंज, मुरादाबाद- संभल-गंवा- रजपुरा-बबराला ●मुरादाबाद- चंदौसी-आसफपुर- शाहबाद ●मुरादाबाद-चंदौसी-बहजोई- रजपुरा-गंवा ● मुरादाबाद- संभल-खिरनी-आदमपुर ●मुरादाबाद-चंदौसी-बबराला- गुन्नौर- जुनावई रामनगर ● मुरादाबाद- संभल- किसौली-रफीपुरा ● मुरादाबाद-चंदौसी-बिलारी- वाया सरथल।

पांच लाख न लाने पर महिला को मारपीट कर घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पति समेत चार ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

अमृत विचार: दहेज में पांच लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने उसके पति समेत चार के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

सिविल लाइंस क्षेत्र में सीएमओ कार्यालय के पास रहने वाली आशा देवी ने पुलिस को बताया है कि उन्होंने बेटी पारुल की शादी 27 जून 2023 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर के लाल साहब की बगिया चौराहा मुरार निवासी सोनू पुत्र अशोक शर्मा के साथ की थी। आरोप लगाया कि दिए गए दहेज से बेटी के ससुराल वाले खुश नहीं थे और दान-दहेज के अतिरिक्त पांच लाख रुपये की मांग करने लगे थे। उसने बेटी का परिवार बसाने के लिए 2.50 लाख रुपये दिए भी लेकिन, इसके बाद भी ससुराल वाले बिटिया को आए दिन मारते-पीटते थे। उनकी मांग और बढ़ गई थी। बेटी का पति धमकी देता है कि यदि और पांच लाख रुपये मायके से लाकर नहीं देगी तो वह दूसरी शादी कर लेगा। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने 13 दिसंबर 2023 को मारपीट कर पारुल को घर से निकाल दिया था। जिसके बाद पीड़िता ने एसएसपी से गुहार लगाई, जहां से एफआईआर के आदेश हुए थे। सिविल लाइंस थानाध्यक्ष आरपी शर्मा ने बताया कि पारुल के पति सोनू, सास सुनीता, ससुर अशोक और ननद विनीता के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

युवती पर घर बेचने का दबाव बना रहे पड़ोसी

मुरादाबाद, अमृत विचार : नागफनी थाने में भाई के विरुद्ध मामला दर्ज होने के बाद उसकी बहन सोमवार को एसएसपी कार्यालय पहुंची थी।

पीड़िता ने बताया कि उसका नाम अलमास खान है। वह दीवान का बाजार शीश महल के पास की रहने वाली है। पड़ोसी पिता-पुत्र ने उसके भाई के विरुद्ध थाने में फर्जी मामला दर्ज करा दिया है। युवती ने बताया कि उनका भाई काम पर जा रहा था, तभी रास्ते में पड़ोसी पिता-पुत्र उसकी स्कूटी के सामने जमीन पर लेट गए और शोर मचा दिया। युवती ने बताया कि उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है। वह भाई मुजीब के साथ रहती है। पीड़िता ने बताया कि एक अक्टूबर 2022 को आरोपियों ने उसके भाई को मारा था और उसके हाथ की हड्डी तोड़ दी थी। इस मामले में पीड़ित मुजीब ने नागफनी थाने में आरोपी पिता-पुत्र के विरुद्ध मामला भी दर्ज कराया था।

आज होगा इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट का आगाज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) द्वारा आयोजित आईएचजीएफ दिल्ली मेले का आगामी 57वां संस्करण 6 से 10 फरवरी तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे में आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में 16 विशाल हॉल बनाए गए हैं। जिनमें से प्रत्येक को होम, फैशन, लाइफस्टाइल, फर्निशिंग और फर्नीचर सहित 14 प्रमुख प्रदर्शन खंडों को समर्पित किया गया है। इसमें उत्पादों की विविध श्रृंखला में घरेलू सामान, घरेलू साज-सज्जा, फर्नीचर, हस्तनिर्मित कागज उत्पाद व स्टेशनरी और चमड़े के बैग शामिल हैं।

सोमवार को ईपीसीएच के अध्यक्ष दिलीप बैद ने बताया कि दुनिया भर से खरीदारों की एक महत्वपूर्ण आमद के साथ इस मेले में हमारे प्रदर्शक आगामी स्प्रिंग संस्करण को भारतीय हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण मंच बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह हमारे लक्ष्य-30 गुना तक के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि मेले की शुरूआत कपड़ा और रेल राज्य मंत्री दर्शना विक्रम जरदोश द्वारा किया जाएगा। वहीं आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि एक ही छत के नीचे हस्तशिल्प निर्यातकों के दुनिया के सबसे बड़े जमावड़े के रूप में लोकप्रिय आईएचजीएफ दिल्ली मेला हमारे जीवंत हस्तशिल्प क्षेत्र की क्षमता, ताकत, पैमाने और क्षमता को प्रदर्शित करता है। आईएचजीएफ दिल्ली फेयर-स्प्रिंग, रिसेप्शन कमेटी की अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल ने बताया कि वर्षों से मेले ने अपनी अंतर्राष्ट्रीय पहुंच के माध्यम से उद्यमियों, निर्माताओं, निर्यातकों और कारीगरों के लिए बाजार संबंध बनाए हैं, साथ ही इस कार्य के लिए अपनी एक सशक्त पहचान भी हासिल की है। ईपीसीएच के वाइस चेयरमैन नीरज खन्ना ने बताया कि आईएचजीएफ दिल्ली मेला वैश्विक स्तर पर घर, जीवनशैली, फैशन, फर्निशिंग और फर्नीचर बाजारों की मांग को पूरा करने की क्षमता, काबलियत के साथ सांस्कृतिक और शिल्प समृद्ध भारत को प्रस्तुत करने का प्रयास करता है। यही चीज पूरी दुनिया को नवीनतम भारतीय हस्तशिल्प उत्पादों के लिए प्रमुख वन-स्टॉप सोर्सिंग प्लेटफॉर्म से स्रोत तक लाती है।

इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट की जानकारी देते ईपीसीएच के अध्यक्ष, साथ में अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- महानगर के निर्यातक भी बड़ी संख्या में पहुंचे, लगाए स्टॉल
- कपड़ा और रेल राज्यमंत्री करेंगी मेले की शुरूआत

परिषदीय स्कूलों में दूर होगी संसाधनों की कमी

मुरादाबाद, अमृत विचार: परिषदीय स्कूलों में बजट न होने से व्याप्त संसाधनों की कमी अब दूर होगी। शासन ने स्कूलों में संसाधनों की मरम्मत और उपलब्धता के लिए निर्धारित कंपोजिट ग्रांट का 50 प्रतिशत बजट जारी कर दिया है।

जिले में संचालित 1401 स्कूलों को छात्र संख्या के अनुसार लगभग चार करोड़ की धनराशि मिलेगी। हालांकि, एक प्रश्न यह भी खड़ा हो रहा है कि 31 मार्च को सत्र समाप्त हो रहा है। ऐसे में प्रधानाचार्य आखिरी में इस धनराशि का उपयोग कैसे करेंगे। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इसी सप्ताह शेष राशि मिलने के बाद स्कूलों को संवारने के साथ ही टैबलेट की खरीद भी आसानी से हो सकेगी। प्रत्येक स्कूल को दो-दो टैबलेट मिलेंगे। एक अप्रैल से स्कूलों में रियल टाइम उपस्थिति की प्रक्रिया भी शुरू होनी है। रंगाई-पुताई के साथ कक्षों के सुरक्षात्मक कार्य भी होने हैं।

मुशायरा ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की ओर से मुशायरे का आयोजन, शायरों को किया सम्मानित

ए तिरंगा तू वतन की शान है, तुझ पे मेरी जान भी कुर्बान...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की ओर से मुशायरे का आयोजन किया गया। इसमें महानगर और अन्य जनपदों से आए शायरों ने अपने कलाम पेश किए।

मुख्य अतिथि बहार संभली, लोकतंत्र रक्षक सेनानी बाबर खां व विशिष्ट अतिथि मिर्जा अरशद बेग, आसिफ हसन और शाहनवाज खान रहे। कार्यक्रम का आगाज शमा रोशन करके किया गया। जिसके बाद सभी शायरों ने अपने कलाम पेश कर समां बांध दिया व अपनी गजलों से सभी का दिल जीत लिया। शायर अहमद मुरादाबादी ने पढ़ा- बताओ कैसे कोई रहजनों को पहचाने, लिबास पहन लिए सब ने रहबरों की तरह। रिफत मुरादाबादी ने पढ़ा- गर्दिशे वक्त से कुछ देर सुकून पाने को, जर्फ वाले कभी जाते नहीं मयखाने को। कामिल संभली ने पढ़ा-प्यार से तूने क्या पुकारा है, मेरे दिल पर तेरा इजारा है। ख्याल मुरादाबादी ने पढ़ा- ए तिरंगा तू वतन की शान है, तुझ पे मेरी जान भी कुर्बान है।

मुशायरे में शायर को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के महानगर अध्यक्ष व मुशायरे के कन्वीनर साहिल शम्सी ने ऐतिहासिक कार्य करने वाले व सामाजिक क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बाबर खां व मिर्जा अरशद बेग को फखरे मुरादाबाद एवार्ड से नवाजा व सभी शायरों को सम्मानित किया। एडवोकेट अरशद परवेज को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता व लेखक फिरोज खां ने भारत में मुसलमानों के गिरते शैक्षिक स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसकी एक सबसे बड़ी वजह जहां तालीम है तो दूसरी सबसे बड़ी वजह संविधान और कानून की जानकारी न होना है। हमें नहीं मालूम कि हमारे क्या अधिकार हैं। आज हम अपना ज्यादातर वक्त मोबाइल सर्फिंग में और चैटिंग में गुजार देते हैं। हम लोग वक्त की कदर नहीं करते जिसका खमियाजा आज हम भुगत रहे है। कन्वीनर तारिक अनवर ने उर्दू फरोग के लिए मुशायरे को एक अहम कड़ी बताते हुए कहा कि जहां उर्दू मुशायरा तहजीब और अदब में अपनी मिसाल रखता है तो वहीं अपने जज्बात की तर्जुमानी का बेहतरीन जरिया भी है। इसके अलावा खयाल मुरादाबादी, शरार हसनपूरी, अहमद मुरादाबादी, जार मुरादाबादी, शहजाद मलिक, नसीम वारसी, फरीद आलम फरीद ने कलाम पेश किए। अध्यक्षता इंजी. हाजी सलीम अख्तर ने की और संचालन संयुक्त रूप से शायर चांद खां व फिरोज खां ने किया।

जागरूकता से कुष्ठ रोग के निदान को करें प्रेरित

मुरादाबाद, अमृत विचार: स्पर्श कुष्ठ अभियान के क्रम में सोमवार को पीएमएस पब्लिक स्कूल में कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य मैथ्यू ने छात्र-छात्राओं से कहा कि जागरूकता व ज्ञान के अभाव के कारण समाज में कुष्ठ रोगी के प्रति भेदभाव बढ़ रहा है। जिसे खत्म करने में विद्यार्थी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को बताया कि जन जागरूकता से इस रोग को पूर्ण रूप से समाप्त किया जा सकता है। कुष्ठ रोग से प्रभावित ऐसे व्यक्ति से ड्रॉपलेट इन्फेक्शन के माध्यम से यह रोग दूसरे व्यक्ति के शरीर में जा सकता है। कार्यक्रम के आयोजन में उप प्रधानाचार्य निश्मा पाठक सहित अन्य अध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा।

बिना पंजीकरण संचालित नर्सिंग होम सील, झोलाछाप में हड़कंप

संवाददाता, मैनाठेर

अमृत विचार: मैनाठेर क्षेत्र में सोमवार को नगर पंचायत महमूदपुर माफी में बिना पंजीकरण संचालित नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान महिला की मौत हो गई। इस दौरान परिजनों ने काफी हंगामा भी किया था। शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए उक्त नर्सिंग होम को सील कर दिया। जिससे झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया।

गौरतलब है कि संभल जिले के बनियाठेर थाना क्षेत्र के नरौली नगर निवासी महिला की शादी हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के ही गांव बराही निवासी युवक से हुई थी। शनिवार को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों द्वारा उसे महमूदपुर माफी नगर में एक अपंजीकृत एएस नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। जहां प्रसव के दौरान रविवार दोपहर महिला की मौत हो गई थी। जिस पर महिला के परिजनों ने हंगामा किया था। सोमवार को एएस अस्पताल पर नोडल अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार पहुंचे। इस दौरान डाक्टर नर्सिंग होम बंदकर फरार हो गया। नोडल अधिकारी ने बताया कि महमूदपुर माफ़ी में एमएस अस्पताल को सील करने की कार्रवाई की गयी है। वही पंडित नगला स्थित एएच हॉस्पिटल को भी सील कर दिया गया। नोडल अधिकारी का कहना है जो भी अस्पताल बिना पंजीकरण संचालित हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

खंड शिक्षाधिकारी ने किया स्कूल का निरीक्षण

बिलारी, अमृत विचार : क्षेत्र के अमरपुर काशी ग्राम स्थित श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रयोगात्मक परीक्षा का निरीक्षण करने आए खंड शिक्षा अधिकारी अजहरे आलम का स्वागत किया गया। उन्हें पीला गमछा ओढ़ाकर एवं डायरी प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा ने भेंट की। वहीं कार्यालय प्रभारी राजीव कुमार को भी गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की प्रेरणादाई साहित्य भेंट किया गया।

अरविंद कुमार को मिली पीएचडी उपाधि

अमृत विचार, ठाकुरद्वारा : गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज सुरजन नगर जयनगर के भूगोल विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत अरविंद कुमार को फर्रुखाबाद में दुग्ध व्यवसाय का सामाजिक आर्थिक विकास पर प्रभाव शीर्षक पर महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विवि बरेली द्वारा भूगोल में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। इस पर प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र सिंह व अन्य ने बधाई दी हैं।

मुआवजे को लेकर किसानों का हंगामा

भूमि अधिग्रहण शिविर में किया प्रदर्शन, 2024 के सर्किल रेट से मांगा मुआवजा

सवांददाता, ठाकुरद्वारा/डिलारी

अमृत विचार : राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण में भूमि अधिग्रहण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जहां अधिकतर किसानों ने सर्किल रेट का विरोध करते हुए भूमि संबंधी कागजात जमा करने से इनकार करते हुए हंगामा कर दिया। बाद में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा गया।

मुरादाबाद-काशीपुर फोरलेन हाईवे के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) दोनों तरफ के किसानों की कृषि भूमि एवं आबादी में मकानों का अधिग्रहण कर रहा है। इसके मुआवजे को लेकर किसानों में नाराजगी है। उनका कहना है कि किसानों को मुआवजा 2019 के सर्किल रेट से दिया जा रहा है, जबकि भूमि का अधिग्रहण 2024 में किया जा रहा है। इस बीच सर्किल रेट काफी बढ़ चुका है।

शिविर के बाहर प्रदर्शन करते किसान यूनियन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

सोमवार को जटपुरा और जलालपुर के किसानों के भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इसमें नाममात्र किसानों ने ही जमीनों के कागजात जमा किए। इस बीच किसान यूनियन के नेतृत्व में ग्राम असदुल्लापुर, फरीदपुर हाजी, नाखूनका, लोदीपुर पट्टी के किसानों ने विरोध दर्ज कराया। उन्होंने लिखित शिकायती पत्र शिविर में मौजूद अधिकारियों को सौंपा। इसका कहा है कि भूमि अधिग्रहण के साथ किसानों के मकान व दुकान हाईवे निर्माण में ध्वस्त होने पर आर्थिक नुकसान होगा। एनएचएआई के अधिकारी मयंक कुमार, नायब तहसीलदार मुकेश कुमार, लेखपाल मुनव्वर अली आदि ने शिकायती पत्र लेकर एनएचएआई के अधिकारियों को अवगत कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान भाकियू के तहसील अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, सोमवीर सिंह, कृपाल सिंह, राजपाल सिंह, कृष्णवीर, कपिल कुमार, चरण सिंह, अर्जुन, अनुज, शाहनवाज, राकेश कुमार, दिनेश कुमार, सुरेश कुमार, मुकेश कुमार, गजराज सिंह, अहमद हसन, राजवीर सिंह, मतलूब हसन, कल्लू सिंह, ऋषिपाल सिंह, होराम सिंह, गेंदा सिंह आदि मौजूद थे।

किरण बेदी के पंजाब का राज्यपाल मनोनीत होने पर जताई खुशी

बिलारी, अमृत विचार: तहसील क्षेत्र के श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरपुर काशी में कन्या भारती पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें मोदी सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं को बढ़ावा देने आदि विषयों पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने देश की प्रथम आईपीएस महिला किरण बेदी को पंजाब का राज्यपाल मनोनीत करने पर खुशी जताई।

इस दौरान बैठक में कन्या भारती अध्यक्ष दिव्यांशी सैनी, लक्ष्मी यादव, निशा यादव, आंचल सैनी, कुमकुम सैनी, कामिनी सैनी, खुशी शर्मा, भारती यादव ,अंजलि सागर, गौरी सैनी आदि मौजूद रही।

स्कूल के प्रधानाचार्य पं. विनोद कुमार मिश्रा ने किरण बेदी के पुलिस सेवा काल के कई संस्मरण सुनाए। बालिका शिक्षा प्रमुख मीनू यादव, शिशु भारती प्रमुख भावना यादव एवं सहायक शिवानी सैनी ने भाग लिया।

सार-संक्षेप

बच्चों को खिलाई कृमिनाशक एल्बेंडाजोल की गोली

बिलारी, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्यौडारा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के अंतर्गत जो बच्चे एल्बेंडाजोल की गोली खाने से रह गए थे। उन्हें विद्यालय में कार्यक्रम अधिकारी द्वारा गोली खिलवाई गई। इस दौरान प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा एवं नोडल स्वास्थ्य प्रभारी डॉ. अनुपम गुप्ता प्रवक्ता ने स्वास्थ्य संबंधी सामग्री का भी वितरण किया। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

रुपयों के लेनदेन को लेकर ससुर व देवर ने की मारपीट

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ससुर व देवर से अपने हिस्से के रुपये मांगने पर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर ससुर व देवर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। नगर के वार्ड 18 निवासी जुबेदा पत्नी अनीस ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह किराए के मकान में अपने पति के साथ रहती है। पति हैदराबाद मजदूरी करने गया है। उसके मकान का निर्माण चल रहा है। वह अपने ससुर से अपने हिस्से के रुपये मांगने गई थी। महिला का आरोप है कि ससुर ने रुपये देने से इनकार करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान उसके देवर ने भी पहुंचकर बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। चीख-पुकार पर मोहल्ले के लोगों को आता देख जान से मारने की धमकी देते हुए उसके ससुर व देवर फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे महिला के पिता अख्तर अपनी घायल बेटी को लेकर कोतवाली पहुंचे और आरोपी ससुर व देवर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने महिला का मेडिकल कराकर जांच शुरू कर दी है।

शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर में सुरक्षा, शांति व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य मार्गों से पैदल फ्लैग मार्च कर शांति बनाए रखने की अपील की। सोमवार को कोतवाली प्रभारी किरनपाल सिंह के नेतृत्व में नगर में अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने की दृष्टि से कोतवाली, बुधबाजार, पुरानी घास मंडी बाजार गंज, कदीर तिराहा, कमालपुरी मार्ग अस्पताल रोड पर पैदल फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील। फ्लैग मार्च में वरिष्ठ उपनिरीक्षक बिजेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक संदीप बालियान, उपनिरीक्षक आरिफ खान, कांस्टेबल गुलशन कुमार, निशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

तहसीलदार ने ग्राम प्रधानों को दिए दिशा- निर्देश

कांठ, अमृत विचार : तहसीलदार ने ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। जिसमें रायपुर खुर्द ग्राम पंचायत में बनी गोशाला में केयरटेकर एवं हरे चारे की व्यवस्था की जिम्मेदारी ग्राम प्रधानों और लेखपालों को सौंप कर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। तहसीलदार कांठ आनंद कुमार नायक ने रायपुर खुर्द में निर्माणाधीन गोशाला के लिए केयरटेकर की व्यवस्था की जिम्मेदारी ग्राम प्रधानों को करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गोशाला पर 10 ग्राम पंचायत के प्रधान केयरटेकर एवं हरे चारे की व्यवस्था कर रहे हैं। जिससे गोवंश ठीक प्रकार से सुरक्षित और संरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायत में ग्राम समाज की सार्वजनिक भूमि पर लोगों के अवैध कब्जे हैं उन्हें हटाकर उक्त ग्राम समाज की जमीनों को खाली करा कर लेखपाल एवं ग्राम प्रधान हरे चारे की व्यवस्था गोवंश पशुओं के लिए कराएंगे। उन्होंने कहा कि सभी लेखपाल एवं ग्राम प्रधान इस कार्य में पूरा सहयोग करें। उन्होंने कहा कि इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर प्रधान संघ के अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, रणजीत सिंह, दूल्हे हसन, राजेंद्र सिंह आदि प्रधान एवं लेखपाल उपस्थित रहे।

महिलाओं से आत्मनिर्भर बनने का आह्वान

कांठ, अमृत विचार : भारत विकास परिषद् रूहेलखण्ड पश्चिम प्रान्त का प्रान्तीय महिला सम्मेलन एवं कार्यशाला स्वयंसिद्धा का आयोजन बिलासपुर में किया गया। सम्मेलन में महिलाओं से आत्मनिर्भर बनने व समाज की सेवा करने का संकल्प लिया गया। कांठ निवासी शाखा के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई ने बताया कि सम्मेलन का आरंभ मुख्य अतिथि भगवान सहाय अग्रवाल एवं परिषद के पदाधिकारी ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित करके किया। सम्मेलन में पाला मेहता, अजय कुमार बिश्नोई, पीके अग्रवाल, डॉ. गौरव वार्ष्णेय, अजय कुमार, कविता खुराना, रेखा अरोरा, सुनीता अग्रवाल आदि ने विचार व्यक्त किय। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीके अग्रवाल ने की। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया। अजय कुमार विश्नोई ने भारत विकास परिषद् का परिचय देते हुए संस्था के कार्यों के बारे में बताया। प्रांत की ओर से सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण व अतिथियों को स्मृति चिह्न दिये गए। कार्यक्रम का संचालन करुणा अग्रवाल व कविता खुराना ने किया।

यू डायस पोर्टल का कार्य पूर्ण न करने पर चेतावनी दी

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : खण्ड शिक्षा अधिकारी वेगीश सिंह गोयल ने बताया कि वर्तमान सत्र 2023-24 हेतु यू-डायस पोर्टल का कार्य समाप्त होने को है। जिसमें ब्लॉक में संचालित कुल 430 मान्यता प्राप्त विद्यालयों एवं मदरसों में से 300 विद्यालयों द्वारा यू-डायस पोर्टल पर प्रोफाइल मॉड्यूल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। परंतु 31 विद्यालय ऐसे हैं, जिन्होंने अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किया है। इन्हें चेतावनी दी गई है।

साप्ताहिक बाजार से लगा जाम ग्रामीणों व राहगीरों को परेशानी

संवाददाता, कांठ

▸▸ **गन्ने लदे ओवरलोड ट्रकों के कारण जाम की समस्या विकराल हुई, जिम्मेदार मौन**

अमृत विचार: नगर में मुरादाबाद हाईवे पर प्रतिदिन जाम लगने से लोग परेशान हो गए हैं। साप्ताहिक बाजार के दिन ग्रामीणों को हाईवे पर जाम लगने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं पुलिस गन्ने से लदे ओवरलोड वाहनों के आवागमन पर अंकुश नहीं लगा पाई है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

मुरादाबाद-हरिद्वार मार्ग जाम की जद में रहा। मार्ग पर जाम लगने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नगर से होकर ही मुरादाबाद-हरिद्वार मार्ग गुजर रहा है। हाईवे से नागरिक रामलीला मंदिर के समीप सब्जी बाजार एवं मुख्य बाजार में प्रवेश करते हैं। ग्रामीणों को सर्वाधिक परेशानी चीनी मिलों को ढो रहे गन्ने के ओवरलोड ट्रकों के कारण जाम लगने के वजह से हुई। पुलिस इन ओवरलोड वाहनों के संचालन पर अंकुश नहीं लगा पाई है। दिनभर गन्ना लदे ट्रक और बड़े-बड़े ट्राले मार्ग पर जाम का कारण बने रहे हैं। साथ ही अवैध ई रिक्शा और टेंपो चालक भी जाम को बढ़ावा दे रहे हैं। ये अवैध ई रिक्शा और टेम्पो सड़क के दोनों ओर खड़े हो जाते हैं। जिससे जाम लग जाता है।

थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने साप्ताहिक बाजार के दिन बैरिकेडिंग लगाने का आश्वासन दिया था, लेकिन उन पर अमल नहीं किया गया। इस कारण जाम की समस्या से साप्ताहिक बाजार में आने वाले ग्रामीणों को जूझना पड़ा है।

शपथ आयुक्त बनने पर अधिवक्ताओं का सम्मान

बिलारी, अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन ने जनपद न्यायाधीश द्वारा 13 अधिवक्ताओं को शपथ आयुक्त बनाए जाने पर सम्मान समारोह आयोजित किया।

सोमवार को तहसील प्रांगण में तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जनपद न्यायाधीश द्वारा 13 अधिवक्ताओं को शपथ आयुक्त बनाने पर अधिवक्ताओं का स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आफाक हुसैन ने शपथ आयुक्त बनने पर अधिवक्ताओं का फूल-माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस दौरान भगवान शरण माथुर , चेतन पाल सिंह, सुनील कुमार सिंह, तेज प्रताप सिंह चौहान, नवाब हुसैन, भारत सिंह यादव, सचिन कुमार शर्मा, मोहित सिंह व उस्मान मलिक इत्यादि मौजूद रहे।

मांगों को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: तहसील मुख्यालय पहुंचकर भारतीय किसान यूनियन (अंबावत) के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी मणी अरोड़ा को सौंपा।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (अंबावत) के नेताओं ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उप जिलाधिकारी मणी अरोड़ा को सौंपा। उनकी प्रमुख मांगों में भारत में चुनाव ईवीएम मशीन से न कराकर बैलेट पेपर से कराने, चुनाव में ईवीएम मशीनों का प्रयोग बंद करने, पूरे भारत में किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ करने, देश में वृद्धावस्था पेंशन 5000 रुपये प्रति माह करने, किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान नियमित रूप से करने व निर्धारित मूल्य 100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाने, देश में चिकित्सा व शिक्षा निशुल्क करने, दैवीय आपदा से किसानों की बर्बाद हुई फसलों का उचित मुआवजा प्रत्येक तहसील के लेखपाल द्वारा निष्पक्ष सर्वे कराकर देने आदि की मांग की गई।

उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते भाकियू अंबावत के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

▸▸ **देश में ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग**

उन्होंने चेतावनी दी गई कि यदि इन मांगों को पूरा नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन अंबावत के कार्यकर्ता आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इस दौरान ज्ञापन पर जिला अध्यक्ष मोहम्मद रफ़ी खान, इरशाद, मोहम्मद सलीम, रियासत अली, रामकिशोर, हामिद अली, मोहम्मद उमर, मोबीन अली, मोहम्मद कासिम सिद्दीकी, मुजम्मिल, गुरुवेश, विजेंद्र कुमार, जाहिद, रशीद, फहीम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शिक्षिकाओं के अनुपस्थित मिलने पर एसडीएम ने किया जवाब-तलब

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: एसडीएम ने कई प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालयों का दौरा किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति चेक कर साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाएं देखी। वहीं शिक्षिकाओं के अनुपस्थित मिलने पर उन्होंने स्पष्टीकरण तलब किया है।

शासन द्वारा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा का स्तर सुधारने के निर्देश जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। डीएम के निर्देश पर एसडीएम कांठ सचिन राजपूत ने ग्राम मुख्तियारपुर नवादा, खतापुर, डुडैला, रायपुर खुर्द, शाहपुर, बिचपुरी मनकुआं आदि विद्यालयों का दौरा किया। वहां पहुंचकर उन्होंने छात्र-छात्राओं की उपस्थिति चेक की और सफाई व्यवस्था तथा प्रेरणा एप के माध्यम से कितने छात्र-छात्राओं की उपस्थिति दर्ज हो रही है, इसके बारे में जानकारी ली। एसडीएम के निरीक्षण में ग्राम मुख्तियारपुर नवादा की एक शिक्षिका अवकाश पर बताई गई और डुडैला के विद्यालय में एक शिक्षिका गैर हाजिर मिली। एसडीएम ने अनुपस्थित शिक्षकों का स्पष्टीकरण तलब किया है। साथ ही जिन विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम पाई गई है, उन विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को छात्रों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

प्राथमिक विद्यालय में निरीक्षण करते एसडीएम सचिन राजपूत। ● अमृत विचार

▸▸ **छात्र-छात्राओं की कम उपस्थिति पर शिक्षकों से छात्र संख्या बढ़ाने के लिए कहा**

त्रिवेणी, दीवान शुगर मिल ने गन्ने के बढ़े दाम का भुगतान किया

छजलैट, अमृत विचार: शासन द्वारा किसानों की मांग पर 20 रुपये प्रति क्विंटल गन्ने के भाव में बढ़ोतरी की गई है। त्रिवेणी और दीवान शुगर मिल द्वारा इसका भुगतान किसानों के खाते में कर दिया गया है। वहीं स्योहारा शुगर मिल ने अभी तक भुगतान अभी नहीं पहुंचा है।

शासन द्वारा 20 रुपये प्रति क्विंटल गन्ने की बढ़ोतरी का भुगतान शीघ्र करने के निर्देश मिल चुके हैं। उसके पश्चात भी गन्ने का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है। यह जानकारी देते हुए सहकारी गन्ना समिति कांठ के सचिव मुकेश कुमार सक्सेना ने बताया कि स्योहारा शुगर मिल के एरिया का भुगतान 10 जनवरी तक का बनाकर भेजा गया है लेकिन किसानों के खाते में अभी तक नहीं पहुंचा है। त्रिवेणी का 8 जनवरी तक का और दीवान का 24 जनवरी तक का एरिया किसानों के खाते में पहुंच चुका है। लेकिन स्योहारा शुगर मिल का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि स्योहारा शुगर मिल के एरिया की कार्रवाई पूर्ण हो चुकी है और शीघ्र ही किसानों के खाते में धनराशि पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि दीवान शुगर मिल के गन्ने का भुगतान 3 जनवरी तक, त्रिवेणी का 22 जनवरी तक और स्योहारा का 19 जनवरी तक का किसानों के खाते में जा चुका है।

बाइक व गाड़ी की टक्कर में मामूली घायल

छजलैट, अमृत विचार : थाना छजलैट क्षेत्र में छजलैट की तरफ से जा रही कार के चालक ने शुक्ला की पुलिया के पास ब्रेकर आने पर अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे पीछे चल रही मोटरसाइकिल की कार में जोरदार टक्कर हो गई। जिससे कार शीशा टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया और अंदर बैठी सवारियों को मामूली चोटें आयीं। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई लेकिन दोनों पक्षों में समझौता होने के कारण पुलिसकर्मी वापस चले गए।

आयोजन सीएनएस एकेडमी कुचावली में बाबा फुलसंदे का प्रवचन

सद्गुरु की कृपा से ही दूर होता है कर्मों का बंधन : फुलसंदे

संवाददाता, छजलैट

अमृत विचार: कर्मों के बंधन में जकड़ा मानव जीवन कर्मों के बंधन से छुटकारे का प्रयास करता है, लेकिन सद्गुरु की कृपा से ही वह कर्मों के बंधन से मुक्त होकर परमात्मा को प्राप्त कर सकता है।

यह विचार सीएनएस एकेडमी कुचावली में प्रवचन करते हुए सत्पुरुष बाबा फुलसन्दे ने कहा कि जिस प्रकार दरवाजे पर दस्तक देने से ही दरवाजा खुलता है। उसी प्रकार परमात्मा का द्वार भक्ति मार्ग पर चलने से खुल जाता है और वह कर्मों के बंधन से मुक्त हो जाता है। उनका कहना है कि मानव कर्मों के बंधन से मुक्त होने का प्रयास करता है परंतु वह संसारिक बंधनों से बिना सतगुरु की कृपा से मुक्त नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि दान करने से दान में वृद्धि होती है। कंजूस व्यक्ति को दान के महत्व की जानकारी नहीं होती। दान करने से दरिद्रता दूर होती है। विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रियंका सिंह ने बाबा की आरती की। स्कूल के चेयरमैन सुंदर सिंह ने शाल ओढ़ा कर बाबा का स्वागत किया। सत्संग में सैकड़ो नागरिकों ने पुण्य लाभ कमाया।

सत्संग में प्रवचन करते बाबा फुलसंदे। ● अमृत विचार

मीरपुर मोहन चक में श्रीहरि कथा सुनाते स्वामी राजेंद्रानंद महाराज।

▸▸ **स्कूल के चेयरमैन सुंदर सिंह ने शाल ओढ़ा कर बाबा का स्वागत किया**

▸▸ **सत्संग में सैकड़ों नागरिकों ने पुण्य लाभ कमाया**

संस्कार के बिना मनुष्य पशु समान : स्वामी राजेंद्रानंद

ठाकुरद्वारा /सुरजन नगर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मीरपुर मोहन चक्र में खेजड़ी धाम पर चल रही श्री जम्भवाणी हरिकथा के दूसरे दिन स्वामी राजेंद्रानंद ने कहा कि संस्कार हमें पूर्वजों से विरासत में मिलते हैं। अगर किसी एक पीढ़ी में संस्कार नहीं है तो आने वाली पीढ़ियों में भी निश्चित ही संस्कार नहीं होंगे। संस्कारों की आवश्यकता सबको होती है। बिना संस्कार के मनुष्य पशु के समान होता है। उन्होंने कहा कि आज का युवक नशे का शिकार होता जा रहा है। आज युवाओं में करियर को लेकर दबाव और तनाव रहता है। ऐसे में युवा इन समस्याओं से निपटने के लिए नशीली वस्तुओं का सेवन करता है और धीरे-धीरे इसका आदी हो जाता है। उन्होंने बिश्नोई धर्म के संस्थापक भगवान गुरु जंभेश्वर के विषय में भी बताया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

एक नजर

हार्ट अटैक से अधेड़ की मौत, परिवार में कोहराम

आदमपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के कस्बा ढबारसी में 60 वर्षीय व्यक्ति की हार्ट अटैक से मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। कस्बा ढबारसी निवासी 60 वर्षीय चांद खां एक फरवरी की दोपहर खाना खाने के बाद घर के बाहर तख्त पर लोगों के साथ बैठे थे। तभी अचानक सीने में दर्द होने लगा। परिजन उन्हें निजी चिकित्सक के यहां ले गए। चिकित्सक ने उन्हें मेरठ के लिए रेफर कर दिया। हालात में सुधार नहीं होने पर परिजन घर ले आए। सोमवार की सुबह परिजन उन्हें दिल्ली ले जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी अधेड़ की सांसें थम गईं। जिले में हार्ट अटैक से मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। दो महीने में 30 से अधिक लोगों की जान हार्ट अटैक से गई है।

गोवंशीय पशु के अवशेषों को नोच रहे कुत्ते

हसनपुर, अमृत विचार : नगर में गोवंशीय पशु के अवशेषों को जंगली कुत्ते नोच कर खा रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी अनजान बने हैं। सोमवार को कनैटा अड्डे के निकट फूलपुर-बिझलपुर मार्ग के निकट गोवंश पशु के अवशेषों को कुत्ते नोचकर खा रहे थे। संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अधिकारी यहां से गुजरते भी हैं लेकिन उनका इस ओर ध्यान नहीं जाता। अवशेषों को कुत्तों द्वारा नोंचने का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

विजिलेंस टीम ने तीन घरों में पकड़ी बिजली चोरी

अमरोहा, अमृत विचार : नगर में बिजली चोरी रोकने के लिए अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में विजिलेंस टीम ने छापेमारी कर तीन घरों में बिजली चोरी पकड़ी। इस कार्रवाई से बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया। सोमवार को अधीक्षण अभियंता पुनीत कुमार के नेतृत्व में विजिलेंस टीम ने सुबह हाईलॉस फीडर टाउन 11 और 12 के क्षेत्र में चेकिंग की। इस दौरान टीम ने तीन घरों पर बिजली चोरी पकड़ी और उनके कनेक्शन काट दिए। इस कार्रवाई से बिजली चोरी करने वालों में हडकंप मच गया। अधिशासी अभियंता जीडी प्रजापति ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए कई महीने से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी। इसीलिए बिजली चोरी करने वाले लोग सक्रिय होने लगे थे। ओटीएस योजना को देखते हुए छापेमारी की कार्रवाई रोक दी गई थी।

किसी ने बताया लाभकारी तो किसी ने दिखावा

बजट देखने को सुबह से ही टीवी पर नजर गढ़ाए रहे लोग

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : केंद्र सरकार के बाद अब उत्तर प्रदेश की सरकार के वित्त मंत्री ने प्रदेश के इतिहास में सबसे बड़ा बजट पेश किया। इस बजट के माध्यम से सरकार ने करोड़ों रुपए की योजनाओं का शुभारंभ किया है। सरकार इस बजट को सभी वर्गों का ध्यान रखकर बनाने की बात कह रही है।

वहीं बजट की किसी ने सराहना की तो किसी ने इसे नकारा। बजट को लेकर नगर वासियों में काफी उत्साह रहा। सुबह 11 बजे से ही टीवी-एलईडी के आगे बैठकर बजट देखते रहे। तमाम लोग मोबाइल पर भी बजट की अपडेट लेते रहे। युवा व व्यापारियों ने बजट पर ज्यादा ध्यान दिया।

व्यापारियों और किसानों को बजट से काफी उम्मीद थीं। लेकिन नाखुश नजर आए। कुछ लोगों का कहना है कि बजट में महिला, युवा, किसान और रोजगार सृजन पर सबसे ज्यादा जोर दिया गया है। जबकि कुछ लोगों ने बजट को केवल लॉलीपॉप बताया।

टीवी पर बजट देखते लोग। ● अमृत विचार

महिलाओं, युवाओं तथा किसानों के लिए कल्याणकारी बजट है। निराश्रित महिलाओं की पेंशन बढ़ाने तथा धार्मिक नगरों व धर्मार्थ मार्गों व इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास द्वारा प्रदेश के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने वाला बजट है। शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने तथा पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की खंडपीठ स्थापित करने हेतु भी बजट की व्यवस्था की जाती तो यह अधिक उपयोगी होता।

-मुजाहिद चौधरी, अधिवक्ता

डार्क जोन घोषित क्षेत्रों से डार्क जोन हटा कर प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में सराहनीय कार्य किया है। किसानों को यह भी उम्मीद थी कि प्रदेश सरकार की ओर से भी केंद्र सरकार की तर्ज पर किसान सम्मान निधि की व्यवस्था की जाएगी। मगर ऐसा नहीं हो सका। इससे किसानों को निराशा ही हाथ लगी है।

-कृष्ण कुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ

आज विधान सभा के बजट सत्र में भाग लिया। वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की अर्थव्यवस्था बनाने का मजबूत आधार स्तम्भ बनेगा। यह बजट सभी को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह जनता के लिए लाभकारी है।

-महेंद्र सिंह खड़गवंशी, विधायक

भाजपा सरकार का यह बजट सिर्फ कुछ लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस बजट में किसान, व्यापारी एवं युवाओं के लिए कुछ नहीं है। इस बजट से जनता को कोई लाभ नहीं होगा।

-कमाल अख्तर, विधायक व राष्ट्रीय सचिव सपा

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह सभी के लिए लाभकारी है। धार्मिक नगरों को इस बजट के माध्यम से महत्व दिया गया है जो सनातन धर्म के लिए महत्वपूर्ण है।

-रेशू अग्रवाल, गृहणी

भाजपा सरकार ने जो बजट पेश किया है वह जनता के लिए लाभकारी है। इसमें किसान, व्यापारी, महिलाओं एवं अन्य वर्गों को ध्यान में रखकर सभी को लाभ पहुंचाया गया है। बजट से सभी को लाभ मिलेगा।

-कामिनी अग्रवाल, गृहणी

सरकार ने 2024 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था। इस बजट से किसानों की आय कैसे दोगुनी होगी। सरकार किसानों को छल रही है। **-देवेंद्र सैनी, तहसील अध्यक्ष, भाकियू शंकर**

प्रदेश का सबसे बड़ा बजट होने के बावजूद सरकार द्वारा उपेक्षा चिंताजनक है। हाईकोर्ट की खंडपीठ स्थापना के लिए बजट में कुछ नहीं रखा गया।

-पंडित रवि शंकर शर्मा, अधिवक्ता

प्रदेश सरकार को बजट में नहीं दिखा किसानों का दर्द

संवाददाता, मंडी धनौरा/बुरावली

अमृत विचार : योगी सरकार का आठवां बजट सोमवार को पेश किया गया। प्रदेश के इतिहास में अब तक का यह सबसे बड़ा बजट है। लोकसभा चुनाव से कुछ समय पहले पेश हुए इस बजट में सरकार ने हर वर्ग को साधने की कोशिश की है। लेकिन किसानों का कहना है कि सरकार को उनका दर्द नहीं दिखाई दे रहा। इस बजट में किसानों के लिए कोई खास बात नहीं है। वहीं कुछ लोगों ने बताया कि बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। युवाओं के लिए नौकरी, मध्यम व्यापारियों को सब्सीडी आदि व्यवस्था की गई है। बजट के संबंध में किसानों समेत अन्य लोगों ने अपनी राय रखी।

योगी सरकार को किसानों का दर्द दिखाई नहीं दिया। फसलों को बर्बाद कर रहे छुट्टा पशुओं के लिए बजट में कोई प्रबंध नहीं किया गया है। गन्ने का समर्थन मूल्य 450 रुपये किया जाना था, लेकिन बजट में ऐसा कुछ नहीं किया गया। **- अनुज नागर, जिला उपाध्यक्ष भाकियू शंकर।**

प्रदेश का किसान कर्ज मुक्त होना चाहिए। घरों का बिजली बिल भी माफ होना चाहिए था। लेकिन किसानों की उम्मीद पर यह बजट खरा नहीं उतरा। **- प्रमोद नगर, प्रदेश उपाध्यक्ष भाकियू शंकर**

विधान सभा के बजट सत्र में भाग लिया। बजट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की अर्थव्यवस्था बनाने का मजबूत आधार स्तम्भ बनेगा। यह बजट सभी को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

-राजीव तरारा, विधायक मंडी धनौरा

बजट सिर्फ कुछ लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसमें किसान, व्यापारी एवं युवाओं के लिए कुछ नहीं है। इस बजट से जनता को कोई लाभ नहीं होगा।

- आलोक भारती, वरिष्ठ सपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य

गांव गुरैठा खादर में बनाई जा रही सीसी रोड। ● अमृत विचार

सीसी सड़क में लगाई जा रही मिट्टी

संवाददाता, मुबारिजपुर

अमृत विचार : चार सौ मीटर सीसी सड़क के निर्माण में रोड़ी-बजरपुट की जगह मिट्टी का उपयोग होने से नाराज ग्रामीणों ने मौके पर हंगामा किया। इसके बाद उन्होंने निर्माण कार्य रुकवा दिया।

ब्लॉक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव गुरैठा खादर में करीब 400 मीटर सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। एक दिन पूर्व विधायक के पुत्र देवेंद्र सिंह खड़गवंशी ने सड़क निर्माण का निरीक्षण करके मानक के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए थे। लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। दूसरे ही दिन सड़क में रोड़ी-बजरपुट के स्थान पर मिट्टी का उपयोग किया जाने लगा। इसका पता चलने पर ग्रामीण नाराज हो गए। उन्होंने मौके पर एकत्र होकर हंगामा किया और निर्माण कार्य रुकवा दिया। इस दौरान राकेश, अमन, जयवीर, मिथलेश, राखी, अनवर आदि मौजूद रहे।

बजट : भाजपाइयों ने बताया जनकल्याणकारी, विपक्ष बोला चुनावी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : प्रदेश सरकार ने अपने बजट से किसी को खुशियां दी तो किसी को मायूस किया है। इस बजट में मंहगाई से जनता को राहत पहुंचने का कोई उपाय न होने की बात कहकर विपक्ष इसे चुनावी बजट कह रहा है।

जबकि सत्ता पक्ष इस बजट को जनकल्याणकारी बताकर विपक्ष को आड़े हाथ ले रहा है। बजट की घोषणाओं को विपक्ष चुनावी घोषणा बता रहा है। भाजपा नेता बजट को कर्मचारियों के हित में और महिलाओं एवं गरीबों को विकसित करने वाला बजट बता रहे हैं।

हर कोई प्रदेश सरकार के बजट को अपने नजरिये से देखकर राजनीतिक नफा नुकसान की बात कह रहा है।

बजट विकास और जनकल्याणकारी है। महंगाई पर नियंत्रण लगेगा और गरीबों का विकास होगा। बजट से सभी को लाभ मिलेगा। किसानों को अपनी उपज के अच्छे दाम मिलेंगे। विपक्ष अपने समय में जनता का भला नहीं कर पाया है।

- उदय गिरि गोस्वामी, भाजपा जिलाध्यक्ष

वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था बनाने का मजबूत आधार स्तम्भ बनेगा। यह बजट सभी को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह जनता के लिए लाभकारी है। किसानों के लिए खुशहाली लेकर आएगा।

- डॉ हरि सिंह ढिल्लो, शिक्षक विधायक

बजट में किसानों को अनदेखी की गई है। किसानों को उम्मीद थी बिजली बिल माफी पर कुछ राहत मिलेगी लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इस बजट से तय हो चुका है कि सरकार के पास प्रदेश के विकास के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं है।

- दिवाकर सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष भाकियू शंकर

लोगों को बजट से बहुत आशाएं थीं। परंतु बजट से जनता को हताशा और निराशा मिली है। किसानों के कर्ज माफी की कोई घोषणा नहीं हुई। किसानों को कोई राहत नहीं दी गई। घरेलू एवं औद्योगिक बिजली के बिलों में कोई राहत नहीं दी गई।

- फिरोज अब्बासी, सदस्य पीसीसी

योगी सरकार का बजट भगवान श्रीराम को समर्पित है। यह बजट किसान, महिला और युवाओं के विकास को सशक्त करने वाला है। जनता की आशाओं को पूरा करने वाला बजट है।

- अभिनव कौशिक, जिला महामंत्री भाजपा

नौजवानों को रोजगार के कोई अवसर नहीं दिया गया। महंगाई पर कोई बात नहीं हुई। व्यापारियों के लिए बजट में कुछ नहीं है। यह बजट जनता के साथ धोखा है। बजट में जो भी वादे किए गए हैं, वह सिर्फ चुनावी हैं।

- परवेज अली, पूर्व एमएलसी

यह बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह सभी के लिए लाभकारी है। धार्मिक नगरियों को बजट के माध्यम से महत्व दिया गया है। यह सनातन धर्म के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

- शरद गर्ग, जिला उपाध्यक्ष भाजपा

सरकार ने 2024 तक किसानों की आय दोगुनी करनी का वादा किया था। इस बजट में किसानों का जिक्र तक नहीं है। गन्ने के मूल्य में नाममात्र की बढ़ोतरी की गई है। भाजपा सरकार किसानों को लगातार छल रही है। **- गुरमीत सिंह, प्रदेश महासचिव भाकियू (अराजनैतिक)**

दुकान के आगे खड़े वाहन से लगा जाम। ● अमृत विचार

बाजार में जाम से राहगीर परेशान, जिम्मेदार मौन

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : सोमवार को नगर के आंबेडकर पार्क के निकट जाम लगने से राहगीरों एवं व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लगभग आधे घंटे के बाद यातायात सुचारू हो सका।

शहर के मुख्य बाजार में जाम की समस्या आम बात हो गई है। जाम के कारण राहगीरों एवं व्यापारियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। कई बार व्यापारी संगठनों ने अधिकारियों से समस्या का समाधान करने की मांग की। लेकिन जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। सोमवार को आंबेडकर पार्क के निकट दोपहर लगभग एक बजे उस समय जाम लग गया जब एक व्यक्ति वाहन को दुकान के आगे खड़ा करके सामान उतारने लगा। इतनी देर में दोनों तरफ से बाइकों की लाइन लग गई।

बरेली में मिला घर से भागा नवीं का छात्र

हसनपुर, अमृत विचार : दो दिन पहले पहले पिता की डांट से नाराज होकर घर से गए छात्र को मोबाइल की लोकेशन के आधार पर पुलिस ने बरामद लिया। इसके बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाखेड़ा निवासी इकबाल का पुत्र अनस कक्षा नौ का छात्र है। तीन फरवरी को पढ़ाई न करने को लेकर इकबाल ने अनस को डांट दिया। था। इससे नाराज होकर अनस घर छोड़कर चला गया। काफी तलाशने के बाद भी उसका पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बच्चे की गुमशुदगी दर्ज कर ली। छात्र के मोबाइल की लोकेशन के आधार पर पुलिस ने उसे बरेली से बरामद कर लिया। अनस ने बताया कि पहले वह दिल्ली गया और फिर लखनऊ चला गया। लखनऊ में पैसे खत्म हो गए तो वह घर के लिए चल दिया था। इस बीच बरेली में पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

कोतवाली में खड़ी मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली। ● अमृत विचार

अवैध खनन में दो ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ीं

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : एसडीएम के निर्देश पर मिट्टी का अवैध खनन कर रहे दो ट्रैक्टर ट्राली को लेखपाल ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा दिया। मामले की सूचना खनन अधिकारी को दे दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। खनन माफिया बेखौफ होकर दिन में ही अवैध खनन कर रहे हैं। सोमवार को किसी ने एसडीम से अवैध खनन की शिकायत की। इस पर एसडीएम ने तत्काल हल्का लेखपाल मुस्कान त्यागी को मौके पर भेज दिया। लेखपाल ने कनैटा रोड पर मिट्टी का अवैध खनन कर रही दो ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ लिया।

कोतवाली लाकर दोनों ट्रैक्टर ट्राली पुलिस को सौंप दिए। लेखपाल ने अग्रिम कार्रवाई के लिए खनन अधिकारी को पत्र लिखा है। कोतवाली प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि हल्का लेखपाल ने अवैध खनन में लिप्त दो ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़ा है। अग्रिम कार्रवाई के लिए खनन अधिकारी को सूचना दे दी गई है।

खंड शिक्षाधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यकर्मों निपुर्ण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नियमित अनुश्रवण/समीक्षा के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की। इस दौरान उन्होंने निपुण भारत कार्यक्रम के अंतर्गत लापरवाही बरतने में खंड शिक्षाधिकारी अफजलगढ़ एवं मोहम्मदपुर देवमल के विरुद्ध चेतावनी जारी करने के बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देश दिए हैं। स्कूलों में अनुपस्थित रहने वाले अध्यापकों का वेतन रोकने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन राज्य सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल है। इसका उद्देश्य बेसिक शिक्षा को गुणवत्ता परक बनाना है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि 25 एवं 26 फरवरी को माध्यमिक शिक्षा के सभी सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छह से 12वीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित, विज्ञान एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों में विशेष रुचि पैदा करना एवं उनको निपुण बनाना है। उन्होंने बताया कि टेस्ट में सर्वाधिक नंबर लाने वाले 100 बच्चों का चिन्हिकरण कर उन्हें विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने अध्यापकों को निर्देश दिए कि इस टेस्ट में ज्यादा से ज्यादा बच्चों की भागीदारी के लिए छात्र-छात्राओं का ऑनलाइन पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत निर्धारित 19 पैरामीटर जैसे पुरुष व महिला के लिए अलग-अलग शौचालय, टाइलीकरण आदि में प्रभावी ढंग से प्लान बनाकर सभी स्कूलों में इनकी उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कहा कि आने वाले चुनाव के दृष्टिगत सभी विद्यालयों में आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, बिजली, फर्नीचर जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से होनी चाहिए।

उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प में अवशेष स्कूलों को निर्धारित मानकों के अनुरूप मार्च 2024 तक शत प्रतिशत रूप से संतृप्त करने के निर्देश दिए। संबंधित विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जिले में कोई भी स्कूल बिना चारदीवारी के नहीं मिलना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, बेसिक शिक्षाधिकारी जयकरण यादव, सभी खंड शिक्षाधिकारी व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

अमरोहा महोत्सव | सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी होगी मुख्य आकर्षण का केन्द्र

सपना चौधरी और जॉनी लीवर करेंगे मनोरंजन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिले में पहली बार अमरोहा महोत्सव होने जा रहा है। यह महोत्सव आठ दिन तक चलेगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर एडीएम मायाशंकर यादव, ईओ डॉ. ब्रजेश सिंह ने मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया।

अमरोहा महोत्सव का आयोजन 12 से 20 फरवरी तक किया जायेगा। डीएम राजेश कुमार त्यागी ने बताया कि गौरवशाली संस्कृति और विकास के लिए संकल्पित जिले में पहली बार अमरोहा महोत्सव का आयोजन हो रहा है। महोत्सव राजकीय मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। इसकी थीम शान-ए-अमरोहा सबकी शान, आओ मिलकर करें इसका विकास होगी। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह एवं सह नोडल के रूप में अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर यादव को बनाया गया है। अमरोहा महोत्सव में मुख्य आकर्षण के रूप में देश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत शास्त्रीय नृत्य, भजन संध्या, कव्वाली, वॉलीबुड नाईट, मुशायरा, रागिनी अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, कन्या गुरुकुल चोटीपुरा महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। इसके अलावा गीत व खेल की विभिन्न प्रतियोगिताएं आदि भव्य, दिव्य, आकर्षक व मनमोहक कार्यक्रम होंगे। विशेष आकर्षण के रूप में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की विकास प्रदर्शनी होगी। खेल, तमाशा, झूले, खान-पान की दुकान, बच्चों के मनोरंजन के लिए ऊंट और घोड़े की सवारी होगी। जिले के उत्पाद ढोलक, कंबल, जैकेट, चादर, जैविक खाद और कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र होगी।

महोत्सव में जादूगर मिस्टर इंडिया अल्ताफ राजा, स्वाती मिश्रा, मैथिली ठाकुर, राजकुमार रांचो, सपना चौधरी, जॉनी लीवर सहित विभिन्न कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। सोमवार को अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने राजकीय मिनी स्टेडियम में वीआईपी पार्किंग, जनरल पार्किंग, मंच, स्टालों, झूले, खेल तमाशे आदि की व्यवस्थाओं का ईओ के साथ निरीक्षाण किाय और आवश्यक निर्देश दिये।

मिनी स्टेडियम का निरीक्षण करते एडीएम मायाशंकर यादव व ईओ। ● अमृत विचार

किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार : किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में एडीजे आठ की कोर्ट ने दोषी को 20 साल की सजा सुनाई है। दूसरे आरोपी को मारपीट करने में दो साल की सजा सुनाई गई है। दोनों पर दो लाख दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की धनराधि पीड़िता को दी जाएगी।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण के अनुसार, उसकी 15 वर्षीय बेटी को गांव का ही रहने वाला आरोपी महेंद्र अपने साथी सीतराम के साथ ले गया था। आरोपी महेंद्र ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। दूसरे आरोपी ने मारपीट की थी। इस मामले में पीड़िता के पिता की तहरीर पर दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस मामले की सुनवाई एडीजे आठ की कोर्ट में हुई। एडीजीसी सुमित शर्मा ने बताया कि आरोपी महेंद्र को दुष्कर्म करने में 20 साल की कैद और सीताराम को दो साल की सजा सुनाई है।

पैरोकार तेजवीर ने बताया कि जुर्माने की धनराशि पीड़िता को देने के आदेश दिए गए हैं।

हमले के दोषी को आठ वर्ष की कैद

रामपुर, अमृत विचार : जिला कारागार में बंदी पर हमला करने के मामले में आरोपी को एडीजे स्पेशल जज ईसीएक्ट की कोर्ट ने आठ साल की सजा सुनाई है। साढ़े 10 हजार रुपये का जुर्माना अदा करने के आदेश दिए हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला लाल मस्जिद निवासी साजिद किसी मामले में जेल में बंद था। 11 सितंबर 2015 को जेल में बंदी नरेश मौर्या से किसी बात को लेकर उसका विवाद हो गया था।

मामूली कहासुनी पर घर में घुसकर की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : मामूली कहासुनी के बाद दो पक्ष आपस में भिड़ गए। घर में घुसकर तोड़फोड़ भी की। इसक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बटवाल में पूर्व सभासद सनव्वर अली और उनके भाई तसव्वर अजान रहते हैं। पुलिस के मुताबिक मोहल्ले के ही मोहम्मद इमरान देर रात शहर के एक वैंक्वेट हॉल में दावत खाकर लौट रहे थे। तभी गली के अंदर पूर्व सभासद के घर के आगे खड़े दो-तीन युवक उनके साथ मारपीट करने लगे। इसके बाद इमरान व तसव्वर अजान उनके घर में घुस आए और तोड़फोड़ की। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप ने बताया कि तसव्वर अजान समेत दो लोगों का शांतिभंग में चालान कर दिया गया है।

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर फ्री बाइक सर्विस कैंप
सभी कंपनी की मोटरसाइकिल के पार्ट्स पर 10% की छूट
Prop. Arun Bharti
Abhishek
Himanshu
कैंप दिनांक 26 जनवरी से 28 फरवरी तक
Mob.: 8449252175
8194049754
8057634963
SANSKAR DEEWAN AUTO TRADERS
All Geniune Parts Wholesale & Retail
Deals in : Erc Bajaj, Hero, Royal Enfield
Authorised Distriduter of :SLD, Unishot Besture
ROYAL ENFIELD
Hero
TVS
BAJAJ
YAMAHA
KTM RACING
Joya Road, Near Roadways, Amroha - 244221 (U.P.)

एक नजर

छुट्टा पशुओं ने गेहूं की फसल को नष्ट किया

हसनपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के एक किसान की साढे.तीन बीघा गेहूं की फसल को छुट्टा पशुओं ने नष्ट कर दिया। पीड़ित किसान का रो-रो कर बुरा हाल है। तहसील क्षेत्र में छुट्टा पशुओं के डर से किसान रात में जागकर गेहूं की फसल की रखवाली कर रहे हैं। इसके बाद भी छुट्टा पशु फसल को नष्ट कर रहे हैं। क्षेत्र के गांव रखेडा निवासी नेतराम की साढे. तीन गेहूं की फसल को छुट्टा पशुओं ने नष्ट कर दिया है। पीड़ित किसान ने सरकार से जल्द ही छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है।

कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

गजरौला, अमृत विचार : कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहर के मोहल्ला सुल्तान नगर निवासी प्रेम सिंह व रोहित सोमवार की सुबह बाइक पर सवार होकर हापुड़ जा रहे थे। नेशनल हाईवे पर शहबाजपुर डोर के पास पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। आरोपी चालक कार समेत फरार हो गया। राहगीरों ने घायलों को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

पहली पत्नी को फोन पर दिया तलाक, रिपोर्ट दर्ज

गजरौला, अमृत विचार : सऊदी अरब में दूसरा निकाह करने के बाद युवक ने पहली पत्नी को फोन पर तलाक दे दिया। महिला ने कोर्ट के आदेश पर पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शहर के सुल्ताननगर मोहल्ला निवासी महिला का निकाह मोहल्ले में ही रहने वाले मुशाहिद हुसैन हुआ था। दोनों दिल्ली रहने लगे थे। महिला ने चार बच्चों को जन्म दिया। महिला के अनुसार उसका पति 2015 में काम करने के लिए सऊदी अरब चला गया। वहां से वह महिला से फोन पर कभी-कभी बात करता था। दो जनवरी को दोनों के बीच फोन पर बात करते हुए कहासुनी हो गई। आरोप है कि युवक ने सऊदी अरब में दूसरा निकाह करने की बात कहते हुए महिला के साथ रहने से मना कर दिया तथा फोन पर ही तीन तलाक दे दिया।

गिरफ्तारी के डर से ग्रामीण ने की आत्महत्या

दो माह पूर्व दामाद ने भी की थी आत्महत्या, इसमें नामजद था छत्रपाल

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : गिरफ्तारी के डर से ग्रामीण ने सोमवार की सुबह फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक पर अपने दामाद को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में बछरायूं थाने में मुकदमा दर्ज है।

क्षेत्र के बिजोरा गांव निवासी छत्रपाल (42) ने अपनी बेटी की शादी करीब दो वर्ष पहले बछरायूं थाना क्षेत्र के आलमनगर गांव निवासी विपिन से की थी। दो माह पहले विपिन व छत्रपाल की बेटी के बीच अनबन हो गई थी। इसके बाद छत्रपाल अपनी बेटी को अपने घर ले आया था। इसके अगले ही दिन छत्रपाल के दामाद विपिन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में विपिन के परिवार वालों ने छत्रपाल व उसकी बेटी समेत कई लोगों के खिलाफ विपिन को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। रविवार को बछरायूं पुलिस छत्रपाल के घर पहुंची। उस समय छत्रपाल घर पर नहीं था। पुलिस छत्रपाल के भाई से उसे थाने भेजने की बात कहकर चली गई। रात को छत्रपाल लौटकर घर आया तो भाई ने उसे पुलिस के आने की बात बताई। परिवार वालों के अनुसार गिरफ्तारी के डर से छत्रपाल सोमवार की सुबह छह बजे उठा और गांव से करीब 500 मीटर दूर गेहूं के खेत में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह लोगों ने छत्रपाल के शव को फंदे पर लटका देखा तो घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

छत्रपाल की मौत के बाद बिलखते परिवार के लोग। ● अमृत विचार

गाजियाबाद में फंदे से लटका मिला कारपेंटर का शव

संवाददाता, आदमपुर

अमृत विचार : कस्बा व थाना आदमपुर निवासी 16 वर्षीय कारपेंटर का शव रविवार की दोपहर कमरे की छत के कुंडे के सहारे लटका मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मामला कस्बा आदमपुर का है। यहां रहने वाला 16 वर्षीय शाकिब सैफी पुत्र छिद्दा खां करीब 20 दिन पहले कारपेंटर का काम करने के लिए गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी गया था। उसने कुछ साथियों के साथ मिलकर किराए पर कमरा ले रखा था।

रविवार को शाकिब सैफी का शव चादर के सहारे कमरे की छत में लगे कुंडे से फंदे से लटका मिला। सूचना पर उसे नीचे उतारा गया। उस समय उसकी सांसें चल रही थीं। आनन-फानन में उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने शाकिब को मृत घोषित कर दिया।

बताया जा रहा है कि मृतक की बड़ी बहन की बुधवार को बरात आने वाली थी। परिवार के लोग शादी की तैयारी में लगे थे। शाकिब के आत्मघाती कदम से खुशियां गम में बदल गईं। सूचना के बाद परिजन शव को लेने के लिए गाजियाबाद रवाना हो गए हैं। मृतक आठ भाई-बहनों में सातवें नंबर का था।

एएसपी को ज्ञापन देते व्यापारी सुरक्षा फोरम के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

समस्याओं के समाधान के लिए एएसपी से मिला प्रतिनिधिमंडल

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : व्यापारी सुरक्षा फोरम का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश संयोजक एवं जिला अध्यक्ष मनोज टंडन के नेतत्व में एएसपी राजीव कुमार सिंह से मिला। ज्ञापन देकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की।

सोमवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम का प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। उन्होंने एएसपी राजीव कुमार सिंह को समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन दिया। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि मुख्य बाजारों में लगने वाले जाम से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इससे निजात दिलाई जाये। पुलिस के सहयोग के लिए कमेटी बनाई जाए। नशे का धंधा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस की गश्त नियमित की जाए। प्रत्येक माह होने वाली व्यापार प्रकोष्ठ की बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहकर समस्या का निदान करने का प्रयास करें। ज्ञापन देने वालों में मनोज टंडन, कमर नकवी, मोनू यादव, शाहरुख खान, अजीम, हाजी सोनू चौधरी, दानिश सैफी आदि रहे।

फंदे पर लटकने से हुई थी प्रेमी युगल की मौत

संवाददाता, आदमपुर

अमृत विचार : सैदनगली थाना क्षेत्र के सेदरा मिलक गांव में मिले प्रेमी युगल के शव का पोस्टमार्टम हो गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोनों की मौत की वजह हैंगिंग बताई गई है। शव गांव में पहुंचते माहौल गमगीन हो गया। इसके बाद रविवार की रात ही किशोरी के परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। जबकि युवक के परिजन दोषियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। पुलिस की मौजूदगी सोमवार को युवक का अंतिम संस्कार हुआ।

सेदरा मिलक गांव के राजू व किशोरी के शव रविवार को गेहूं के खेत में खड़े आम के पेड़ से लटके मिले थे। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए थे। युवक के परिजनों ने किशोरी के परिजनों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया था। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने सारी स्थिति स्पष्ट कर दी है। इसमें प्रेमी युगल की मौत का कारण हैंगिंग बताया गया है। पोस्टमार्टम के बाद रविवार की देर रात पहले किशोरी का शव गांव पहुंचा।

परिजनों ने किशोरी का रात में ही अंतिम संस्कार कर दिया। युवक का शव लगभग दो घंटे बाद गांव पहुंचा। पुलिस ने युवक के परिजनों से शव का अंतिम संस्कार करने की बात कही। लेकिन युवक के परिजन दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने तक शव को ऐसे ही रखने की बात पर अड़ गए। सोमवार को दोपहर पुलिस ने युवक के परिजनों को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों ने युवक का अंतिम संस्कार कर दिया। इस दौरान सीओ श्वेताभ भास्कर, सैदनगली, आदमपुर व हसनपुर पुलिस भी गांव में मौजूद रही।

एहतियात के तौर पर गांव में मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

शिविर लगाकर किए दिव्यांगों के पंजीकरण

अमरोहा, अमृत विचार : जिला विकलांग कल्याण विभाग की ओर से विकास भवन में दिव्यांगों के प्रमाण पत्र बनाने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की गई। इसमें 120 दिव्यांगों ने अपने आवेदन पत्र जमा किए।

जिला विकलांग कल्याण अधिकारी शिखा शर्मा ने बताया कि दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए दर-दर भटक रहे थे। उन्हें राहत पहुंचाने के लिए डीएम के निर्देश पर विकास भवन में प्रमाण पत्र बनाने हेतु शिविर लगाया गया। इसमें 120 दिव्यांगों ने आवेदन पत्र जमा किए। जिला अस्पताल से आये डॉक्टरों के पैनल ने आवेदनकर्ताओं की जांच की। डॉक्टरों की टीम ने दिव्यांगों की जांच कर रिपोर्ट लगा दी है। रिपोर्ट के आधार पर ही दिव्यांगों के प्रमाण पत्र प्रतिशत के आधार पर बनाए जाएंगे। बताया कि आवेदनकर्ताओं को प्रमाण पत्र लेने के लिए विकास भवन नहीं आना पड़ेगा। वह अपने प्रमाण पत्र जन सेवा केंद्र से ले सकते हैं।

भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

शिव मंदिर पर हुए भंडारे में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

संवाददाता, गजरौला

▸▸ लक्ष्मी नगर स्थित शिव मंदिर पर हुआ भंडारे का आयोजन

अमृत विचार : सोमवार को शहर के मोहल्ला लक्ष्मी नगर स्थित शिव मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें भक्तों की भीड उमड़ी।

सोमवार की सुबह शिव मंदिर पर सौरव वर्मा, गौरव वर्मा, प्रदीप, जयवीर नागर, रोनित, मोहित पंडित, कय्यूम, भारमपाल आदि ने भंडारा कराया। इसमें आसपास के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

सौरव वर्मा ने बताया कि बताया कि मोहल्ले की सुख शांति के लिए समय-समय पर भंडारे का आयोजन किया जाता है।

स्टंट कर रहे कार सवार युवक का वीडियो वायरल

डिडौली, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर कार सवार युवक का स्टंट करते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस इसकी जांच में जुटी है।

जिले में लगातार स्टंटबाजी के वीडियो वायरल हो रहे हैं। पुलिस भी कड़ी कार्रवाई कर रही है। इसके बाद भी स्टंटबाजों में पुलिस की कार्रवाई का खौफ नहीं है। सोमवार को एक वीडियो कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे नौ पर कार सवार युवक का स्टंट करते वायरल हुआ है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

यातायात प्रभारी का कहना है कि यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

हादसे की सूचना पुलिस को देकर निभाएं अपनी जिम्मेदारी : सीओ

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सोमवार को नगर के एक व्यापारिक प्रतिष्ठान में एआरटीओ प्रवर्तन महेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में स्कूली बस चालकों के लिए जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें यातायात नियमों का पालन करने पर जोर दिया गया।

जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य अनिल कुमार जग्गा ने कहा कि बच्चों को सुरक्षित रूप से लाना और घर छोड़ना चालकों की जिम्मेदारी है। रास्ते में वाहन चलाते समय हादसा होने पर चालक घायलों की मदद करता है। उन्हें अस्पताल पहुंचाकर अपनी जिम्मेदारी निभाता है। यह हिट एंड रन कानून के दायरे में नहीं आता। लेकिन हादसे के बाद वाहन लेकर फरार होने पर चालक के खिलाफ हिट एंड रन का केस बनता है। इसलिए हादसा होने पर पुलिस को सूचना देकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। संभागीय निरीक्षक प्राविधिक वैभव सोती ने वाहनों की फिटनेस कराने पर जोर दिया। रोडवेज के एआरएम मोहम्मद शफी ने चालकों को सुरक्षित डाइविंग के टिप्स दिए।

सीओ श्वेताभ ने कहा कि यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर मानवीय चूक के कारण होने वाले हादसों को टाला जा सकता है। समापन पर चालकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस दौरान टीएसआई अनिल मथुरिया, गुलशन पुरी आदि मौजूद रहे।

शिविर में जानकारी देते सीओ श्वेताभ भास्कर। ● अमृत विचार

किशोरी से छेड़छाड़ में दोषी को तीन साल कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

▸▸ अदालत ने दोषी पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया

अमृत विचार : किशोरी से छेड़छाड़ करने के मामले में दोषी युवक को अदालत ने तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोषी पर 10,000 रुपये जुर्माना भी लगाया है।

मामला गजरौला थाना क्षेत्र से जुड़ा है। पांच सितंबर 2014 की सुबह किसान की नाबालिग बेटी गांव के बाहर कूड़ा डालने जा रही थी। घर लौटते समय गांव के ही मूलचंद ने रास्ते में उसके साथ छेड़छाड़ की थी। पीड़िता ने घर आकर परिजनों को घटना की जानकारी दी थी।

किसान ने मूलचंद के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया थ। पुलिस ने मूलचंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाद में वह जमानत पर जेल से बाहर आ गया था। इस मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) निशांत शैव्य की कोर्ट में हुई। शनिवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। अदालत ने पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार मूलचंद को दोषी करार दिया था।

इसके बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था। सोमवार को कोर्ट में सजा के प्रश्न पर सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक नवीन कुमार त्यागी ने दोषी को सजा दिलाने के लिए मजबूत पैरवी की। इस पर कोर्ट ने मूलचंद को तीन साल के कारावास की सजा सुनाई।

आरोग्य मेले में 427 पशुओं का हुआ इलाज

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : विकास खंड के गांव पहाड़पुर इनायत में पशुपालन विभाग द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें 427 पशुओं का उपचार किया गया।

सोमवार को आयोजित एक दिवसीय मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक तोताराम ने फीता काटकर व गोपूजन करके किया। उन्होंने कहा कि सरकार सभी के हित ध्यान में रखकर चल रहीं है।

उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दिपाक्षी सिंह ने शिविर में मौजूद पशु पालकों को पशुओं के खानपान व देखरेख के विषय में जानकारी दी। बताया कि गाय व भैंस के बच्चा होने के बाद हर छह महीने में कृमि नाशक दवाई अवश्य खिलाएं। मिनिरल मिक्चर खिलाएं। ताकि पशुओं में बांझपन की समस्या उत्पन्न न हो और पशु स्वस्थ रहे। उन्होंने बताया कि पशु चिकित्सकों की टीम ने शिविर में 427 पशुओं का उपचार किया।

मेले में पशु चिकित्साधिकारी डॉ. भागेश सिंह, डॉ. प्रभुदयाल शर्मा, पशुधन प्रसार अधिकारी नेपाल सिंह, दिग्विजय सिंह, सुरेंद्र सिंह, कोशिंदर सिंह, धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

फीता काटकर मेले का उद्घाटन करते पूर्व विधायक तोताराम। ● अमृत विचार

आयोजन

▸▸ पूर्व विधायक तोताराम ने फीता काटकर किया उद्घाटन

▸▸ पशु पालकों को दी पशुओं के खानपान की जानकारी

मौसम आलू, स्ट्राबेरी व सब्जियों की फसलों के लिए नुकसानदायक बताई जा रही बारिश

बारिश ने ठंड के साथ बढाई किसानों की परेशानी

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : रविवार देर रात शुरू हुई बेमौसम बारिश सोमवार को भी रुक-रुककर होती रही। तेज हवा के साथ पूरे दिन हुई बारिश से मौसम का मिजाज ठंडा हो गया। बारिश ने सब्जी उत्पादक किसानों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीण क्षेत्रों के कच्चे मार्गों पर कीचड़ पसर गया। इससे ग्रामीणों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ा।

मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। शनिवार की शाम मौसम के मिजाज बदलने के बाद रविवार को भी बारिश हुई थी। बेमौसम बारिश से फसलों को नुकसान हुआ था। हालांकि तापमान बढ़ने से लोगों ने ठंड से राहत महसूस की। लेकिन रविवार देर रात के बाद मौसम फिर बदल गया और बारिश शुरू हो गई। सोमवार की सुबह 10 बजे तक बारिश का सिलसिला जारी रहा। दिन में भी कई बार बूंदाबांदी हुई। बारिश के साथ तेज हवा चलन से मौसम सर्द हो गया। ठंडी हवा से लोगों को परेशानी हुई। बेमौसम बारिश के कारण बाजारों में अन्य दिनों की अपेक्षा लोगों की आवाजाही कम रही। इस बारिश से आलू के साथ स्ट्राबेरी व सब्जियों की फसलों को भी नुकसान होगा। पैदावार पर भी असर पड़ेगा। कृषि विज्ञान केन्द्र प्रभारी एके मिश्र ने बताया कि लगातार बारिश से ज्यादातर फसलों को नुकसान पहुंचेगा।

बारिश में स्कूली जातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

लगातार दो दिन से हो रही बूंदाबांदी से बढ़ी ठंड

मंडी धनौरा, अमृत विचार : बीते तीन-चार दिन से सूर्यदेव के दर्शन होने से मौसम गर्म चल रहा था। लोग धूप का जमकर मजा ले रहे थे। लेकिन रविवार व सोमवार को बूंदाबांदी के बाद मौसम एक बार फिर ठंडा हो गया है। दो दिनों से आसमान से बूंदाबांदी होती रही। ऐसा होने से दिन भर सूर्यदेव ने भी दर्शन नहीं दिए। शीतलहर से ठंड और बढ़ गई। इसके चलते रविवार के मुकाबले सोमवार को तापमान में गिरावट आई। शाम के समय हवा चलने से ठंड और बढ़ गई। शाम को बाजार भी समय से पहले ही बंद हो गए। किसानों ने बूंदाबांदी को फसलों के लिए अच्छा बताया है। गांव ताजपुर निवासी महिपाल सिंह यादव ने बताया कि बूंदाबांदी खेती के लिए लाभदायक है।

जर्जर तारों को बदलवाने के लिए प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

जर्जर तार बदलवाने को किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : गांव हटव्वा में हाई टेंशन लाइन में बार-बार हो रहे फॉल्ट की वजह से जर्जर तार टूट कर कई बार सड़कों पर गिर चुके हैं। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जर्जर तारों को बदलने की मांग की है।

जोया ब्लॉक के गांव हटव्वा में लगभग 20 साल पुरानी हाई टेंशन लाइन है। इसमें लगे तार जर्जर हो चुके हैं। कई बार टूटकर नीचे जमीन पर गिर चुके हैं। इससे करंट आने लगता है।

जर्जर तारों की वजह से आग लगने का डर है। ग्रामीणों का कहना है कि इसके लेकर कई बार अधिकारियों से बात भी की जा चुकी है। हर बार कोई न कोई बहाना लेकर टाल देते हैं। सोमवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जर्जर तारों को बदलवाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों में आरिफ अली, तस्लीम हुसैन, इलियास हुसैन, मोबीन अली, मुशर्रफ अली फैजान अली, भूरे अली, जसपाल सिंह, मरगूब हुसैन, बब्बन अली, बाबू अली, शरीफ अली आदि मौजूद रहे।

ट्रक की टक्कर से डिवाइडर पार कर कार से टकराई स्कार्पियो

डिडौली, अमृत विचार : हाईवे पर ट्रक की चपेट में आने के बाद बेकाबू स्कार्पियो डिवाइडर पार कर दूसरी लेन पर जा रही कार से टकरा गई। हादसे में दोनों कार क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस ने ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

हादसा डिडौली कोतवाली क्षेत्र के चौधरपुर में अमरोहा बाजार के पास हुआ। रामपुर जिले के पटवाई थाना क्षेत्र के गांव पटवाई निवासी शैलेंद्र प्रताप सिंह अपनी स्कार्पियो से दिल्ली की ओर जा रहे थे। इस दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कार्पियो में टक्कर मारी दी। इससे अनियंत्रित हुई स्कार्पियो डिवाइडर पार करते हुए दिल्ली-मुरादाबाद लेन से गुजर रही कार से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में शैलेंद्र प्रताप सिंह व दूसरी कार में सवार लोग भी घायल हो गए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यथोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तथोमैत्री न जीवर्यति॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है, जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

संपादकीय

कदाचार रोकने के लिए

सरकारी भर्ती परीक्षाओं में कदाचार को रोकने के लिए केंद्र ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2024, लोकसभा में सोमवार को पेश किया गया। इसमें प्रश्नपत्र लीक करना, अभ्यर्थियों की सहायता करना, कंप्यूटर सिस्टम से छेड़छाड़ करना, फर्जी वेबसाइट बनाना और बैठने की व्यवस्था में हेरफेर करना शामिल है। विधेयक में न्यूनतम तीन साल की सजा और एक करोड़ रुपये तक जुर्माना का प्रावधान किया गया है। परीक्षा आयोजित करने में लगे सेवा प्रदाताओं पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है और उन्हें भविष्य में जिम्मेदारियों से रोका जा सकता है। बजट सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि सरकार युवाओं को लेकर चिंतित है, जिस तरह से परीक्षाओं में अनियमितता हो रही है उसे सरकार गंभीरता से ले रही है। लिहाजा फैसला लिया गया है कि परीक्षा में धांधली को रोकने के लिए नया कानून बनाया जाए। विधेयक में सार्वजनिक परीक्षाओं पर एक उच्च-स्तरीय राष्ट्रीय तकनीकी समिति की स्थापना की भी परिकल्पना की गई है, जो डिजिटल प्लेटफार्मों को सुरक्षित करने, फुल प्रूफ आईटी सुरक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी लागू करने और बुनियादी ढांचे के लिए राष्ट्रीय मानक तैयार करने के लिए प्रोटोकॉल विकसित करेगी।

गत वर्षों में भारत में पेपर लीक की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं, जिससे परीक्षा को रद करना पड़ता है और छात्रों के भविष्य पर गहरा असर पड़ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 2017-2023 तक सात सालों में अलग-अलग राज्यों में पेपर लीक के 70 से ज्यादा मामले सामने आए और 1.5 करोड़ से ज्यादा छात्र प्रभावित हुए हैं। सख्त कानून न होने से इस पर रोक नहीं लग पा रही। ऐसे में इस तरह का कानून बहुत जरूरी था। प्रतियोगी परीक्षाओं में जैसे-जैसे कदाचार हाईटेक होता जा रहा है दिन-रात मेहनत करने वाले मेधावी बच्चों को मानसिक आघात लग रहा है, वहीं कार्यशैली को लेकर पूरा सिस्टम भी कठघरे में खड़ा हो रहा है। प्रत्येक नौकरी का पहला चरण प्रतियोगी परीक्षा होता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता विश्वास पर टिकी होती है। परंतु सवाल है कि क्या दुनियाभर में सम्मान पाने वाले भारतीय युवा परीक्षाओं में होने वाली धांधलियों के चलते अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर अपेक्षित सम्मान हासिल कर पाएंगे? शिक्षा भले ही समवर्ती सूची का विषय हो और अलग-अलग राज्यों में परीक्षा में कदाचार को लेकर कानून हों लेकिन यदि उससे पूरे देश में व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हों तो केंद्र सरकार हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकती। विधेयक आने से परीक्षाओं की शुचिता पर विश्वास बहाल होगा।

यूपी में आर्थिक विस्तार व समृद्धता लाएगा बजट

डॉ. विकास प्रधान
विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीसलपुर, पीलीभीत

जनसांख्यिक लाभांश में युवा शक्ति को वास्तविक मानव कैपिटल के रूप में विकसित हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का नवीन प्रावधान उत्साह जनक है जिसमें युवा उद्यमी को रुपये पांच लाख तक की ब्याज मुक्त सहायता बेरोजगारी और सामाजिक भ्रष्टाचार पर गहरी चोट करेगा। साथ ही नए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना और टाटा के साथ उनमें प्रशिक्षण की व्यवस्था के साथ-साथ माटी, कला, बुनकर आदि के बारे में इस बजट के प्रावधानों को सराहा जाना चाहिए।

सोमवार को देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत हुआ जिसने सीधे गत वर्ष के 6.90 लाख करोड़ से 7.36 लाख करोड़ का उछाल किया और उत्तर प्रदेश की पूरी जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पिछले सात सालों में दोगुना होकर 25 लाख करोड़ हो गई। निश्चित ही अर्थव्यवस्था का विस्तार सुखद है, जो उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जा रहा है।

वर्ष 2024-25 का बजट वार्षिक दस्तावेज ही नहीं, बल्कि राजकोषीय अनुशासन वित्तीय अनुशासन बात चौमुखी विकास का अब संरचनात्मक प्रोत्साहन वाला बजट है। कारण है राजकोषीय घाटा एफआरबीएम एक्ट के अनुसार महज 3.46 प्रतिशत रह गया है और साथ ही उत्तर प्रदेश रिवेन्यू सरप्लस स्टेट बन गया है। कृषि क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र व सेवा क्षेत्र अर्थव्यवस्था के तीनों क्षेत्रों में संतुलित आर्थिक विकास का समीकरण इस बजट में स्पष्ट दिख रहा है। पूरे बजट का लगभग एक तिहाई हिस्सा कैपिटल एक्सपेंडिचर पर होना जिसमें 17 प्रतिशत इंफ्रास्ट्रक्चर पर व्यय होना।

उत्तर प्रदेश अर्थव्यवस्था के उज्ज्वल भविष्य का लक्षण है, क्योंकि नए राजमार्गों का विकास, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे आगरा एक्सप्रेस वे को जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेस वे बनाना, सड़क निर्माण करना, प्रधानमंत्री सड़क योजना को आगे बढ़ाना, 4000 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्क बनाना, 31500 मेगावाट अधिक बिजली उत्पादन संयंत्रों की स्थापना करना, रेलवे ऊपरगामी पुल निर्माण करना, ग्रामीण स्तर पर सेतुओं का निर्माण करना, अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन की स्थापना, कानपुर व आगरा में मेट्रो बनाना आदि उत्तर प्रदेश की अवसंरचना को अधिक मजबूत कर रोजगार सृजन करते हुए संतुलित आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री ने कृषि की बुनियादी समस्याओं व आवश्यकताओं को चिन्हित कर दो कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रावधान, मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना, नलकूपों की व्यवस्था करना, मत्स्य संपदा योजना को बल देना, सस्ती बिजली दर पर सिंचाई व्यवस्था आदि का बजटीय प्रावधान अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र का सुदृढ़ीकरण करेगा, क्योंकि कृषि बिना विकास की संभावना होती है। कृषि के भी मजबूत पक्ष को पहचानते हुए वित्त मंत्री ने चीनी मिल निर्माण व पुनर्निर्माण हेतु 500 करोड़ रुपए की व्यवस्था की।

> ग्रीन इंडिया, हरीतिमा विकास व पौधारोपण के प्रावधान हरित विकास व सतत विकास की राह में अच्छे कदम है। किंतु इनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है जिस पर बजट में कोई प्रावधान न होना जीडीपी ह्रास कर सकता है, सरकार को प्रत्येक क्षेत्र में जीरो बजटिंग से बचना चाहिए और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में परफॉर्मेंस बजटिंग पर फोकस करना चाहिए प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विकास पर बजट में ठीक-ठाक राशि आवंटित की गई है। किंतु उच्च शिक्षा- "कृषि विद्यालयों" को छोड़कर उतना प्राप्त नहीं कर पाए जितनी आवश्यकता थी और तब जब नई शिक्षा नीति 2020 की अवधारणा को साकार करने हेतु एक बड़े ढांचे की आवश्यकता है और एक बड़े बजट की भी।

जनसांख्यिक लाभांश में युवा शक्ति को वास्तविक मानव कैपिटल के रूप में विकसित हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का नवीन प्रावधान उत्साह जनक है जिसमें युवा उद्यमी को रुपये पांच लाख तक की ब्याज मुक्त सहायता बेरोजगारी और सामाजिक भ्रष्टाचार पर गहरी चोट करेगा। साथ ही नए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना और टाटा के साथ उनमें प्रशिक्षण की व्यवस्था के साथ-साथ माटी, कला, बुनकर आदि के बारे में इस बजट के प्रावधानों को सराहा जाना चाहिए। किंतु ग्रामीण विकास, ग्रामीण बाजार व छोटे हाट पर कोई नीतिगत विवरण आंकड़ागत विकास की बात न होना इन योजनाओं में लीकेज उत्पन्न कर सकता है। केंद्रीय योजना आयोग (वर्तमान में नीति आयोग) की तर्ज पर उत्तर प्रदेश की अति महत्वपूर्ण आवश्यकता क्षेत्रीय विकास की अवधारणा, बुंदेलखंड विकास निधि व पूर्वांचल विकास निधि के प्रस्ताव के साथ-साथ केंद्रीय उत्तर प्रदेश के जनपदों लखीमपुर, हरदोई, भदोही, मिर्जापुर आदि में औद्योगीकरण टेक्सटाइल पार्क की स्थापना आदि संतुलित आर्थिक विकास के सिद्धांत पर खरा उतरता है। किंतु इसमें तराई का क्षेत्र व श्री अन्न विकास कहीं छूट गया है। पीलीभीत जनपद के गन्ना किसानों व चीनी मिलों को शायद चीनी मिल निर्माण के 500 करोड़ रुपये में से कुछ अधिक मिले तो अच्छा होगा या पीलीभीत टाइगर रिजर्व व पर्यटन स्थल विकास हेतु आवंटित राशि का अधिक हिस्सा आवश्यक है ताकि बरेली मंडल को नाथ कारिडोर के अतिरिक्त भी कुछ मिल सके।

कन्या सुमंगला योजना में धनराशि बढ़ाना, निराश्रित महिलाओं की पेंशन बढ़ाना, ग्रामीण आवास बनाना, ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं आदि का प्रावधान स्वस्थ उत्तर प्रदेश को जन्म देगा और महिला को आर्थिक रूप से उत्पादकीय बनाएगा जो उत्तर प्रदेश की जीडीपी ग्रोथ में अपना योगदान दे सकेंगे, लेकिन यहीं पर महिला उद्यमी योजना महिलाओं हेतु सेल्फ हेल्प ग्रुप आदि की आवश्यकता व आकांक्षा थी जो अधूरी रह गई। धार्मिक स्थलों का विकास अब केवल धर्म की बात नहीं है, अब अर्थ की बात बन गई है, जो रोजगार सृजन अवसंरचना विकास पर्यटन आदि से राजस्व प्राप्तियां बढ़ाएंगे और राज्य को रिवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में पुनः स्थापित करेंगे, किंतु रास्तों व सड़कों का निर्माण आवागमन के साधनों व पब्लिक ट्रांसपोर्ट के विकास के बिना दुर्घटनाओं के रूप घातक सिद्ध हो सकते हैं तथा अर्थव्यवस्था समय विडंबना का शिकार हो सकती है, जो मुद्रास्फीति को बढ़ावा दे सकता है, सरकार को इस ओर भी ध्यान देना होगा।

ग्रीन इंडिया, हरीतिमा विकास व पौधारोपण के प्रावधान हरित विकास व सतत विकास की राह में अच्छे कदम है। किंतु इनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है जिस पर बजट में कोई प्रावधान न होना जीडीपी ह्रास कर सकता है, सरकार को प्रत्येक क्षेत्र में जीरो बजटिंग से बचना चाहिए और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में परफॉर्मेंस बजटिंग पर फोकस करना चाहिए प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विकास पर बजट में ठीक-ठाक राशि आवंटित की गई है। किंतु उच्च शिक्षा- "कृषि विद्यालयों" को छोड़कर उतना प्राप्त नहीं कर पाए जितनी आवश्यकता थी और तब जब नई शिक्षा नीति 2020 की अवधारणा को साकार करने हेतु एक बड़े ढांचे की आवश्यकता है और एक बड़े बजट की भी।

पशु चिकित्सा कॉलेज की आवश्यकता पशुधन संख्या के आधार पर अन्य जनपदों में भी है, जो संभवतः अग्रिम बजट में पूर्ण हो सकती है। डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना टैबलेट मोबाइल फोन वितरण के बीच की कड़ी के रूप में कार्य कर सकता है, इसे प्रोत्साहन की आवश्यकता है। तुरंत आर्थिक विकास हेतु 400 करोड़ रुपये का प्रावधान, 24000 करोड़ की योजनाएं छात्रवृत्ति हेतु, लगभग 1000 करोड़ का प्रावधान मांग व पूर्ति शक्तियों को प्रबल बाजार व अर्थव्यवस्था के विस्तार में प्रबल भूमिका निभाएंगे और गुणक व विनियोग गुणक मजबूत होगा, किंतु भौतिकवादी प्रवृत्ति विकास व मुद्रास्फीति जैसी आर्थिक बाधाओं को विनियमित करने की भी चुनौती है।

निष्कर्षतः यह उत्तर प्रदेश सरकार का पूर्ण बजट है, जो पूर्ण लगता भी है और साथ ही संतुलित व सर्वज्ञ विकास का एक बेहतर दस्तावेज है, जो लागू होने पर आर्थिक विस्तार व समृद्धता दोनों लाएगा।

प्रसंगवश

देर से किया कम दुरुस्त निर्णय

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा की गई है। इसके बारे में 'देर आयत दुरुस्त आयत' की कहावत अर्द्धसत्य ही होगी। आडवाणी जी का कद राष्ट्रपति बनाए जाने के योग्य था। 2014 में भाजपा केंद्र में सत्तारूढ़ हो गई थी और जुलाई 2017 में राष्ट्रपति का चुनाव होना था। तब रामनाथ कोविंद को पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आडवाणी से खुन्नस मानते थे, क्योंकि मोदी के प्रधानमंत्री बनाए जाने के समय आडवाणी ने उनके रास्ते में कांटे बिछाए थे। इसे मोदी नहीं भूले और पीएम बनने पर उन्हें एकदम महत्वहीन कर दिया। यही नहीं 2017 में ऐन राष्ट्रपति चुनाव से पहले सीबीआई ने बाबरी मस्जिद ध्वंस कांड संबंधित तत्समय 6 साल से सुप्रीम कोर्ट में पड़ी याचिका को जागृत कर दिया और प्रार्थना की कि आडवाणी, जोशी आदि बड़े नेताओं पर षडयंत्र का मामला बनता है। लोग चकित रह गए कि आडवाणी की अपनी ही सरकार की सीबीआई ने ऐसा कर दिया। तब राष्ट्रपति पद हेतु उनके दावे का सवाल ही नहीं रह गया। यहां बता दें कि गोधरा कांड के घटित होने पर उनके गुजरात के मुख्यमंत्री पद को बचाने वाले आडवाणी ही थे, क्योंकि तत्समय के प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी उन्हें (मोदी को) पद से हटाना चाहते थे। अयोध्या के नए राम मंदिर प्रकरण में भूमि पूजन से लेकर सद्यः संपन्न प्राण प्रतिष्ठा तक आडवाणी को वहां फटकने तक नहीं दिया गया। बहाना उनके स्वास्थ्य का था। अब 10 साल से मोदी सरकार है। आडवाणी को भारत रत्न देने की याद नहीं आई। उन प्रणव मुखर्जी को यह सम्मान दिया गया, जो कांग्रेस में रहकर हिंदुत्व और सनातन धर्म की जड़ें खोदते रहे। इस वर्ष भी कर्पूरी ठाकुर को यह सम्मान देने की घोषणा के बाद कुछ सोच समझकर आडवाणी के नाम की घोषणा की गई है। क्या कर्पूरी ठाकुर का व्यक्तित्व आडवाणी जी से विराट था? मेरा ख्याल है कि मंदिर प्रकरण में उन्हें एकदम अलग-थलग रखने से भाजपा का अपना हिंदुत्ववादी वोट बैंक बिखर रहा था और अंदर अंदर पुराने समर्पित लोग क्षुब्ध थे। आरएसएस और भाजपाई कार्यकर्ताओं ने यह अंदरूनी फीडबैक दिया होगा जिससे यह निर्णय लिया गया। जो भी हो उन्हें यह अलंकरण देने से अलंकरण की ही महिमा बढ़ी है।

आरक्षण समानता की गारंटी नहीं

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

> हमने विगत 75 साल में मनुष्य को महान नहीं बनाया जाति को महान बनाया। मनुष्य की मुक्ति के सवाल को केंद्रीय सवाल नहीं बनाया। आरक्षण के सवाल को प्रधान सवाल बनाया।

जाति प्रथा हमारे समाज का कलंक है और उससे भी बड़ा कलंक है पूंजीवाद जो जाति व्यवस्था को बनाए रखना चाहता है। जाति की किसी भी रूप में हिमायत मानवता का अपमान है। दलित हो या गैर दलित हो, या कोई अन्य कैटेगरी की जाति हो। जाति के आधार पर राजनीति, नौकरी, शिक्षा, बैंक कर्ज, जमीन, मकान आदि सबका जिस तरह वितरण हुआ है, उसने जाति को क्रूर और उत्पीड़नकारी बनाया है। जाति प्रथा पहले भी उत्पीड़नकारी थी, आज भी है। बेहतर हो संसदीय जनतंत्र में सबको समान अवसर की बात को ईमानदारी से लागू करें। जातिभेद, जाति आरक्षण, जाति विशेष के लिए विशेष सुविधाओं से तब ही निकल पाएंगे।

बेवकूफ और निकम्मा कर्मचारी, शिक्षक, इंजीनियर, क्लर्क आदि किसी भी जाति का हो सिस्टम के लिए कलंक है। सिस्टम बेहतर ढंग से चले इसके लिए जरुरी है कि निकम्मे, हरामखोर और बेवकूफ को ठिकाने कैसे लगाया जाए। इस पर सोचें, फिलहाल जो व्यवस्था है उसमें एक निकम्मा-बेवकूफ कर्मी अपनी जाति का रक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करता है। वह जाति कनेक्शनों और जाति कानूनों का अपनी नाकामी को छिपाने के लिए इस्तेमाल करता है और इस तरह के दुरुपयोग के हजारों मामले अदालतों में विचाराधीन हैं। हजारों योग्य युवा इस तरह के अक्षम लोगों की कु-क्षमताओं के मारे दर-दर भटक रहे हैं।

आरक्षण किसी भी रूप में समानता की गारंटी नहीं है। समानता की आधारभूत संवैधानिक मान्यताओं को जातिकेन्द्रित आरक्षण ने बाधित किया है। जिस तरह पांच दशक बाद पता चला कि मुसलमानों के साथ कितना बड़ा भेदभाव हुआ, ठीक एक दिन भारत में यह भी सर्वे आएगा कि आरक्षण के कारण कितना बड़ा बौद्धिक-प्रशासनिक-उत्पादन क्षमता का नुकसान हुआ। शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर जिस तरह के अक्षम-नाकारा लोगों ने विगत पचहत्तर सालों में कब्जा किया है उनकी जाति का जरूर सर्वे किया जाना चाहिए।

ऑफिसों में जाति विशेष का सदस्य होने के कारण अक्षमता पर सवाल नहीं किए जा सकते। अक्षमों के आधार पर आप देश को चीन की कोटि में खड़ा नहीं कर सकते। हम ध्यान से सोचें विदेशों में प्रतिभा पलायन करके जाने वाले कितने लोग किस जाति के हैं? भारत में ज्ञानियों की स्थिति यह है कि वे जाति विशेष के आग्रहों -दुराग्रहों-पूर्वाग्रहों से ग्रस्त होकर जाति समस्या पर विचार करते हैं, जो दलित हैं वे दलित होने के कारण सवर्णों को मनमाने ढंग से गरियाते हैं। यही हाल सवर्णों का है वे भी असवर्णवों को आए दिन गरियाते रहते हैं। जाति न तो प्रेम करने की चीज है और न गरियाने से जाने वाली है। जातिबोध को अंदर से नष्ट करने की जरूरत है। उसकी जगह नागरिक बोध पैदा करें। व्यक्ति को जाति के सदस्य के रूप में न देखकर व्यक्ति के रुप में देखें, नागरिक के रूप में देखें। नागरिक के रूप में सबको समान अधिकार दें, किसी को विशेष अधिकार न दें। हमारे यहां की संवैधानिक व्यवस्थाओं में जाति विशेष के लिए विशेष अधिकारों को संरक्षण दिया गया है। इसके चलते समूचे सिस्टम का असमान विकास हुआ है।

हमने विगत 75 साल में मनुष्य को महान नहीं बनाया जाति को महान बनाया। मनुष्य की मुक्ति के सवाल को केंद्रीय सवाल नहीं बनाया। आरक्षण के सवाल को प्रधान सवाल बनाया। हमें सारी दुनिया में इसके कारण लज्जित होना पड़ता है। हमें अभी भी वह इल्म सीखना है, जो सामाजिक मुक्ति का सपना पैदा करे। आरक्षण का सामाजिक मुक्ति के सपने से सामाजिक बैर है। जातिप्रेम के कारण ही भारत में विगत दो हजार साल में कोई सामाजिक क्रांति नहीं हो पाई। हम धन्य हैं। हमारा जातिबोध धन्य है और सारी दुनिया हमारे जातिप्रेम पर हंस रही है। जातिदंश किस तरह युवाओं में घृणा का संचार करता है, इसे देखना हो तो विज्ञापित पदों के लिए मांगे गए बैंक ड्राफ्ट आदि पर नजर डालें। आरक्षित जातियों के प्रत्याशी आवेदन शुल्क से मुक्त होते हैं। अन्य को शुल्क देना पड़ता है। जबकि बेकारों से आवेदन शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। बेकारों से नौकरी के फार्म के साथ आवेदन शुल्क नहीं लिया जाए चाहे आवेदक किसी भी जाति का हो। जातिप्रेम की यह सबसे घटिया सरकारी नीति है, जिसे तुरंत खत्म किया जाना चाहिए।

सोशल फोरम

निरंतर क्रिया है पलटना

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

पलटने में कोई बुराई नहीं। ये जीवित रहने का लक्षण है। पलटना भूमिका है लुढ़कने की। लुढ़कना गंतव्य पर जल्दी पहुंचने में मदद करता है। पलटना आगे बढ़ना है, ऐसे में जब भी मौका मिले आदमी को पलट जाना चाहिए। आप न अलटे न पलटे।

एक ही जगह अंगद का पांव बने जमे रहे तो कोई, क्यों भाव देगा आपको? यदि एक बार आपके बारे में यह धारणा बन जाए कि इसे पूछो या न पूछो, इज्जत दो या न दो इसे कहीं आना जाना नहीं है तो कौन आपसे नमस्ते करेगा। जहां है वहीं पड़े रहेंगे तो न घर वाले पूछेंगे आपको न बाहर वाले, जो अपने विचारों पर स्थिर रहे। एक ही गाना गाते रहे जिंदगी भर उससे ज्यादा बोर आदमी कौन हो सकता है?

अचानक पलट जाने में जो आश्चर्य का भाव है वही तो नमक है जिंदगी का। जीवन में कुछ नया शामिल करने के लिए पलटना जरूरी है। पलटेंगे तभी तो दूसरे पक्ष को जान पाएंगे। पलटेंगे तो तरोताजा बने रहेंगे। बिना पलटे तो रोटी भी जल जाती है। ऐसे में पलटना और अनुकूल समय पर पलटना एक योग्यता है, जो आपको जीवन में सफल होने में मदद करती है। पलटना चरावैती चरावैती वाला दर्शन है। जब भी आप पलटते हैं आगे बढ़ते हैं। नए चेहरे, नए विचार आपको और परिपक्व करते हैं। लगातार पलटते रहने वाला व्यक्ति स्थितप्रज्ञ हो जाता है।

दुनिया को दृष्टा भाव से देखता है वो। वो जानता है कि सब मेरे हैं और कोई मेरा नहीं। वो किसी का नहीं होकर भी सबका होता है। कीचड़ में कमल की तरह निर्लिप्त रहने का यह भाव उसे आदरणीय बनाता है। लगातार पलटना आपके अजातशत्रु और व्यवहार कुशल होने का प्रमाण पत्र है।

जब भी आप पलटते हैं, जिस दिशा से पीठ करते हैं, वो आपको अनादर भाव से ही देखें ये जरूरी नहीं। जिस से भी मुंह फेरते हैं आप वो भी जानता है कि एक न एक दिन आप फिर उसकी और मुंह जरूर करेंगे। ऐसे में सारी दिशाएं आपकी मित्र हो जाती हैं। पलटना निरंतर क्रिया है। जब एक बार पलटते हैं आप दोबारा पलटते ही हैं। पलटना उम्मीदें जगाने वाली क्रिया है और यह दुनिया उम्मीद पर ही टिकी है।

-फेसबुक वॉल से

हरबोले और हरदौल में कोई संबंध नहीं

देवेन्द्र सिंह
इतिहासकार, उरई

> क्रांति तो बुंदेलखंड में भी चल रही थी, मगर आदमी एक जगह से दूसरी जगह जाने में डरता था। उस समय सूचना के अन्य साधन भी नहीं थे। चूंकि हरबोलों से अंग्रेजों को कोई खतरा नजर नहीं आता था और क्रांतिकारी सैनिक इनको अपना ही समझते थे। अत: ये हर जगह आते-जाते रहे। अगर हलके शब्दों में कहे तो ये उस समय के विदाउट पेड संवाददाता थे। उन्हीं से बुंदेलों ने कहानी सुनी और इसीलिए सुभद्रा कुमारी चौहान ने लिखा-बुंदेले हरबोलों के मुख हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो झांसी वाली रानी थी।

सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता बुंदेलों हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी। इसमें ये हरबोले कौन हैं। मित्र हरबोलों को ओरछा के राजा हरदौल से जोड़कर देख रहे थे। पहली बात साफ कर दूं कि हरबोले और हरदौल में कोई संबंध नहीं है।

हरदौल का जन्म और मृत्यु 1857 की क्रांति से सैकड़ों वर्ष पहले ही हो चुकी थी। सुभद्रा जी 1857 की क्रांति में लक्ष्मी बाई के बारे मे लिख रही हैं। एक बात और सुभद्रा कुमारी चौहान मेरे चाचा वीके चौधरी (एडवोकेट इलाहाबाद) की पत्नी कृष्णा की बुआ थी। उनका लिखा साहित्य और मशहूर ग्रामोफोन रिकार्ड हम लोग बचपन से ही सुनते रहे हैं। अब मुख्य बात हरबोलों की। जब मैं स्वास्थ्य विभाग में सेवारत था तब मेरे एक कुलीग थे जिनके नाम के साथ सरनेम में हरबोला जुड़ा था। उनका पूरा नाम मैं भूल गया हूं। वे उत्तराखंड के निवासी थे। तब मुझे सुभद्रा जी की कविता के हरबोलों की याद और पता चला कि हरबोले एक समुदाय के रूप में उत्तराखंड में रहते हैं।

अब सवाल यह है कि क्रांति के विवरण से इनका क्या संबंध हो सकता है जिसको सुभद्रा कुमारी चौहान ने कविता में पिरोया। उत्तराखंड में जाड़े के दिनों में जब वहां बर्फ जम जाती है तब पुराने समय से वहां के पंडे झुंड के झुंड में मैदानों में अपने यजमानों के यहां आकर दान आदि प्राप्त करते और गर्मी आते-आते फिर वापस लौट जाते और बद्रीनाथ केदारनाथ में अपने पुश्तैनी कार्य में लग जाते। मुझे ये सब कैसे पता चला तो एक घटना सुनता हूं। उरई में मेरे घर के सामने एक प्रिंसिपल साहब रहते हैं। उनके घर में एक जाड़े में बड़ी चहल-पहल देख कर मैंने पूछा कि कि क्या मामला है? उन्होंने बताया कि पिछले साल बद्रीनाथ गया था वहां अपने पंडे जी को पांच कुंटल गेहूं दान करने का संकल्प किया था उसी को लेने के लिए आए हैं।

ऐसा बहुत से लोग करते हैं और उनके आने पर यहां दे देते हैं। अब मेरे मन में जिज्ञासा हुई कि आखिर इतना गल्ला वे ले कैसे जाते होंगे? तो एक दिन एक पंडे को पकड़ कर इंटरव्यू ले ही लिया। उन्होंने बताया कि गल्ला ले जाना संभव नहीं है। सब यहीं बेचकर नकद ही ले जाते हैं। अब हरबोलों की बात सुनो। हरबोले भी ठंड के मौसम में पहाड़ों से उतरकर मैदानों में आते थे, लेकिन इनके यजमान नहीं होते थे। ये गांव-गांव जाते। आबादी के हिसाब से एक एक गांव में कई-कई दिनों तक किसी धर्म प्रिय के यहां रुकते। फिर सुबह निकलकर हर घर के द्वार पर गए और हरिबोल का उद्घोष किया। घर से कोई निकला और अपने सामर्थ्य के अनुसार इनकी झोली में डाल दिया। वे अगले घर में पहुंचे फिर हरिबोल की आवाज और यही क्रम चलता रहता। जब एक गांव पूरा हो जाता तो फिर अगला गांव। चूंकि ये लोग मांगने के लिए केवल हरिबोल शब्द का ही उच्चारण करते थे। अतः हरबोले कहलाए। अब सुभद्रा जी ने हरबोलों से क्रांति की कहानी सुनने के बारे में जो लिखा उसका स्पष्टीकरण यह कि ये हरबोले जब एक गांव से दूसरे गांव में जाकर नाइट हाल्ट करते तो पिछले गांवों में जहां भी वे रुके थे, वहां के समाचार और घटनाओं के बारे में बतलाते, चर्चा स्वाभाविक रूप से करते। चूंकि वे उत्तर भारत से होकर बुंदेलखंड में आए। अतः उनके पास सूचनाओं का भंडार था।

क्रांति तो बुंदेलखंड में भी चल रही थी, मगर आदमी एक जगह से दूसरी जगह जाने में डरता था। उस समय सूचना के अन्य साधन भी नहीं थे। चूंकि हरबोलों से अंग्रेजों को कोई खतरा नजर नहीं आता था और क्रांतिकारी सैनिक इनको अपना ही समझते थे। अतः ये हर जगह आते-जाते रहे। अगर हलके शब्दों में कहे तो ये उस समय के विदाउट पेड संवाददाता थे। उन्हीं से बुंदेलों ने कहानी सुनी और इसीलिए सुभद्रा कुमारी चौहान ने लिखा-बुंदेले हरबोलों के मुख हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो झांसी वाली रानी थी।

व्यंग्य

वृद्धों के लिए घड़ियाली आंसू भी नहीं



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

भारत का बजट अंतरिम हो या अंतिम, प्रायः शेर-ओ-शायरी के खुशगवार मौसम में ही पेश होता है। पर, इस बार के अंतरिम बजट में शाइ'री-आइ'री कुछ नहीं था। बजट में वृद्धों के लिए एक भी घोषणा नहीं थी। सहूलियत और सुविधाओं के उल्लेख को छोड़िए मुझे संपूर्ण बजट में चश्मा लगाकर भी, 'बुड्ढा' या 'वृद्ध' शब्द पढ़ने को नहीं मिला।

बूढ़ों के प्रति इतनी सहानुभूति केवल सरकार ने ही दिखाई हो ऐसा नहीं है, बल्कि विपक्षियों ने भी इसका कोई जिक्र नहीं किया है। ऐसा लगता है कि ये लोग वृद्धावस्था जैसी कोई चीज ही नहीं मानते हैं। जैसे कुछ वर्षों पूर्व तक 'राम' और 'रामसेतु' का अस्तित्व नहीं मानते थे। जबकि बचपन-युवापन आदि जितने भी जीवन के पन हैं, सब संचारी हैं। केवल वृद्धावस्था ही अपरिहार्य, अपरिवर्तेय और अंत समय तक साथ देने वाला, अंतिम सत्य होता है। किसी तजुर्बेकार ने कहा भी है कि 'यह दुनिया सरायेपानी है, हर चीज यहां की आनी-जानी है।/जो जाके न आए, जवानी देखी, जो आके न जाए, बुढ़ापा देखा'।।

इन लोगों ने निर्धन, महिला, युवा, कृषक, मजदूर, व्यापारी, दुकानदार आदि सभी वर्गों के प्रति बजट में छींटे छिड़के, पर वृद्धों के लिए एक घड़ियाली आंसू भी नहीं बहाया। संभव है कि सरकार और संपूर्ण विपक्ष का मानना हो कि जब पहले से ही वृद्धों को सरकारी स्तर पर सभी प्रकार के यात्रा-किरायों में छूट आदि की विशेष सुविधाएं दी जा चुकी हैं तो अब उन्हें देने के लिए बचा ही क्या है!

मैं अपने वृद्ध भाइयों, जिन्हें सरकार की चापलूस भाषा में, 'वरिष्ठ नागरिक' कहा जाता है कि खातिर 'आल इंडिया ओल्ड आर्गेनाइजेशन' का नेतृत्व कर सकता हूं। वे चाहें तो इस मुद्दे पर कुछ करने या धरने के लिए अकिंचन को अपना नेता बना सकते हैं। जहां तक मुद्दे की सच्चाई की बात है तो हंसिया दूर न पड़ोसी की नाक। परसों का अखबार देख लो।

एक नजर

घर में घुसे नेवले ने बच्चे को किया घायल

संभल, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव में एक घर में नेवला घुस आया। नेवले ने घर में खेल रहे पांच साल के मासूम को लहूलुहान कर दिया। परिजनों ने किसी तरह बच्चे को बचाया। भंवाच निवासी कुलदीप का मकान जंगल के पास आबादी के बाहरी छोर पर है। सोमवार को कुलदीप का 5 वर्षीय बेटा अर्जुन घर में खेल रहा था। इसी दौरान जंगल से एक नेवला घर में घुस आया। नेवले ने मासूम अर्जुन पर हमला कर दिया। बच्चे की चीख पुकार सुनकर परिजन दौड़ कर मौके पर पहुंचे। परिजनों ने किसी तरह नेवले से बच्चे को छुड़ाया, लेकिन तब तक नेवला उसे जख्मी कर चुका था। परिजन बच्चे को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और उपचार कराया।

प्रदेश सरकार के बजट को लेकर लोगों ने खुलकर दी प्रतिक्रिया, हर वर्ग की टिकी रही निगाहें

कोई बोला विकास के साथ मिलेगा रोजगार, कोई हुआ मायूस

कार्यालय संवाददाता, संभल

- संभल में रोडवेज बस अड्डे के लिए बजट में प्रावधान न होने पर लोग मायूस हुए
- डार्क जोन में नए निजी नलकूप कनेक्शन से प्रतिबंध हटाने को ठीक बताया

अमृत विचार : प्रदेश सरकार के बजट पर हर वर्ग की निगाहें टिकी रहीं। किसी वर्ग ने बजट को अच्छा बताकर सरकार की सराहना की तो किसी की उम्मीद पूरी नहीं नहीं होने पर आलोचना की। हालांकि संभल में रोडवेज बस अड्डा के लिए बजट में प्रावधान नहीं हुआ तो लोग मायूस हुए लेकिन मुरादाबाद एयरपोर्ट को विकसित किए जाने पर यह कहकर प्रदेश सरकार की प्रशंसा की कि संभल भी मुरादाबाद मंडल का हिस्सा है।

किसानों के हित में डार्क जोन में नए निजी नलकूप कनेक्शन से प्रतिबंध हटाने को ठीक बताया लेकिन कनेक्शन सामान्य योजना में दिए जाने की मांग की गई। 14 शहरों में तीर्थों के पर्यटन विकास को बजट की व्यवस्था की गई पर संभल के तीर्थों पर ध्यान नहीं दिए जाने से लोग मायूस हुए। कई योजनाओं से युवाओं को रोजगार दिए जाने के प्रयास को अच्छा बताया गया।

गांवों में खेलों के लिए मिनी स्टेडियम एवं ओपन जिम के लिए सिर्फ 25 करोड़ रुपये का बजट दिए जाने पर युवाओं में मायूसी दिखी। अमृत विचार ने कई वर्गों के लोगों से बजट को लेकर प्रतिक्रिया ली तो उन्होंने खुलकर अपनी बात रखी।

बजट में एयरपोर्ट के लिए धन जारी करने की बात कही गई जो विकास की दृष्टि से बड़ा कदम है। मुरादाबाद और अलीगढ़ एयरपोर्ट को विकसित किए जाने से विकास के साथ साथ रोजगार को भी पंख लगेंगे।

-कमल कौशल वार्ष्णेय, निर्यातक

सरकार ने अयोध्या के लिए जो बड़ा बजट दिया है यह राम राज्य की स्थापना करने के लिए अच्छा कदम है। अब मथुरा की तरफ ध्यान देकर वहां विकास कार्य कराने के लिए बड़ा बजट जारी होना चाहिए।

-नीलांशु वार्ष्णेय, व्यापारी नेता

डार्क जोन में नए निजी नलकूप कनेक्शन पर लगा प्रतिबंध हटाना अच्छा है लेकिन कनेक्शन सामान्य योजना में दिए जाएं। कान्या बेसहारा गोशाला व बेसहारा आसरा योजना में बड़े बजट से किसानों को राहत मिलेगी।

-चौधरी वीरेंद्र सिंह, नेता भाकियू टिकैत

मथुरा समेत कई शहरों में तीर्थों के पर्यटन विकास के बजट देना अच्छा कदम है। मुरादाबाद में एयरपोर्ट को लेकर बजट में जो प्रावधान हुआ है उससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश का विकास होगा।

-हरित गौड़, युवा



सरकार के बजट में महिलाओं और युवाओं के विकास पर ध्यान दिया गया है। बजट में किसानों के लिए मुख्यमंत्री कृषि सुरक्षा योजना का प्रस्ताव अच्छी पहल है।

-दयाशंकर आर्य, भीकमपुर जैनी

एमएसएमई सेक्टर में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना और उप्र कौशल विकास मिशन से युवाओं को रोजगार की अवधारणा अच्छा प्रयास है।

-नितिन वार्ष्णेय, बबराला

पूर्व संचालित योजनाओं को अमली जामा पहनाने का बेहतर प्रयास

बजट में 24 हजार करोड़ की नई योजनाएं शामिल, निराश्रित महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और श्रमिकों को मिली सहूलियत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट सोमवार को पेश किया। बजट में 24 हजार करोड़ की नई योजनाएं शामिल की गई हैं। हालांकि अधिकांश उन योजनाओं को बेहतर तरीके से अमली जामा पहनाने का प्रयास किया गया है जो पूर्व में संचालित हैं।

बजट में निराश्रित महिलाओं के लिए पेंशन योजना 500 रुपये से बढ़ा कर एक हजार रुपये प्रतिमाह की गई है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत पात्र बालिकाओं को छह विभिन्न श्रेणियो में कुल 15 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है। महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 200 उत्पादकों का गठन करके तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाना है। इसके अलावा बजट में वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धा पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रत्येक जोड़े को 51 हजार रुपये का अनुदान, ई-श्रमिक योजना में श्रमिकों को दो हजार रुपये भरण पोषण भत्ता, रक्षाबंधन पर्व पर महिला यात्रियो को निगम की बसों में निशुल्क यात्रा आदि योजनाओं का लाभ दिये जाना शामिल है। बजट में किसको क्या मिला। इसको लेकर कहीं मायूसी छायी तो कहीं खुशी नजर आई।

राधा गोविंद ग्रुप आफ कॉलेज को मिली विश्वविद्यालय की मंजूरी

चंदौसी, अमृत विचार : प्रदेश सरकार के सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पेश बजट में राधा गोविंद ग्रुप आफ कॉलेज को विश्वविद्यालय की सौगात मिली है। इससे अब जनपद के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूर जनपदों में नहीं जाना पड़ेगा। विश्वविद्यालय की मंजूरी मिलने के बाद कॉलेज प्रशासन व नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। कॉलेज प्रबंधन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में जुट गया है।

प्रदेश के बजट में महिलाओं के लिए लागू सभी योजनाओं को जारी रखा गया है। ये अच्छी बात है। साथ ही किसानों और व्यापारियों के हित को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया गया है। बजट सराहनीय है।

-नूतन चौधरी, समाजसेविका

बजट में निराश्रित महिलाओं के लिए पेंशन धनराशि 500 रुपये से बढ़ा कर एक हजार रुपये प्रतिमाह की गई है। वरिष्ठ नागरिकों का भी ध्यान रखा गया है। कुल मिला कर बजट अच्छा है।

-वीनेश वार्ष्णेय, समाजसेविका

बजट निराशाजनक है। निराश्रित महिलाओं को पेंशन वृद्धि अपर्याप्त है। प्रदेश के छात्र और नौजवानों को बजट से निराशा हाथ लगी है क्योंकि छात्र शिक्षा के लिए और नौजवान रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है।

-सतीश प्रेमी, नेता विपक्ष



बजट में निराश्रित महिलाओं के लिए पेंशन की धनराशि दुगुनी करते हुए एक हजार रुपये प्रतिमाह की गई है। सरकार का ये निर्णय सराहनीय है। सभी वर्ग को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया गया है। बजट अच्छा रहा।

-नरेंद्र कुमार सिंह, शिक्षक

डार्क जोन में नए निजी नलकूप कनेक्शन देने पर प्रतिबंध हटाए जाने से करीब एक लाख किसानों को मिलेगा सीधे लाभ मिलेगा। यह सराहनीय है।

-रिषभ चौधरी, किसान नेता

बजट में नई योजनाओं को लागू नहीं किया गया है लेकिन पूर्व में संचालित सभी लाभकारी योजनाओं का लाभ सभी वर्ग को दिया जा रहा है। व्यापारी वर्ग के हित को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया गया है। बजट अच्छा है।

-भुवनेश वार्ष्णेय, व्यापारी



प्रदेश सरकार का बजट सराहनीय है। जिसमें युवाओं और निराश्रित महिलाओं का ख्याल रखा गया है। व्यापारीकरण में रणनीति बनाने का कदम सराहनीय है।

-अमित अग्रवाल, व्यापारी

प्रदेश सरकार की पहले से ही काफी लाभकारी योजनाएं संचालित हैं। खास बात ये है कि सभी लाभकारी योजनाओं को जारी रखा गया है। युवा, किसान, व्यापारी हित में बजट अच्छा है।

-तरुण नीरज, नागरिक

किसानों ने किया बीडीओ के दफ्तर का घेराव

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने छुट्टा गोवंश समेत कई समस्याओं को लेकर बीडीओ दफ्तर का घेराव कर अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी दी तो प्रशासन सक्रिय हुआ। एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर किसानों को 15 दिन में छुट्टा गोवंश की समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया, तब जाकर आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की गई।

भाकियू टिकैत के बैनर तले पदाधिकारी, कार्यकर्ता और किसान सोमवार को बीडीओ कार्यालय पहुंच गए। बीडीओ कार्यालय का घेराव कर धरना शुरू कर दिया। ब्लाक अध्यक्ष नेत्रपाल ने कहा कि छुट्टा गोवंश पशुओं की समस्या का समाधान नहीं हो सका। इस बीच बीडीओ अखिलेश कुमार को धरना स्थल पर बुलाया गया लेकिन वह कार्यालय में ही बैठे रहे। प्रदेश प्रमुख महासचिव एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी विजेंद्र सिंह यादव ने विकास खंड कार्यालय पर अनिश्चितकालीन आंदोलन का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग और राशन वितरण में भ्रष्टाचार चरम पर है। पांच जनवरी को जिला मुख्यालय पर हुए आंदोलन में 20 जनवरी तक पूरे जनपद को छुट्टा गोवंश से निजात दिलाने का आश्वासन मिला था, लेकिन बीडीओ समेत अन्य अधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं। छुट्टा गोवंश को गोशालाओं में संरक्षित करने के प्रयास नहीं हो रहे। छुट्टा गोवंश संरक्षित करने की व्यवस्था नहीं हुई तो आंदोलन होगा। सूचना मिलने पर एसडीम गुन्नौर रमेश बाबू के साथ ही बीडीओ मौके पर पहुंचे। एसडीएम ने 15 दिन में जुनावई ब्लॉक में छुट्टा गोवंश को संरक्षित करने का आश्वासन दिया। एक वाहन तत्काल लगा भी दिया। एसडीएम के आश्वासन पर भाकियू नेता, किसान संतुष्ट हुए और अनिश्चितकालीन आंदोलन स्थगित कर दिया। इस दौरान मुकेश यादव, डॉ. दिनेश यादव, अमर सिंह राजपूत, नेत्रपाल सिंह, जगदीश यादव, विपिन यादव आदि रहे।

ब्लाक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- भाकियू टिकैत साथ जुटे किसानों ने दिया धरना
- एसडीएम के आश्वासन पर अनिश्चितकालीन धरना स्थगित

दुकान का ताला तोड़कर नकदी व सामान चोरी

संभल, अमृत विचार: कैलादेवी थाना क्षेत्र में ताला तोड़कर दुकान के अंदर घुसे चोर सिगरेट के बॉक्स व नकदी सहित हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। सुबह दुकान खोलने पहुंचे दुकानदार को चोरी की जानकारी हुई।

अमरोहा जिले के गांव मुबारिजपुर निवासी दुकानदार प्रमोद कैलादेवी में किराना की दुकान का ताला लगाकर रविवार की शाम घर चला गया था। देर रात चोर छत पर पहुंचे और जीने के सहारे नीचे उतरकर गोदाम के शटर का ताला तोड़कर दुकान में घुस गए। चोरों ने दुकान में रखे सिगरेट की डिब्बी से भरे दस बाक्स व गल्ले में रखी बीस हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली और शटर गिराकर भाग गए। सोमवार की सुबह आठ बजे दुकान खोलने पहुंचे प्रमोद ने ताला टूटा देखा तो दुकान में चोरी होने की जानकारी हुई। प्रमोद ने बताया कि चोर तीस हजार रुपये की सिगरेट व नकदी सहित पचास हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गए। प्रमोद ने थाने पहुंचकर दी तहरीर दी है।

जिंदा व मृत गोवंश पशुओं को फेंकने में तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल/धनारी

अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र में वाहन में लादकर मृत एवं जिंदा गोवंश पशुओं को हाईवे किनारे महावा नदी के पुल से फेंकने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पशु क्रूरता अधिनियम के तहत इन पर मुकदमा दर्ज करने के साथ ही शांति भंग करने के तहत भी कार्रवाई की गई है। अदालत ने तीनों को जेल भेज दिया है।

शनिवार रात दिनौरा और पुसावली के बीच महावा नदी के पुल से कुछ लोगों ने गोवंश पशुओं को वाहन से उतारकर नीचे फेंक दिया था। किसान मौके पर पहुंचे तो पांच पशु मृत हालत में मिले जबकि दो पशु तड़प रहे थे। इस घटना को लेकर लोगों में आक्रोश को देखते हुए एसडीएम रमेश बाबू मौके पर पहुंचे थे। मृत पशुओं को दफन करा दिया गया था। धनारी के प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार सिंह ने बताया कि पशुओं को फेंकने के मामले में पुलिस ने देवेंद्र व चौहान निवासी सुनवर सराय के अलावा नन्हू निवासी बाजपुर को गिरफ्तार किया है। इन तीनों ने ही बाजपुर गांव के जंगल से पशुओं को क्रूरता से गाड़ी में लादकर महावा नदी के पुल से नीचे फेंक दिया था। इनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये आरोपी।

- धनारी क्षेत्र में शनिवार देर रात महावा नदी के पुल पर हुई घटना
- मौके पर पहुंचे थे एसडीएम, मृत पशुओं को दफन कराया था

हैलो दरोगा शर्मा बोल रहा हूं...मेरे बैंक खाते में साठ हजार डाल दो

संवाददाता, संभल

धोखाधड़ी

- दरोगा बनकर किया फोन, कर ली ठगी
- ग्रामीण ने कथित दरोगा के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार: नखासा थाना क्षेत्र में फोन पर खुद को दरोगा शर्मा बताकर भतीजे का इलाज कराने के नाम पर ग्रामीण से अपने बैंक खाते में साठ हजार रुपये डलवा लिये। ग्रामीण थाने पहुंचा तो पता चला कि यहां कोई शर्मा दरोगा नहीं। ठगी का पता चलने पर ग्रामीण ने कथित दरोगा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय निवासी मोहम्मद याकूब ने रविवार की देर रात मोबाइल नंबर के आधार पर थाने में ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि अक्टूबर में एक व्यक्ति ने खुद को शर्मा दरोगा बताकर फोन किया था। कहा था कि चौकी से बोल रहा हूं। मुझे भतीजे के इलाज के लिए इमरजेंसी में 60000 रुपये की जरुरत है और कल शाम को वापस कर दूंगा। मोहम्मद याकूब ने बिना जांच पड़ताल किये अपने भतीजे हसनैन के दो मोबाइल नंबरों से दरोगा के द्वारा दिये गए बैंक अकाउंट में 60000 रुपये डलवा दिये।

वापस मांगने के लिए मोहम्मद याकूब ने दरोगा को फोन किया तो नंबर बंद आने लगा। चौकी में गया तो पता चला कि इस नाम का कोई दरोगा वहां है ही नहीं। ठगी का पता चलने पर मोहम्मद याकूब ने साइबर सेल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। वहीं रविवार की देर रात तहरीर मिलने पर पुलिस ने ठगी की रिपोर्ट दर्ज की है।

नाले में पड़ा मिला 15 दिन से लापता व्यक्ति का शव

संभल/सरायतरीन, अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र में पन्द्रह दिन से लापता व्यक्ति का शव खेत के पास निकल रहे कच्चे नाले में पड़ा मिला है। थाना पुलिस व सीओ के साथ ही फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य इकटठा किये। शव कई दिन पुराना बताया जा रहा है।

थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर सराय निवासी धर्मपाल के खेत के पास स्थित कच्चे नाले में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। सोमवार की दोपहर में नाले के पास खेल रहे बच्चों ने नाले में करीब 35 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा देखकर परिजनों को सूचना दी। नाले में शव पड़ा होने की सूचना क्षेत्र में फैल गई। जिससे आसपास के दर्जनों लोगों की भीड़ मौके पर इकठ्ठा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस व सीओ संभल अनुज कुमार चौधरी भी मौके पर पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम ने मौके भी साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त सरायतरीन के मुहल्ला कोटला निवासी इमरान के रुप में हुई हैं।

जंगली सुअर के हमले से युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/कैला देवी

अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र में पशुओं के लिए खेत से चारा लाते युवक पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया। हमले में युवक की मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने खेत में ही जंगली सुअर की घेराबंदी भी की लेकिन खौफ के कारण आगे नहीं बढ़ सके। देर शाम तक कोई भी अधिकारी पीड़ित परिवार से मिलने के लिए नहीं पहुंचा।

कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव रोरादीप निवासी सुनील (27 वर्ष) पुत्र चंद्रपाल सिंह सोमवार को दोपहर में माता-पिता और अन्य लोगों के साथ गांव के पास ईंख के खेत से पशुओं के लिए चारा लेने गया।

चारा लेकर सुनील वापस लौटने लगा। जैसे ही सुनील सरसो के खेत के पास पहुंचा तो अचानक जंगली सुअर ने हमला कर दिया। सुनील ने बचने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुआ। जंगली सुअर के हमले से सुनील की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीण और परिजन पहुंचे, इससे पहले ही जंगली सुअर भाग गया। आनन फानन में सुनील को निजी अस्पताल लाया गया तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

देर शाम तक कोई भी अधिकारी मृतक के घर नहीं पहुंचा जबकि परिजन इंतजार करते रहे।

संभल के गांव में जंगली सुअर के हमले में युवक की मौत के बाद शोकाकुल महिलाएं।

- पशुओं के लिए खेत से चारा लेकर लौट रहा था युवक
- परिजन करते रहे इंतजार, देर शाम तक नहीं पहुंचा कोई अधिकारी

ग्रामीणों ने किया जंगली सुअर को घेरने का प्रयास

संभल अमृत विचार : हमले के बाद ग्रामीणों ने जंगल में ही जंगली सुअर को घेरने का प्रयास किया लेकिन खौफ के चलते दूर ही रहे। इस बीच जंगली सुअर की सरसों के खेत से आवाज भी आती रही। जिसके बाद ग्रामीणों को पीछे हटना पड़ा।

सार-संक्षेप

एमजीएम कॉलेज में रैली निकालने को तैयार विद्यार्थी। ● अमृत विचार

रैली निकाल यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

संभल, अमृत विचार : एमजीएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सड़क सुरक्षा माह के तहत रैली निकाली गई। जिसमें छात्र छात्राओं ने नारे लगाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। एमजीएम कॉलेज से भानु भास्कर प्रजापति और प्रीति सिंह के संयोजन में रैली निकाली गई। जिसमें शिक्षकों, शिक्षिकाओं और छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। सड़क सुरक्षा अभियान के प्रभारी डॉ.फहीम अहमद ने छात्र छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा की सुरक्षित वाहन चलाना हमारा कर्तव्य है। वाहन चलाते समय सुरक्षा नियमों का पालन जरूर करना चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र सिंह ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग किया जाए। दूसरे लोगों को भी इस नियम के प्रति प्रेरित करें। नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित वाहन चलाना चाहिए। उन्होंने अन्य नियमों का पालन करने की बात कही। छात्र छात्राओं ने सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा जैसे नारे लगाते हुए कॉलेज से रैली शुरू की। चौधरी सराय में आमजन को नियमों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी नेमपाल सिंह, डॉ. निरंकार सिंह, डॉ. निलेश कुमार, रियाज अनवर, नवेद खान, डॉ.मोहम्मद नदीम आदि मौजूद रहे।

शराब पीकर वाहन चलाने पर तीन चालकों का चालान

संभल अमृत विचार : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप ड्रंकएड ड्राइव के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। पीटीओ एम आबदीन अहमद और यातायात प्रभारी अनुज मलिक ने 75 वाहन चालकों को चेक किया तो इनमें तीन चालक शराब पीकर वाहन चलाते पाए गए। तीन वाहनों का चालान किया गया। चेकिंग अभियान के दौरान अधिकारियों ने यातायात नियमों के पालन के लिए दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को जागरूक किया। कहा कि नशे और नींद की स्थिति में वाहन नहीं चलाया जाए। तेज गति से वाहन नहीं चलाने, स्टंट न करने, इंडिकेटर का प्रयोग करने के लिए भी जागरूक किया।

वाल्मीकि समाज की कन्याओं के साथ चेयरमैन हर्ष वर्धन। ● अमृत विचार

चेयरमैन ने अपने जन्मदिन पर किया कन्याओं का पूजन

बबराला, अमृत विचार : नगर पंचायत बबराला के चेयरमैन ने अपने जन्मदिन को अलग अंदाज में मनाया। चेयरमैन ने वाल्मीकि समाज की 11 कन्याओं का विधि विधान से पूजन कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय सोमवार को राजघाट में गंगा स्नान के बाद सुबह साढ़े दस बजे नगर के प्रसिद्ध चामुंडा मंदिर पहुंचे। उन्होंने वाल्मीकि मुहल्ले से 11 कन्याओं को बुलाकर उनके पांव धोये। चुनरी ओढ़ाकर रोली का तिलक लगाया और उनका पूजन किया। उपहार भेंट कर विदा किया। चेयरमैन ने नगर पंचायत की गोशाला में गो पूजन कर गायों को गुड़ खिलाया। उन्होंने कहा कि समाज में समरसता की भावना को बढ़ाने के लिए वह अपना जन्मदिन इसी तरह मनाएंगे। इस दौरान नितिन आइडिया, प्रशांत वार्ष्णेय, संतोष वाल्मीकि, अरविंद कुमार, सचिन यादव और वाल्मीकि समाज के लोग रहे।

अंडरपास के लिए धरना देते भाकियू असली कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अंडरपास निर्माण को लेकर किसानों का धरना 13वें दिन भी जारी

संभल, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर किसानों का धरना 13वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि अंडरपास निर्माण शुरू होने तक धरने पर डटे रहेंगे। सोमवार को गांव भटौला में किसानों ने कहा कि भाकियू असली के प्रतिनिधिमंडल को मुरादाबाद में मंडलायुक्त से वार्ता करनी थी लेकिन मौसम बिगड़ने के कारण वार्ता स्थगित कर दी गई। अब मंगलवार को सुबह 10 बजे प्रतिनिधिमंडल मुरादाबाद में मंडलायुक्त से मिलेगा। जिसमें भाकियू असली के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह भी रहेंगे। वार्ता होने के बाद धरनास्थल पर अगली रणनीति बनाकर ऐलान किया जाएगा।

जिला अस्पताल में जेबकतरा पकड़ा, पुलिस को सौंपा

संभल, अमृत विचार : जिला अस्पताल में डॉक्टर से दवा लेने के लिए लाइन में लगे दुकानदार की पैंट की जेब से पीछे खड़े व्यक्ति ने नकदी निकाल ली। दुकानदार ने रुपये निकालते व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ लिया और पिटाई की। कोतवाली क्षेत्र के गांव शहजादी सराय निवासी चंद्रपाल सोमवार को जिला अस्पताल के कमरा नंबर 17 में दवा लेने के लिए लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार कर रहा था। पीछे खड़ा व्यक्ति चंद्रपाल की पैंट की जेब में हाथ डालकर रुपये निकालने लगा। चंद्रपाल ने जेबकतरे को रुपये निकालते पकड़ लिया। सूचना मिलने पर जिला अस्पताल में ड्यूटी कर रहे होमगार्ड ने जेबकतरे को पुलिस को सौंप दिया।

मिनी स्टेडियम की मांग को लेकर प्रदर्शन करते युवक। ● अमृत विचार

मिनी स्टेडियम की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

संभल/ ओबरी, अमृत विचार : असमोली विकास खंड क्षेत्र के गांव गुमसानी में युवाओं ने मिनी स्टेडियम की मांग को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस मामले को लेकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन भेजा गया है। सोमवार को गांव गुमसानी के युवाओं ने गांव में मिनी स्टेडियम की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। भाजपा रहटोल मंडल उपाध्यक्ष ठाकुर रितिक राजपूत ने कहा कि गुमसानी के आसपास ढ़ाक शहीद, कमालपुर, सेवापुर, नगला नीडर, भैसोड़ा आदि गांवों में खेल स्टेडियम नहीं है। जबकि गांव गुमसानी में युवा मंगल दल की जमीन खाली पड़ी हुई है। कहा कि गांव में खेल मैदान नहीं होने के कारण खिलाड़ी अभ्यास नहीं कर पाते हैं। प्रदर्शन करने वालों में नूर मोहम्मद, अर्पित, अरबाज खान, राजकुमार, रिंकू चंद्रा, अदनान सैफी, राजुकमार, चिंटू सिंह, मोनू, रविंद्र सिंह, आकाश, कृष्णा, विक्की, मनोज कुमार आदि रहे।

एक नजर

गर्भवती के बच्चे की मौत मामले में रिपोर्ट दर्ज

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की रात पांच माह की गर्भवती महिला के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने पति व ननद सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पेट में लात लगने से गर्भ में पल रहे बच्चे की भी मौत हो गई थी। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला फतेहउल्ला सराय निवासी नूर की पत्नी सवीना ने रविवार की देर रात कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने नूर, अंजार, अंजुम, कौसर और गुडिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बाइक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध घायल

संभल/ओबरी अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में असमोली-लोधीपुर मार्ग पर गांव मालपुर मिलक में बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस वृद्ध को लेकर मुरादाबाद रवाना हो गई। बताया गया कि वृद्ध अमरोहा के डिडौली थाना क्षेत्र के गांव चौधरपुर की साप्ताहिक बाजार में सब्जी बेचकर घर लौट रहा था। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि वृद्ध का नाम क्या है और वह किस गांव का है।

दांपत्य सूत्र बंधन में बंधे 240 जोड़े

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को दिए प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचारः राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें 240 जोड़े दांपत्य सूत्र बंधन में बंधे। सभी नवविवाहित जोड़ों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बदायूं रोड स्थित आईटीआई परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव व जिलाधिकारी मनीष बंसल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। इसके बाद विवाह कार्यक्रम शुरू कराया गया। जिसमें 240 विवाह हुए। नगर पालिका चन्दौसी व बहजोई, ब्लाक बनियाखेड़ा, बहजोई व पवांसा के जोड़े शामिल हुए। प्रशासन की ओर से 257 पात्र जोड़ों को चिह्नित किया गया था।

नवविवाहित जोड़े को प्रमाण पत्र देतीं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव व डीएम मनीष बंसल। ● अमृत विचार

- 235 हिंदू व पांच जोड़े मुस्लिम समुदाय के हुए शामिल
- 35 हजार रुपये का चेक व घरेलू सामान प्रत्येक जोड़े को भेंट किया

जिसमें 240 पात्र जोड़े शामिल हुए। जिसमें 235 हिंदू व पांच जोड़े मुस्लिम समुदाय के रहे। वर-वधु पक्षों को 35 हजार रुपये का चेक सहित घरेलू सामान आदि प्रत्येक जोड़े को भेंट किया गया। दोपहर में वर-वधु के परिजनों को भोजन कराया गया। अंत में सभी जोड़ों को जिलाधिकारी व जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रमाण पत्र दिए। इस अवसर पर सीडीओ ज्ञान चंद्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रभूषण, नूतन चौधरी, नीलम राय, तहसीलदार धीरेंद्र कुमार आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

दुष्कर्म मामले में दोषी को 10 वर्ष की सजा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- गांव की 19 वर्षीय युवती को घर से बुला कर प्राइमरी स्कूल में दिया था वारदात को अंजाम
- अदालत ने दोषी पर आठ हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

अमृत विचारः अदालत ने दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को दस वर्ष के कारावास व आठ हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। घटना कोतवाली संभल क्षेत्र के गांव में सात फरवरी 2020 को हुई। आरोपी युवती को घर से बुला कर ले गया और प्राइमरी विद्यालय में दुष्कर्म किया।

पीड़िता के पिता ने सात फरवरी 2020 को कोतवाली संभल में तहरीर दी थी। जिसमें बताया गया था कि सात फरवरी की शाम करीब सात बजे उसकी 19 वर्षीय बेटी को इस्तेकार पुत्र कल्लू निवासी गांव मिर्जापुर कोतवाली संभल घर से बुला कर ले गया और गांव में ही स्थित प्राइमरी स्कूल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शाम करीब सात बजे बेटी की तलाश में वह अपने बेटे मोहम्मद अंसार के साथ स्कूल में पहुंचा तो देखा कि इस्तेकार उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म कर रहा था। उसने बमुश्किल मारपीट कर इस्तेकार के चंगुल से बेटी को बचाया और आरोपी को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर

आरोपी को जेल ले जाता पुलिस कर्मी।

दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा रिपोर्ट दर्ज की। साक्ष्यों को जुटा कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मुकदमा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (रेप केसेस एण्ड पॉक्सो एक्ट) संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी ने साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं। सोमवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश निर्भय नारायण राय ने आरोपी इस्तेकार को धारा 376 आईपीसी में दोषी करार देते हुए दस वर्ष के कारावास व आठ हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। आरोपी पर लगाए गए अर्थदण्ड की पचास प्रतिशत धनराशि पुर्नवास हेतु पीड़िता को दी जाएगी। जेल में बितायी गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी।

युवक के विरुद्ध दर्ज कराई अपहरण की रिपोर्ट

चन्दौसी, अमृत विचार : मोहल्ले की युवती को बरेली का युवक ले गया। मां की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनकी 19 वर्षीय पुत्री रविवार की दोपहर दो बजे कोचिंग के लिए घर से निकली थी, परन्तु वापस नहीं आयी। घर के मोबाइल पर रोहित नामक युवक का नंबर मिला। महिला का आरोप है कि बरेली निवासी युवक रोहित उनकी पुत्री के ले गया है।

रेलवे ओवरब्रिज बनने में देरी पर व्यापारियों में रोष

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा
- बजट में रेल मंडल मुरादाबाद को दोहरी लाइन की सौगात मिलने पर जताई खुशी

अमृत विचार : मंडी समिति रेलवे फाटक 36बी पर ओवरब्रिज निर्माण में देरी के कारण व्यापारियों में रोष व्याप्त है। इस संदर्भ में अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर शीघ्र निर्माण शुरू कराए जाने की मांग की। साथ ही अंतरिम बजट में रेल मंडल मुरादाबाद को दोहरी लाइन की सौगात मिलने पर स्टेशन अधीक्षक हरभजन सिंह का फूल माला पहना कर स्वागत किया।

व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने हर्ष जताते हुए कहा कि बरेली-चन्दौसी व अलीगढ़ रूट की डबल लाइन मंजूर हुई है। सरकार ने अपने अंतिम बजट में 167 किमी रूट पर रेल दोहरीकरण को मंजूरी दी है। बजट में इसके लिए प्रतीकात्मक रूप में टोकन मनी 40 लाख रुपये जारी भी कर दिए गए हैं। इससे मंडल में रेल संचालन को रफ्तार मिलेगी।

इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक को पत्र लिखकर से 36बी फ्लाईओवर का निर्माण शीघ्र कराने की मांग की है। इस संबंध में प्रोजेक्ट मैनेजर को भी पत्र लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि शीघ्र ओवरब्रिज का निर्माण नहीं कराया गया तो रेलवे प्रशासन के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

निर्वस्त्र अवस्था में घर में घुसा युवक

चन्दौसी, अमृत विचारः कोतवाली क्षेत्र के साकेत कॉलोनी में रविवार की रात एक मानसिक रोगी निर्वस्त्र अवस्था में एक मकान में घुस गया। मकान मालिक ने घर में घुसे युवक पर दरवाजे के शीशे तोड़ने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने से मामला चर्चा में है।

साकेत कॉलोनी निवासी अनुराग मित्तल ने कोतवाली में तहरीर दी है कि उनकी कॉलोनी में अविनाश अग्रवाल का मकान है। इनके पुत्र अभिषेक अग्रवाल रविवार की रात निर्वस्त्र हालत में उनके घर में घुस गया। घर के दरवाजे के शीशे आदि तोड़ दिए।

घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जब अभिषेक के घर पहुंच परिवार वालों को बुलाया तो कोई बाहर नहीं आया।

दिन निकलते ही चेकिंग शुरू, बिजली चोरी करते मिले 25 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : बिजली विभाग ने पीएसी को साथ लेकर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। सोमवार को सुबह नखासा क्षेत्र में चेकिंग की गई तो 25 लोग बिजली चोरी करते मिले। बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई।

एक्सईएन नवीन गौतम, एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह, एई मीटर रणवीर सिंह, विजिलेंस टीम, पीएसी और स्थानीय पुलिस ने सोमवार को सुबह छह बजे से नखासा थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने उन लोगों को चिन्हित करा लिया जो सीधे कटिया डालकर और केबल में कट लगाकर बिजली चोरी कर रहे थे। नखासा थाना और नखासा चौकी के आसपास, तुर्तीपुर इल्हा, हिंदूपुरा

पुलिस बल के साथ चेकिंग करते बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी।

- बिजली विभाग के अधिकारियों ने पीएसी को साथ लेकर चलाया अभियान

खेड़ा, तमन्ना मस्जिद, दीपा सराय चौक आदि क्षेत्र में चेकिंग करते हुए बिजली चोरी करने वाले लोगों को चिन्हित किया। सुबह सवेरे चेकिंग होने से लोगों में खलबली मच गई। कई लोगों ने आनन फानन में कटिया कनेक्शन हटा भी लिए। एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह ने बताया कि चेकिंग अभियान में 25 लोग बिजली चोरी करते मिले। इनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। बिजली चोरी रोकने के लिए चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

गोशाला को चिन्हित भूमि पर अवैध कब्जा हटाने का विरोध, लौटी टीम

संवाददाता, गुन्नौर

- चिन्हित भूमि पर की गई है गेहूं फसल की बुआई, ग्राम पंचायत अधिकारी ने दी तहरीर

अमृत विचार : गुन्नौर तहसील क्षेत्र में गोशाला के लिए चयनित भूमि पर अवैध कब्जा हटाने गई टीम को कब्जेदारों के विरोध के चलते बैरंग लौटना पड़ा। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

गुन्नौर तहसील क्षेत्र के ब्लॉक जुनावई के गांव झुकैरा में गोशाला बनाने के लिए गाटा संख्या 39 व 113 की भूमि को चिन्हित किया गया था। जमीन पर गांव के एक परिवार द्वारा कब्जा कर गेहूं की फसल बुआई की हुई है। लेखपाल की रिपोर्ट पर एसडीएम ने जमीन खाली कराने का निर्देश दिए। सोमवार को राजस्व, ग्राम्य विकास विभाग और पुलिस की टीम जमीन को कब्जा मुक्त कराने पहुंची तो अवैध कब्जेदार बहादुर और उसके परिवार की महिलाओं ने टीम का विरोध किया। इस पर टीम बगैर कब्जा हटाए वापस लौट गई। ग्राम पंचायत अधिकारी अक्षय कुमार गुप्ता का कहना है कि कुछ लोग जबरन गोशाला की भूमि पर अवैध कब्जा हटाने में अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

असमोली समेत दो ग्राम पंचायतों को मिला आईएसओ सर्टिफिकेट

संभल अमृत विचार : विभिन्न कार्यों पर खरी उतरने पर विकासखंड असमोली के दो ग्राम पंचायतों असमोली और शहबाजपुर कला को आईएसओ सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। यह जानकारी जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडेय ने दी।

तीन लाख रुपये नहीं मिलने पर दी रिश्ता तोड़ने की धमकी

चन्दौसी, अमृत विचारः रिश्ता तय होने के बाद शादी में तीन लाख रुपये नहीं देने पर युवक ने शादी करने से इनकार कर दिया। युवती के पिता ने युवक के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। जनपद बदायूं के थाना बिल्सी के गांव गुदनी निवासी यादराम कश्यप ने अपनी पुत्री की शादी कोतवाली क्षेत्र के खुर्जा गेट निवासी युवक के साथ तय की थी। बताया कि उसने मंगनी में लड़के को सोने के अंगूठी, अपाचे बाइक व 21000 रुपये दिए थे। अब युवक की ओर से शादी में दहेज में तीन लाख रुपये नकद की मांग की जा रही है। जिसे पूरी करने में युवती का पिता असमर्थ है। वहीं मांग पूरी नहीं होने पर युवक की ओर से रिश्ता तोड़ने की बात कही जा रही है। पिता ने युवक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पंवासा के स्कूल में मातृ सम्मेलन के दौरान अतिथि। ● अमृत विचार

शिक्षा के साथ संस्कार भी ग्रहण करें बच्चे

कार्यालय संवाददाता, संभल/पंवासा

- पंवासा के स्कूल में किया मातृ सम्मेलन का आयोजन

अमृत विचार : पंवासा के जौहर स्मारक जनता कृषक सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों ने बच्चों से कहा कि वह शिक्षा के साथ ही संस्कार भी ग्रहण करें।

स्कूल में मातृ सम्मेलन का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। इसके बाद बच्चों ने गीत व नाटक जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बच्चों की प्रस्तुति देख लोगों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा भाजपा नेता भारत सिंह यादव, ब्लाक प्रमुख पति हिरदेश यादव, स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष अशोक राघव, प्रबंधक रूप कुमार राघव, उपाध्यक्ष बृजेश उपाध्याय, कार्यक्रम संयोजक अभय पाल सिंह, वीरभान सिंह, नीरज शर्मा, राजवीर सिंह, किशन लाल, बृज किशोर, सचिन राघव, पुष्पेंद्र, राजेंद्र आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञानवीर सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन ज्ञान प्रकाश उपाध्याय ने किया।

देवर पर लगाया परिवार के साथ मारपीट का आरोप

बनियाठेर, अमृत विचारः थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा निवासी वीरा देवी पत्नी महेंद्र पाल ने अपने देवर पर उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। जिसमे महिला वीरा देवी का कहना है कि सोमवार की दोपहर वह पशुओं को चारा लेने जंगल गई थी। घर पर पुत्री निशा, पुत्रवधु गीता, बेटा नितिन व बंटी थे। आरोप है कि उसी समय महिला का देवर आ धमका और बेवजह परिवार के सदस्यों को गाली देने लगा। परिजनों ने गाली देने से मना किया तो मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

चाकू के साथ गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : सरायतरीन के मुहल्ला पीला खदाना निवासी मोहम्मद नासिर रविवार की देर रात 11 बजे संभल बहजोई मार्ग पर हयातनगर में स्थित बिजलीघर के पास तिराहे पर खड़ा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मोहम्मद नासिर को गिरफ्तार कर लिया।

लखनऊ की टीम ने किया सीएचसी का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचारः आपरेशन कायाकल्प योजना के तहत लखनऊ से आई टीम ने सीएचसी व महिला विंग का निरीक्षण किया। जिसमें टीम ने नए निर्माण व व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने का उद्देश्य सीएचसी को कायाकल्प योजना के तहत शामिल करने के योग्य है या नहीं, बताया जा रहा है।

सोमवार की दोपहर एक बजे लखनऊ से आपरेशन कायाकल्प टीम पहुंची। जिसमें लखनऊ से डॉ. आस मोहम्मद, शाहजहांपुर से डॉ. तौकीर नवी, रामपुर से डॉ. प्रशांत सिंह सीएचसी पहुंचे। टीम ने सीएचसी व महिला विंग में पूर्व में कराए गए कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में टीम को सब कुछ ठीक-ठाक मिला है। सीएचसी व महिला विंग के कर्मचारियों से वार्ता की। सीएचसी में बन रहे नए

टीम के साथ सीएचसी प्रभारी डॉ. हरवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

- निरीक्षण में सब कुछ मिला ठीक स्टाफ रहा मौजूद
- निरीक्षण कर महिला विंग के कर्मचारियों से वार्ता की

भवनों का निरीक्षण कर जानकारी की। डॉ. हरवेंद्र सिंह ने बताया कि निरीक्षण करने का उद्देश्य है कि सीएचसी को आपरेशन कायाकल्प योजना में शामिल करना है या नहीं था। इस अवसर पर डॉ. दिग्विजय सिंह, महिला विंग प्रभारी डॉ. सारिका अग्रवाल, आदि मौजूद रहे। टीम ने सीएचसी से संचालित 108 व 102 का निरीक्षण किया गया। साथ ही स्टाफ से भी वार्ता की गई है।

कार्यक्रम के दौरान बुकलेट दिखाते शिक्षक व अन्य। ● अमृत विचार

प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपदा से बचाव के तरीके बताये

संवाददाता, असमोली

- आपदा से बचाव के बारे में एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

अमृत विचारः असमोली विकास खंड क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय शहवाजपुर कलां में आपदा प्रबंधन द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आपदा से बचाव के तरीके बताये गये।

स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम फैस टू के तहत आयोजित कार्यक्रम में ट्रेनर मोनू सागर ने प्राकृतिक आपदाओं के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही समझाया कि किस आपदा से बचाव के लिए क्या करना चाहिए। आपदा से बचाव के बारे में एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सभी छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में स्कूल का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

तैयारियां कल्कि धाम शिलान्यास समारोह में आयोजन को भव्य बनाने के लिए रणनीति पर मंथन

वीवीआईपी सुरक्षा प्रोटोकॉल पर दिया जा रहा खास ध्यान

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचारः कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह में शामिल होने के लिए जिन अतिथियों को निमंत्रण पत्र दिये जा रहे हैं उन्हें अपना एक फोटो और आईडी प्रूफ आयोजकों को देना होगा। ऐसा समारोह में शामिल होने वाले वीवीआईपी के सुरक्षा प्रोटोकॉल को देखते हुए किया जा रहा है। माना जा रहा है कि आयोजक समारोह में प्रधानमंत्री का आगमन तय मानकर उसी के अनुरूप अपनी तैयारी कर रहे हैं। सोमवार को कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कल्कि धाम स्थल पर स्वयंसेवकों के साथ आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक की। 19 फरवरी को कल्कि धाम शिलान्यास समारोह की रूपरेखा बताते हुए कहा कि आयोजन को भव्य बनाने के लिए सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली

संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में अधिकारियों के साथ चर्चा करते आचार्य प्रमोद कृष्णम। ● अमृत विचार

- आचार्य प्रमोद कृष्णम ने स्वयंसेवकों के साथ की बैठक,
- 19 फरवरी को होगा कल्कि धाम का शिलान्यास

जायें। बताया गया कि जिन लोगों को समारोह के निमंत्रण पत्र दिये जा रहे हैं उन्हें बता दिया जाए कि समारोह में शामिल होने के लिए उन्हें अपना आईडी और एक फोटो उपलब्ध कराना होगा। इसके साथ ही टेंट व अन्य व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने को लेकर बात की गई। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर है।

अधिकारियों के साथ किया कार्यक्रम स्थल का भ्रमण

संभल, अमृत विचार : सोमवार को अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार वर्मा के साथ ही एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य अफसर ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचे थे। दोपहर को आचार्य प्रमोद कृष्णम पहुंचे तो अधिकारियों ने उनके साथ आयोजन स्थल का भ्रमण कर कार्यक्रम के स्वरूप को समझा। किस जगह मंच बनाया जाएगा इसकी भी जानकारी ली। इसके साथ ही मेहमानों की संख्या और उनके बैठने के स्थान को लेकर भी बात की। कल्कि धाम मंदिर का गर्भगृह जहां शिलान्यास का कार्यक्रम होना है उसे भी देखा गया।

सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष कथा का किया मनोहारी वर्णन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचारः गीता सत्संग भवन में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के सातवें दिन कथा वाचक हितेश्वर नाथ ने सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन किया। कहा कि सुदामा की पत्नी सुशीला अपने पति से आग्रह करती कि अपने मित्र द्वारकाधीश से मिलो, शायद वह हमारी मदद कर दें। इसके बाद सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं। जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते है कि सुदामा नाम का ब्राह्मण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते हैं। सिंहासन पर बैठाकर कृष्ण सुदामा के चरण धोते हैं। कुछ दिन बाद सुदामा विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं। इसके बाद राजा परीक्षित की कथा सुनाई। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो

कथा वाचक हितेश्वर नाथ।

- सात दिवसीय कथा का समापन, भंडारे में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

उठे। अंत में आरती के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अखिलेश वार्ष्णेय, आकाश अग्रवाल, दिव्य अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश अग्रवाल, शांति अग्रवाल, स्वेता गुप्ता, अनमोल शिखर, वंदना वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता, कन्हैया, शिवांगी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

रामराज्य की ओर बढ़ चला प्रदेशः भूपेंद्र चौधरी



अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे प्रदेशवासियों के लिए कल्याणकारी बजट बताया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रदेश राम राज्य की ओर बढ़ चला है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास के संकल्प को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बनाये गये रोड मैप की झलक है। बजट में गाँव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं का ख़ास ध्यान रखा है। रोज़गार सृजन के साथ ही किसानों की आय में वृद्धि, महिलाओं की सुरक्षा और उनको सशक्त बनाने की भी बात बजट में की गई है। गरीब कल्याण को समर्पित इस बजट ने समाज के सभी वर्गों की चिंता की है। प्रदेश सरकार ने कुल बजट में 25 फ़ीसदी हिस्सा इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स पर लगाने की बात कही है। इससे न केवल राज्य में निवेश आएगा बल्कि लोगों को रोज़गार के लिए नये अवसर मिलेंगे। राजकोषीय घाटा कम कर सरकार 24 हजार करोड़ से ज्यादा की नई जनकल्याणकारी योजनाएँ भी प्रदेश सरकार शुरू करेगी। यह प्रशंसनीय है।

विधान सभा में सत्र के दौरान वर्ष 2024-25 का बजट पेश करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कार्यवाही के दौरान मौजूद विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पक्ष-विपक्ष के अन्य सदस्य। अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने बजट का आकार बढ़ाने में बनाया नया रिकार्ड

वर्ष 2017-18 से लगातार बढ़ रहा प्रदेश का बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वर्ष 2017-18 बजट में 10.87 प्रतिशत बजट में बढ़ोतरी की थी
- वर्ष 2019-20 में बजट में 11.97 प्रतिशत की गई थी बढ़ोतरी

अमृत विचारः प्रदेश में भाजपा सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर वर्ष बजट के आकार में बढ़ोत्तरी हुई है।

योगी आदित्यनाथ के सत्ता संभालने के पहले साल में ही योगी सरकार ने 2017-18 बजट में कुल 10.87 प्रतिशत बजट में बढ़ोतरी की थी। जो कि 10.87 प्रतिशत बढ़कर तीन लाख चौरासी हजार छह सौ उनसठ करोड़ सतासी लाख रुपये (3,84,659.71) हो गया था। जबकि साल 2018-19 में 11.36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बजट चार लाख अट्ठाईस हजार तीन सौ चौरासी करोड़ बावन लाख रुपये (4,28,384.52) तक हो गया था।

साल 2019-20 में सरकार ने बजट में 11.97 प्रतिशत की और बढ़ोतरी की। इस वर्ष सरकार ने चार लाख उन्यासी हजार सात सौ एक करोड़ दस लाख रुपये (4,79,701.10) का बजट पेश किया। साल 2020-21 में महज 6.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ योगी सरकार ने पांच लाख बारह हजार आठ सौ साठ करोड़ बहत्तर लाख रुपये (5,12,860.72) का बजट पेश किया। अगले वर्ष सरकार ने 7.29 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए पांच लाख पचास हजार दो सौ अठहत्तर करोड़ अठहत्तर लाख रुपये (5,50,278.78) का बजट प्रस्तुत किया।

योगी आदित्यनाथ दोबारा बहुमत से सत्ता में वापसी के बाद उसी वर्ष 2022-23 बजट में 11.85 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। अब उप्र का बजट बढ़कर छह लाख पंद्रह हजार पांच सौ अट्ठारह करोड़ सत्तानवे लाख रुपये (6,15,518.97) हो गया। बजट 2023-24 में 11.85 प्रतिशत रिकॉर्ड बढ़ोतरी की गई और बजट का आकार छह लाख नब्बे हजार दो सौ बयालिस करोड़ तिरालिस लाख रुपये (6,90,242.43) तक पहुंच गया। अब योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सोमवार को पेश किए गए 2024-25 के बजट में सरकार ने 6.7 प्रतिशत की बजट में वृद्धि के साथ अब तक यूपी के इतिहास का सबसे बड़ा बजट वित्त मंत्री ने सात लाख छत्तीस हजार चार सौ सैंतीस करोड़ इकहत्तर लाख रुपये (7,36,437.71) का पेश किया।

डुबो देता है कोई नाम तक भी खानदानों का...

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचारः भारी-भरकम बजट प्रस्तुत करने के दौरान सदन का माहौल हल्का फुल्का करने के लिए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने शायरी का सहारा लिया। बजट पढ़ते समय उनका शेरो-शायरी के तड़का सुनकर बीच-बीच में सदस्यों ने ठहाके भी लगाए। सुरेश खन्ना की सदन में कही गई चुनिंदा शेरो-शायरी कुछ इस तरह रहीं-

- बजट को उम्मीदें पूरा करने वाला बताते हुए उन्होंने शेर पढ़ा-
- हौसले दिल में जब मचलते हैं, आंधियों में चिराग जलते हैं।
- वहीं, चिकित्सा क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए वित्त मंत्री ने कहा-
- मुक्त हूं कर्तव्य की चिन्ताओं से, दर्द से दुःख से मुझे आराम है।

हर किसी के वास्ते हर वस्तु है,
यह हमारे ऐश्वर्य का पैगाम है।

- बुन्देलखण्ड क्षेत्र औद्योगिक विकास पर बात रखते हुए वित्त मंत्री ने कहा-
- पैदा नजर-नजर में एक ऐसा मुकाम कर, दुनिया सफर करे तेरे दामन को थाम कर।
- गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों को आवासीय सुविधा का जिक्र करने के दौरान उन्होंने कविता पढ़ी-
- आंख का हर अश्रु कण हंसने लगा है,

ढ़ल गयी है आह भी संगीत में,
जगमगाता है हृदय का अंधकार,
कष्ट परिवर्तित हुए हैं गीत में।



विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रहीं: ब्रजेश पाठक

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचारः उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि साल 2017 से पहले की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। चिकित्सक अस्पताल जाते नहीं थे। दवाओं का अभाव था और मशीनें चलती नहीं थीं। आज हम विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को उपलब्ध करा रहे हैं। हमारी सरकार हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोल रही है। सपा की मानसिकता दूषित हो चुकी है। उनके पास कोई एजेंडा नहीं है। यही कारण है कि उन्हें हर काम में नकारात्मकता नजर आती है।

उप मुख्यमंत्री सोमवार को विधानसभा में बजट सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में सिर्फ 17 मेडिकल कॉलेज थे। आज 65 मेडिकल कॉलेज पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। हर मेडिकल कॉलेज में पैरा मेडिकल व नर्सिंग कॉलेज खोले जा रहे हैं। ब्रजेश पाठक ने सदन को बताया कि सभी मेडिकल कॉलेजों की क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया से ग्रेडिंग कराई जा रही है। प्रदेश में 25 हजार से अधिक सब सेंटर हैं। हर दिन सरकारी अस्पतालों में 1.75 लाख मरीजों को निःशुल्क इलाज मिल रहा है।

पांच हजार से अधिक मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन होता है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत अब तक 4.86 करोड़ लाभार्थियों का पंजीयन हो चुका है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले 774 चिकित्सकों को चिन्हित किया है, उनके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की जा रही है।

यह नए भारत के नए उत्तर प्रदेश का बजट

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि देश व प्रदेश के सर्वांगीण विकास में इजाफा करने वाले इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। उत्तर प्रदेश विकास संबन्धी हर क्षेत्र में नंबर एक की तरफ बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में संचालित गरीब कल्याण योजनाओं के माध्यम से हमने गरीबी रेखा के नीचे रह रहे लोगों के जीवनस्तर को ऊपर उठाने में कामयाबी हासिल की है। विपक्ष पूरी तरह से डीरेल है। सपा नेताओं के पास कोई एजेंडा नहीं है। उनकी मानसिकता दूषित हो चुकी है। हर कार्य में उन्हें नकारात्मकता नजर आती है।

उम्मीद रहित यथास्थितिवादी बजटःअजय राय

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश का बजट उम्मीद रहित यथास्थितिवादी है। बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि शब्दों और जुमलों की बाजीगरी करता हुआ यह बजट प्रदेश के युवाओं को भ्रमित, पिछड़ों और अनुसूचित वर्गों से साथ छलावा, महिलाओं को निराश व किसानों को हताश करने वाला है।उन्होंने कहा कि किसानों की हितैषी होने का दावा करने वाली सरकार का सच यह है कि प्रदेश की कृषक गृह (एग्रीकल्चर हाउसहोल्ड) की औसत मासिक आय 6668 है जो राष्ट्रीय औसत आय 8931 से 35 प्रतिशत कम है।

बजट बड़ा, पर कुछ नया नहीं: आराधना मिश्रा

नेता कांग्रेस विधानमंडल आराधना मिश्रा ने कहा कि दल बजट बड़ा है, पर महत्वपूर्ण विभागों के लिए कुछ नया नहीं है। बजट का आकार और संख्या बड़ी होना बजट की सफलता की निशानी नहीं है, क्योंकि पिछले बजट को इसी तरह बड़ा बनाया गया था लेकिन 40 प्रतिशत विभागों ने अपना आवंटित बजट खर्च नहीं किया, जब पिछले बजट का आवंटन विभाग खर्च नहीं कर पाए तो बजट को खर्च किए बिना प्रदेश का विकास कैसे हो सकता है। बजट को सबसे बड़ा बढ़कर कीर्तिमान रचने की बात की जा रही है लेकिन हकीकत यह है कि अधिकांश बजट में अधिकांश आवंटन सिर्फ पुरानी योजनाओं को लेकर ही है।

आकार में बड़ा लेकिन जनता के लिए छोटा बजट : अनिल

रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा है कि यह बजट केवल आकार में बड़ा है लेकिन किसानों, नौजवानों एवं आम जनता के लिए बहुत ही छोटा है। प्रदेश के किसान, नौजवान और आम नागरिक इस बजट में अपनी खुशियां ढूंढ रहे हैं लेकिन इस बजट में खुशियों की जगह सिर्फ निराशा ही मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आज तक नहीं समझ पाई है कि युवाओं और बेरोजगारों को क्या चाहिये। दरअसल भाजपा सरकार की रीति नीति जनविरोधी है, वह पूंजीपतियों के लिए 90 प्रतिशत बजट का प्रावधान करती है और बजट का कुल 10 प्रतिशत आम जनमानस के लिए होता है।

आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करेगाः अनुप्रिया

अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का यह बजट प्रदेश के अनुसूचित व पिछड़े वर्ग के सामाजिक व आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट वन ट्रिलियन डॉलर की मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रदेश के बजट में युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसानों के कल्याण की व्यवस्था की गई है। बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि 7 .36 लाख करोड़ रूपये के उत्तर प्रदेश बजट में युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसानो के कल्याण की व्यवस्था की गई है।

27 हजार करोड़ से संवरेंगी प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वेलनेस सेन्टर,केयर यूनिट व इन्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की होगी स्थापित
- स्वास्थ्य, योजनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगी मजबूती

अमृत विचारः प्रदेश में सस्ता व बेहतर इलाज के लिए बजट में विशेष व्यवस्था की गई है। योजनाओं के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग को 27 हजार 86 करोड़ का बजट दिया गया है। बजट से राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन योजना, आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना समेत तमाम योजनाओं को रफ्तार मिलेगी ।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की योजनाओं के लिए 7 हजार 350 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना में हेल्थ वेलनेस सेन्टर केयर यूनिट व इन्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की स्थापना के लिए 952 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गई है। साथ ही आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के लिए 300 करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को 322 करोड़ रुपये दिये गये हैं। राज्य कर्मचारियों को निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज को विस्तार मिलेगा, इसके लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना में 150 करोड़ का बजट मिलेगा। असाध्य रोगों की मुफ्त इलाज के लिए 125 करोड़ रुपये की व्यवस्था है।

प्रदेश में खुलेंगे ग्रेड वन (एपेक्स)ट्रामा सेंटरः प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में इमरजेंसी इलाज के लिए संचालित ग्रेड टू ट्रामा सेंटर को ग्रेड वन यानि एपेक्स ट्रामा सेंटर बनाया जाएगा। इसके बाद सुपर स्पेस्यलिटी विभागों के इलाज के साथ टीचिंग, ट्रेनिंग व शोध कार्य को भी बढावा मिलेगा। ग्रेड वन के ट्रामा 100 बेडेड होंगे, बड़े संस्थानों में 200 बेड के स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए बजट में 300 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

अयोध्या, वाराणसी में खुलेंगे मेडिकल कॉलेज : राज्य आयुष सोसायटी (आयुष मिशन) के तहत अयोध्या में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज व वाराणसी में होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज जल्द ही खुल जाएंगे। इससे मरीजों को इलाज के साथ आयुर्वेदिक व होम्योपैथी विधा के नए डॉक्टरों की संख्या बढ़ जाएगी। निर्माणाधीन चार मंजिला आयुर्वेद कालेज में 60 बेड का हॉस्पिटल भी होगा, जिसमें मरीजों के लिए ओपीडी व आईपीडी की सुविधा होगी।

आयुष अस्पताल बनेंगे वेलनेस सेंटर

आयुष्मान योजना अंतर्गत प्रदेश में 1600 नए हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर स्थापित किये जाएंगे। इनमें 1035 आयुर्वेदिक, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सालयों को हेल्थ वेलनेस सेन्टर में परिवर्तित किया जाएगा। इसके अलावा गोरखपुर में करीब 52 एकड़ में निर्माणाधीन महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय को पूरा करने के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। इस विश्वविद्यालय से सभी आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, यूनानी कॉलेज संबद्ध होंगे। वर्तमान में संचालित 2110 आयुर्वेदिक, 254 यूनानी, 1585 होम्योपैथिक चिकित्सालयों के साथ ही आठ आयुर्वेदिक, दो यूनानी और नौ होम्योपैथिक कॉलेज एवं सम्बद्ध चिकित्सालयों का उच्चीकरण प्रावधानित है।

अधिवक्ताओं को भी मिली सौगात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अधिवक्ता कल्याण निधि 200 करोड़ से बढ़ाकर 500 करोड़
- जनपद न्यायालयों के लिए 300 करोड़ रुपए का बजट में प्रस्ताव

अमृत विचारः राज्य सरकार के अबतक के सबसे बड़े बजट में प्रदेश के अधिवक्ता कल्याण और न्यायालयों के इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है। प्रदेश के अधिवक्ताओं को बड़ी सौगात देते हुए योगी सरकार ने अधिवक्ता कल्याण निधि को 200 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये किये जाने का निर्णय लिया है।

वहीं, उत्तर प्रदेश अधिवक्ता सामाजिक निधि योजना के सदस्य अधिवक्ता की मृत्यु हो जाने की दशा में अनुमन्य सहायता की अधिकतम सीमा को भी 1.50 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया गया है। इसके अलावा प्रयागराज में निर्माणाधीन राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वहीं, प्रदेश के विभिन्न जनपदों में न्यायालयों की स्थापना के लिए भी 300 करोड़ रुपये प्रदान किये जाएंगे। यही नहीं पायलट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत न्यायालय परिसर के निर्माण के लिए सरकार इस वित्तीय वर्ष में 700 करोड़ रुपये देगी।

बजट सत्र में भाग लेने के लिए साईकिल से पहुंचे सपा विधायक जाहिद बेग।

श्रीराम का नाम लेकर अयोध्या समेत पूरे राज्य में नए अध्याय की नींव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः 'मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हजारों वर्षों से भारत और विश्व को महत्तर जीवन आदर्शों की ओर अग्रसर होने को प्रेरित करता रहा है। पिता के वचन का मान रखने के लिये समस्त राजसी वैभव को निःसंकोच त्याग कर वनवास के लिये प्रस्थान करना और दुष्टों और अधर्मियों का दृढ़तापूर्वक दलन करना ऐसे राजधर्म का अनुपम उदाहरण कहीं और नहीं मिलता।'

इन्ही शब्दों और भावों से वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रभु श्रीराम का नाम लेकर न केवल योगी सरकार ने बजट 2024-25 को विधानसभा में पेश किया, बल्कि पूरे भाषण के दौरान बार-बार प्रभु श्रीराम और अयोध्या का उल्लेख होता रहा। नव्य-भव्य व दिव्य अयोध्या धाम के त्रेतायुगीन वैभव को लौटाने का कार्य कर रही योगी सरकार ने संपूर्ण अयोध्या मंडल में विकास के नए अध्याय की नींव बजट भाषण में रखी। योगी सरकार द्वारा वार्षिक बजट 2024-25 में अयोध्या धाम समेत पूरे मंडल के विकास का जो खाका खींचा गया है उसके केंद्र में अयोध्या में पहुंच मार्गों के विस्तार व सौंदर्यीकरण, पर्यटक-जन सुविधाओं के विकास जैसी बड़ी परियोजनाएं शामिल रहीं।

इन पर फोकस

- जनपद अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्य के दृष्टिगत पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की संख्या में सम्भावित वृद्धि के दृष्टिगत 03 पहुंच मार्गों का चैड़ीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य एवं 6 स्थानों पर पार्किंग तथा जन सुविधाओं का विकास कार्य किया जा रहा है।
- अयोध्या में 'महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम' का विकास कराया गया है। अयोध्या में एयरपोर्ट की स्थापना एवं विस्तार हेतु 150 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या हेतु 10 करोड़ रूपये प्रस्तावित है।
- अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट, लखनऊ, विन्ध्याचल, प्रयागराज, नैमिषारण्य, गोरखपुर, मथुरा, बटेश्वर धाम, गढ़मुक्तेश्वर, शुकतीर्थ धाम, माँ शाकुम्भरी देवी, सारनाथ एवं अन्य महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों का पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण के कार्य कराये जा रहे हैं।

निजी नलकूप पर किसानों को नहीं मिलेगी मुफ्त बिजली

अमृत विचारः नये वित्तीय वर्ष में भी निजी नलकूप पर किसानों को मुफ्त बिजली नहीं मिलेगी। राज्य सरकार की ओर से सोमवार को पेश किये गये ऊर्जा विभाग के बजट में नलकूपों की बिजली पर छूट का उल्लेख नहीं है, बल्कि नलकूप पर रियायती बिजली का जिक्र किया गया है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने भाषणों में किसानों को मुफ्त बिजली देने की बात कही थी, पर वर्तमान में किसानों को नलकूपों पर केवल पचास प्रतिशत छूट दी जा रही है।उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बजट में ऊर्जा क्षेत्र को लेकर भारी निराशा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 में ऊर्जा क्षेत्र में किसानों के लिए 50 प्रतिशत छूट लागू की गई। कहा गया था कि वर्ष 2023-24 में किसानों को 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। पर नये वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में यह लिखा गया है कि किसानों के निजी नलकूप के लिए रियायती दरों पर बिजली के लिए 1800 करोड रुपये की व्यवस्था की गई है।

ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने में सहायक

- उप्र 2024 के बजट के आकार को विगत वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ाया गया है, जो महत्वपूर्ण है। योगी सरकार के इस बजट के पूंजीगत परिव्यय का आकार पूरे बजट का 28 फीसद है। यूपी के जंबो बजट में कृषि क्षेत्र, युवा, ऊर्जा, महिला तथा पर्यावरण आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसीलिए बजट में करीब 25 हजार करोड़ की नई योजनाएं शामिल की गई हैं। व्यय पर नियंत्रण एवं धन के दुरुपयोग पर कार्य किये जा रहे हैं। कृषि क्षेत्र को 5.1 प्रतिशत की वृद्धि दर प्रदान करने के लिए कई तरह के प्रयास इस बजट में दिखाई पड़ रहे हैं। वो चाहे विपणन की रणनीति हो या फिर उत्पादन प्रणाली में सरकार का सहयोग हो। यह रणनीति प्रदेश की ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने में सहायक होगा।

टेक्सटाइल हब से औद्योगिक गतिविधियों को

प्रतिक्रिया

प्रो .मनोज कुमार अग्रवाल
अर्थशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय

बढ़ावाःप्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। इसीलिए जहां एक ओर जहां एक ओर टेक्सटाइल हब बनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर ओडीओपी को भी सशक्त किया जा रहा है। कई रणनीतियां बनती हुईं इस बजट में नजर आती हैं।

धार्मिक पर्यटन और ओडीओपी को बढ़ावाः विकास की दर प्रदेश के नए विकास इंजन के रूप में देखी जा रही है। यह विकास इंजन कृषि, धार्मिक पर्यटन, ओडीओपी, डेटा सेण्टर आदि के रूप में देखा जा सकता है। विकास को दीर्घकालीन एवं समावेशी बनाने के अनवरत प्रयास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किये जा रहे हैं।

युवाओं और महिलाओं के विकास पर फोकस

योगी सरकार लगातार अवस्थापना सुविधाओं को सुदृढ़ विकास करने के लिए प्रयत्नशील है। वो चाहे सड़क हो, एयरपोर्ट हो, सौर ऊर्जा हो, सिचाई हो या फिर भण्डारण क्षमता का विकास हो। इसी के साथ युवाओं और महिलाओं पर ध्यान केन्द्रित करते हुए विकास एवं संवृद्धि को और अधिक गतिशील किया जा रहा है।

निर्धनता के ग्राफ में आई है कमी

प्रदेश में शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कौशल विकास आदि पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। जिससे युवाओं और महिलाओं की और अधिक भागीदारी बढ़ाई जाएगी। इससे प्रत्यक्ष प्रमाण निर्धनों की संख्या में तीव्र कमीं, मातृत्व मृत्यु दर में कमीं और लिंग अनुपात में तीव्र सुधार के रूप में मिलने लगे हैं।

एक नजर

गृह कलह में महिला ने पी लिया जहरीला पदार्थ

स्योहारा, अमृत विचार : महिला ने गृह कलेश के चलते जहरीला पदार्थ पी लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है। ग्राम झिल्ला निवासी सुभाष की 28 वर्षीया सुषमा ने गृह कलह से क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ पी लिया। परिजनों ने आनन-फानन में उसे निजी चिकित्सक के भर्ती कराया। जहां उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि स्योहारा निवासी सुषमा की शादी तीन साल पहले सुभाष से हुई थी। दंपती का एक पुत्र भी है।

किसान से मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ापुर, अमृत विचार : खेत की रखवाली कर रहे किसान के साथ मारपीट कर घायल करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव गजपुरा निवासी सलीम उर्फ बड्डा एक फरवरी को फसल की रखवाली कर रहे थे। आरोप है कि तीन लोगों ने मारपीट करके उन्हें घायल कर दिया था। सलीम की पत्नी शब्बो की तहरीर पर पुलिस तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। सोमवार को पुलिस ने गांव तारापुर जाने वाले मार्ग से फैजान निवासी नई बस्ती रामजीवाला रोड व उसके साथी बाबू उर्फ आयान निवासी मोहल्ला गंजपुरा को गिरफ्तार कर लिया।

बैठक में किसानों ने समस्याओं पर की चर्चा

हल्दौर, अमृत विचार : राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन वीएम सिंह गुट के ब्लॉक अध्यक्ष सुजान सिंह की देखरेख में कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक परिसर में एकत्र होकर विभिन्न समस्याओं के संबंध में बैठक की। इसमें वक्ताओं ने किसानों की समस्याओं के बारे में चर्चा की। बैठक के बाद एमएसपी खरीद गारंटी कानून बनाए जाने, छुट्टा पशुओं से निजात दिलाए जाने, बिजली के जर्जर तारों को बदलवाए जाने, 60 वर्ष से ऊपर के किसान और मजदूरों को 5000 प्रति माह पेंशन दिलाने आदि मांग उठाईं। बैठक में प्रमुख रूप से भीम सिंह, राकेश कुमार, ध्यान सिंह, मगन सिंह, हितेंद्र कुमार आदि किसान मौजूद रहे।

ट्रक की चपेट में आकर चार वर्षीय बच्चे की मौत

काशीपुर, अमृत विचार : ट्रक की चपेट में आकर बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। ग्राम परमानंदपुर निवासी मोहम्मद सईद एसडीएम कोर्ट के पास निर्माणाधीन भवन में मजदूरी करता हैं। सोमवार को वह काम पर गया था। दोपहर करीब दो बजे उसका चार वर्षीय बेटा अदनान घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान वह ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

झपट्टामार गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

जसपुर, अमृत विचार : पुलिस ने झपट्टामार गिरोह के गैंग लीडर सहित 3 लोगों को गिरफ्तार कर मोबाइल छीनने की घटनाओं का पर्दाफाश किया। साथ ही छपट्टामारों द्वारा छीने 1.20 लाख रुपए के तीन मोबाइल फोन बरामद किए। कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने घटनास्थलों के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। प्रकाश में आये लोगों से पूछताछ की गई। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर मण्डुवाखेड़ा के पास भगवंतपुर रोड से झपट्टामार गिरोह के सरगना आवास विकास कालोनी, जसपुर निवासी काशान तथा उसके दो साथियों मोहल्ला छिपियान निवासी उस्मान व फैसल को गिरफ्तार कर लिया।

मुठभेड़ में 25,000 के इनामी समेत दो बदमाश गिरफ्तार

शहजाद उर्फ मैगी के खिलाफ 15 व शहजाद पर दर्ज हैं 8 मुकदमे

संवाददाता, नगीना देहात

अमृत विचार : पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 25,000 के इनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश को उसके साथी सहित गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी हैं। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नजीबाबाद के मोहल्ला जाब्तागंज पठानपुरा निवासी 25 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश शहजाद उर्फ मैगी अपने साथी मोहल्ला मेंहदी बाग निवासी शहजाद के साथ सोमवार की देर रात किसी घटना को अंजाम देने के लिए कोटद्वार रोड की ओर जा रहा था। नगीना देहात के गांव टांडा माईदास के जंगल में गंग नहर पर बने डैम पर पुलिस टीम ने बाइक सवार दोनों बदमाशों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान उनकी बाइक पुलिया से टकराकर गिर गई। इसके बाद बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी।

घायल बदमाशों को ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग करते हुए घेराबंदी बढ़ा दी। इस बीच पुलिस की गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। दोनों बदमाशों के एक-एक पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से 315 बोर के दो तमंचे, तीन खोखा व चार जिंदा कारतूस, बाइक और पशु वध के के उपकरण बरामद किए हैं। एसपी ग्रामीण रामअर्ज ने बताया कि शहजाद उर्फ मैगी के खिलाफ 15 व शहजाद के खिलाफ 8 मुकदमे दर्ज हैं।

अपराधों की रोकथाम में विफल रहने पर इंस्पेक्टर व दरोगा लाइन हाजिर

बिजनौर, अमृत विचार : कार्य में शिथिलता बरतने व अपराधों को रोकने में नाकाम रहने पर पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने चांदपुर के प्रभारी निरीक्षक तथा बास्टा पुलिस चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया है। इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मचा है।

चांदपुर क्षेत्र के ग्राम ढाकी, बास्टा, बसेड़ी आदि गांवों में ट्यूबवेलों से मोटर, स्टार्टर व गन्ना चोरी की कई घटनाएं हुई। इस संबंध में थाना प्रभारी तथा बास्टा चौकी प्रभारी ने उच्चाधिकारियों को कोई जानकारी नहीं दी। इतना ही नहीं पूर्व में हुई चोरियों पर भी प्रभावी कार्रवाई नहीं की। थाने में होने वाली जनसुनवाई में भी रुचि नहीं ली। जनप्रतिनिधियों की शिकायतों का समय से निस्तारण भी नहीं किया।

गैर जमानती वारंटियों की गिरफ्तारी भी नहीं की गई। इसे गंभीरता से लेते हुए एसपी ने इंस्पेक्टर संजय कुमार तथा उपनिरीक्षक इंद्रेश कुमार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया।

अतिक्रमण हटवाती नगर पालिका की टीम। ● अमृत विचार

नगर पालिका की टीम ने हटाया अतिक्रमण

संवाददाता, किरतपुर

अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर स्टेट बैंक के पास से नगर पालिका की टीम ने अतिक्रमण हटाया। इस दौरान अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी भी दी गई।

स्टेट बैंक के निकट कुछ दुकानदारों ने समान लगाकर सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण कर रखा था। इसके कारण हाइवे से गुजर रहे वाहनों से दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही थीं। मोहल्ला आंबेडकर स्थित सेंट पीटर स्कूल के बच्चे छुट्टी के बाद घर जाते समय इस अतिक्रमण की वजह से वाहनों से टकरा जाते थे। काफी बार समझाने के बाद भी दुकानदार नहीं माने। समचार पत्रों में इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। इसके साथ ही नगर पालिका प्रशासन एवं उपजिलाधिकारी को भी बताया गया। इसे संज्ञान में लेकर पालिका प्रशासन ने सोमवार सुबह दुकानदारों का सामान हटवाया। चेतावनी दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो सामान जब्त किया जाएगा और कार्रवाई भी की जाएगी। इस दौरान प्रधान लिपिक हसन मुस्तफा, बाबूराम, सुंदर वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

डंपर की चपेट में आकर साइकिल सवार घायल

नहटौर, अमृत विचार : हल्दौर चौराहे पर डंपर की चपेट में आकर साइकिल सवार घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चालक व डंपर को पकड़ लिया है।

गांव मिलक अमराबाद निवासी छोटे सिंह साइकिल पर सवार होकर नहटौर से अपने घर लौट रहा था। पुलिस चेकपोस्ट के निकट हल्दौर चौराहे पर तेज रफ्तार डंपर ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दी। इसमें छोटे सिंह साइकिल सहित डंपर के अगले पहिये के नीचे आकर घायल हो गया। वहां मौजूद लोगों ने घायल को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

आवश्यकता

आवश्यकता है एक अकाउंटेंट, एक क्लर्क, एक मार्केटिंग बॉय, सैलरी 8000 से 15000 के बीच। पता: डी. के. कंस्ट्रक्शन, सैफनी (रामपुर) संपर्क करें।
मो.- 9411207388

नाम-परिवर्तन

मैने अपना नाम YASMIN से बदलकर YASMEEN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। यासमीन पत्नी रईस उद्दीन निवासी बजरिया हिम्मत खाँ रामपुर।

बिकाऊ

एक दुकान 12x12, रामपुर की पुरानी रोडवेज के पास बैंक ऑफ बड़ौदा रोड के पास बिना छत के सैल करनी है। जरूरतमन्द इस नम्बर पर सम्पर्क करें। मो. 9412717926, 9412252847

खोया-पाया

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2007 अनुक्रमांक 0765307 के प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं। सोवित कुमार पुत्र श्री नरदेव सिंह ग्राम महेशपुर पोस्ट डिलारी जनपद मुरादाबाद।

जयपुर में आयोजित ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भाग लेगी जाह्नवी

संवाददाता, नहटौर

खेलकूद

- 12 जनवरी को छात्रा ने लखनऊ में जीता था गोल्ड
- ताइक्वांडो एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

अमृत विचार : जयपुर में होने वाली नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में नगर की छात्रा जाह्नवी सैनी प्रतिभाग करने के लिए रवाना हुई।

लखनऊ के चौक स्टेडियम में नौ से 12 जनवरी तक स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। इसमें एसएनएसएम इंटर कॉलेज की छात्रा जाह्नवी सैनी ने सब जूनियर बालिका वर्ग के अंडर 47 किलोग्राम में गोल्ड मेडल जीत कर छह से नौ फरवरी को जयपुर में होने वाली नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में चयन हुआ था। सोमवार को जाह्नवी व कोच चमन सैनी टीम के साथ जयपुर के लिए रवाना हुए। इस मौके पर ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजू राजपूत, एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी, एसएनएसएम इंटर कॉलेज के प्रबंधक दर्पण त्यागी, ऑक्सफोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के आशीष सिंघल आदि ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनका कहना है जाह्नवी काफी होनहार है।

दुकान में लगी आग में लाखों का सामान जला

अफजलगढ़, अमृत विचार : सोमवार सुबह लस्सी की दुकान में अचानक से आग लग गई। सूचना पर पहुंची अग्निशमन टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। इस घटना में करीब 15 लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

जसपुर तिराहे पर विशाल लस्सी कॉर्नर में सोमवार की सुबह अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर सीओ अर्चना सिंह, कोतवाल राजकुमार सरोज, क्राइम इंस्पेक्टर राजेश चौहान व चेयरपर्सन के पति जावेद विकार मौके पर पहुंच गए। इस बीच अग्निशमन विभाग की टीम और नगर पालिका के टैंकरों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया। मगर तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। दुकान स्वामी विशाल अहमद ने बताया कि आग से करीब 15 लाख रुपए का सामान जल गया है।

ई-रिक्शा का बैट्री फटने से पांच झुलसे

संवाददाता, झालू

अमृत विचार : सोमवार की सुबह ई-रिक्शा का बैट्री फटने से महिला सहित पांच लोग तेजाब से झुलस गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में झुलसे लोगों को जिला अस्पताल भिजवाया।

कस्बे के मोहल्ला इस्लामाबाद निवासी शमीम अहमद ई-रिक्शा चलाता है। सोमवार सुबह वह ई-रिक्शा में मोहल्ले के ही रईस, मेरठ निवासी संजय बंसल उनकी पत्नी मंजू और उज्जवल को बैठाकर बिजनौर जा रहा था। अपना बैंकट हॉल के सामने अचानक ई रिक्शा की बैट्री फट गई। बैट्री से निकले तेजाब से ई-रिक्शा में सवार सभी लोग बुरी तरह झुलस गए। ई-रिक्शा से धुआं निकलने लगा। चीख-पुकार सुनकर मौके पर तमाम लोग एकत्र हो गए। जानकारी पर पहुंचे चौकी प्रभारी सुभाष राणा ने पांचों घायलों को निजी वाहन से जिला अस्पताल भेज दिया। चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। इस पर चौकी प्रभारी ने उन्हें मुजफ्फरनगर के गन्दासपुर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। बैट्री फटने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

घायलों का उपचार कराती पुलिस। ● अमृत विचार

- मची अफरा-तफरी, पुलिस ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

ई-रिक्शा से निकलता धुआं।

डबल डेकर बस पलटी, 20 घायल

संवाददाता, शाहबाद (रामपुर)

अमृत विचार : शाहबाद-बिलारी मार्ग पर राणा चीनी मिल के पास चंडीगढ़ से यात्रियों को लेकर आ रही डबल डेकर बस को पीछे से आ रहे कैंटर ने टक्कर मार दी। इससे अनियंत्रित होकर बस खंदक में पलट गई। हादसे में 20 यात्री घायल हो गए। पुलिस व लोगों ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। घायलों में रामपुर, बदायूं, बरेली और संभल के लोग शामिल हैं।

बताया गया कि सोमवार सुबह निजी बस चंडीगढ़ से सवारियां लेकर आंबला जा रही थी। बस में 90 से 100 यात्री सवार थे। तड़के पांच बजे राणा चीनी शुगर मिल के सामने कैंटर ने बस में मार दी। बस पलटने से यात्रियों को चीख पुकार मच गई। इस बीच आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना के बाद पुलिस भी पहुंच गई। यात्रियों को बस से बाहर निकाला गया। बाद में घायलों को सीएचसी भिजवाया। यहां 12 यात्रियों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर, जो यात्री चोटिल हुए, वे कुछ पैदल ही वहां से चले गए। हादसे के बाद दो घंटे तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। बस को क्रेन से सीधा कराया गया। घायलों में चंदौसी निवासी अंजू भी है। 12 लोगों की हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने रामपुर रेफर कर दिया।

हादसे के बाद मौके पर पलटी पड़ी बस। ● अमृत विचार

- चंडीगढ़ से आंबला जा रही थी बस, शाहबाद-बिलारी मार्ग पर कैंटर ने मारी टक्कर

व्हाट्सएप पर युवती का फोटो लगाकर लिखा सेक्स वर्कर

बरेली, अमृत विचार : बारादरी थाना क्षेत्र के एक जरी कारीगर के बेटे का मोबाइल नंबर साइबर ठगों ने हैक कर लिया और उसके व्हाट्सएप स्टेट्स पर युवती का फोटो लगाकर सेक्स वर्कर के लिए संपर्क करें लिख दिया। साइबर ठग ने युवक को फोन पर 15 हजार रुपये भी मांगे और नहीं देने पर बदनाम करने की धमकी दी।

पीड़ित ने सोमवार को एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से मामले की शिकायत की। एसएसपी ने जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। युवक ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ जरी का काम करते हैं। कुछ दिन पहले उनके बेटे के नंबर पर फोन आया कि उसके व्हाट्सएप को हैक कर लिया गया है। अगर उन्हें 15 हजार रुपये नहीं दिए तो वह उनके बेटे को बदनाम कर देगा।

चलती कार में लगी आग, बाल बाल बचे पिता-पुत्र

बरेली, अमृत विचार : कुदेशिया पुल के पास चलती कार में आग लग गई। कार सवार पिता पुत्र ने नीचे उतरकर जान बचाई। इज्जतनगर क्षेत्र में कृष्णा काउंट्री निवासी रोहित खन्ना ने बताया कि सोमवार को वह अपने बेटे गर्वित के साथ राजेन्द्र नगर रिश्तेदार के यहां गए थे। वापस आते वक्त कुदेशिया पुल के पास कार के बोनट से धुंआ उठता दिखाई दिया।

डूंगरपुर के तीन मामलों में इंस्पेक्टर ने दर्ज कराए बयान

रामपुर, अमृत विचार : डूंगरपुर के तीन मामलों में इंस्पेक्टर ने कोर्ट में बयान दर्ज कराए हैं। इस मामले में अब आठ मार्च को सुनवाई होगी। एमपी-एमएलए (सेशन ट्रायल) में सुनवाई हो रही है।

सपा शासन में डूंगरपुर बस्ती को खाली कराया गया था। वहां के लोगों ने कई मुकदमे 2019 में दर्ज कराए थे। आरोप लगाया था कि सपा नेता आजम खां के इशारे पर बस्ती में सपाई घुस आए थे। उनके घरों को बुलडोजर से गिरा दिया गया। मारपीट और लूटपाट भी की गई। इस मामले में कई लोगों का आरोपी बनाया गया था। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए (सेशन ट्रायल) कोर्ट में चल रही है। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि डूंगरपुर के तीन मामले में इंस्पेक्टर रामवीर सिंह ने बयान दर्ज कराए।

महिला जज की मौत मामले में हर पहलू पर हो रही जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

जांच

- कोतवाली पुलिस ने महिला जज के मोबाइल नंबर के कॉल रिकार्ड भी चेक किए
- जिसमें परिजन और दोस्तों के नंबर मिले, कोई संदिग्ध नंबर नहीं मिला है

अमृत विचार : सिविल जज ज्योत्सना राय की मौत का सच जानने के पुलिस ने हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने महिला जज के मोबाइल नंबर की कॉल रिकार्ड भी चेक की है। जिसमें उनके परिजन और दोस्तों के नंबर मिले हैं।

पुलिस को कोई संदिग्ध नंबर नहीं मिला है। पुलिस हर बिंदू पर जांच कर रही है। आत्महत्या का कारण भी तलाशा जा रहा है। दरअसल, महिला जज ज्योत्सना की मौत के बाद उनके परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए रिपोर्ट लिखाई है। पिता अशोक कुमार राय ने कहा कि बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती है। उनकी तहरीर पर कोतवाली सदर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत हैंगिंग से होने की पुष्टि हुई। फिर भी पुलिस हत्या के मामले की विवेचना करेगी। जांच पूरी होने के बाद मामला तरमीम होगा या आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर अफसर भी असमंजस में हैं। बता दें कि जिला मऊ की तहसील घोसी क्षेत्र के गांव तराई डीह की रहने वाली महिला जज ज्योत्सना राय का शव शनिवार को जजी कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में पंखे से लटका मिला था। उनकी डायरी में रखा सुसाइड नोट भी मिला था।

भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं : प्रियंका गांधी

संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : कांग्रेस पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सिविल जज ज्योत्सना राय की मौत को लेकर सोशल साइट 'एक्स' पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने महिला सुरक्षा को लेकर भाजपा सरकार को घेरा है। लिखा कि उत्तर प्रदेश में कुछ हफ्ते पहले बांदा में महिला जज ने इच्छा मृत्यु मांगी थी। अब बदायूं में दूसरी महिला जज का शव उनके घर में पाया गया है। जिसकी जांच पर उनके परिवार ने गंभीर सवाल उठाए हैं। भाजपा राज में महिला जजों की सुरक्षा का यह हाल है तो सोचिए एक सामान्य लड़की हर दिन किस भय के साथ जीती होगी। प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक्स हैंडल पर लिखा कि एनसीआरबी के मुताबिक, महिलाओं के खिलाफ अपराध में उत्तर प्रदेश नंबर वन है। हर घंटे 8 महिलाएं अपराध का शिकार बनती हैं। उत्तर प्रदेश महिलाओं के लिए पूरी तरह असुरक्षित हो चुका है। क्योंकि सुरक्षा के सारे बड़े-बड़े दावे सिर्फ विज्ञापनों में हैं। महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध के आंकड़े यह दिखाते हैं कि सरकार असल में महिला सुरक्षा को लेकर कितनी गंभीर है।

> प्रियंका गांधी की प्रतिक्रिया के बाद बदायूं पुलिस ने भी सीओ सिटी आलोक मिश्रा की बाइट एक्स पर अपलोड की है। जिसमें उन्होंने कहा कि मौके पर सुसाइड नोट मिला। जिसकी जांच की जा रही है। परिजनों ने तहरीर दी कि बेटी सुसाइड नहीं कर सकती। रिपोर्ट दर्ज की गई है। शेष विधिक कार्रवाई की जा रही है।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)

मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *

विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग

रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें

ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र | भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे * | जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक

हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।

रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*

हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

राममंदिर : दानपत्रों में आए रुपयों की हुई गिनती, सोने-चांदी व अन्य धातुओं के जेवर भी मिले

14 दिनों में 25 लाख भक्तों ने किए दर्शन, आया करोड़ों का दान

विवेक सक्सेना, अयोध्या

अमृत विचार : श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब तक 14 दिनों में 25 लाख से अधिक रामभक्तों ने नव्य-भव्य मंदिर में दर्शन-पूजन कर 11 करोड़ रुपये से अधिक दान किया है। इसके अलावा दानपात्रों में एक करोड़ रुपये से अधिक नकद चढ़ावा मिला है।

भक्तों ने सोने-चांदी व अन्य धातुओं के जेवर भी चढ़ाएं हैं। चेक और ऑनलाइन से भी 3.50 करोड़ के आसपास की धनराशि मिली है। विदेशों से भी भक्त ट्रस्ट के खाते में दान कर रहे हैं। चढ़ावा

राशि की काउंटिंग टीम के सूत्रों के मुताबिक मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र के संरक्षण में ट्रस्ट के प्रतिनिधि गोपालजी, परिसर प्रभारी राम शंकर, कैश प्रभारी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव और स्टेटबैंक के 15 कर्मचारियों की टीम ने सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में राममंदिर में 'बालक राम' के सामने रखे छह दान पात्रों में चढ़ावे की धनराशि की गिनती शनिवार रात शयन आरती के बाद शुरू की गई। जो रविवार सुबह करीब चार बजे तक चली। गणना में एक करोड़ से ज्यादा की चढ़ावा राशि दानपात्रों में नकद मिली। इसके अलावा बड़ी संख्या में सोने-चांदी और अन्य धातुओं के जेवर भी मिले। चढ़ावा राशि और भेंट के सामान को मंदिर परिसर के काउंटिंग रूम में बने चेस्ट में रखवा दिया गया है। भारी भीड़ के चलते प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद से इन बड़े आकार के दानपात्रों को दान की राशि की गिनती के लिए नहीं खोला गया था।

मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता से मिली जानकारी के अनुसार चेक और ऑनलाइन से भी 3.50 करोड़ के आसपास की धनराशि मिली है। भव्य मंदिर के गर्भगृह में जहां बालक राम विराजमान हैं, उनके सामने दर्शन मार्ग के पास रखे दानपात्रों में श्रद्धालु सीधे चढ़ावा राशि प्रभु श्रीराम को अर्पित कर रहे हैं। साथ ही 10 कंप्यूटराइज्ड काउंटर पर भी लोग दान की राशि जमा करते हैं। दान काउंटर पर मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी नियुक्त हैं, जो शाम को काउंटर बंद होने पर मिली दान राशि का लेखा-जोखा ट्रस्ट कार्यालय में जमा कर देते हैं। इन काउंटरों पर भी 11 करोड़ रुपये से अधिक का चढ़ावा भक्तों ने चढ़ाया है।

▸▸ एक करोड़ से ज्यादा नकद मिले चेक और ऑनलाइन से भी मिले करीब 3.50 करोड़

प्राण प्रतिष्ठा के बाद 23 को सर्वाधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

– ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद से अब तक 25 लाख से अधिक भक्त प्रभु श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं। इसमें प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दिन 23 जनवरी को मंदिर के पट भक्तों के लिए खुले तो पांच लाख से अधिक की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। जिन्होंने देर रात तक दर्शन-पूजन किया। इसके बाद 26 जनवरी को 3.50 लाख और 28 जानवरी को 3.25 लाख श्रद्धालुओं ने श्रीरामलला के दर्शन किए। प्राण प्रतिष्ठा के बाद औसतन दो लाख रामभक्त श्रीरामलला के दरबार में सुगमता पूर्वक पहुंचकर दर्शन-पूजन कर रहे हैं।

बीएचयू में डॉक्टर का न्यूड वीडियो बनाकर पीटा, 60 हजार वसूले

बीमार रूममेट को देखने के लिए बुलाया हॉस्टल, दो गिरफ्तार

वाराणसी, एजेंसी

काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में एक प्राइवेट डॉक्टर के साथ अश्लीलता की हद पार कर दी गई। मनबढ़ छात्रों ने ऐप से डॉक्टर का अप्वाइंटमेंट फिक्स किया। बीमार दोस्त को दिखाने के बहाने कमरे में बुलाया, वहां मारपीट की और 60 हजार रुपये वसूल लिए।

उसके कपड़े उतार कर अश्लील वीडियो बनाया। पीड़ित डॉक्टर ने लंका थाने में मामले की शिकायत की। पुलिस ने आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। लंका थाने के प्रभारी शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि पूरे गैंग में 4 लोग शामिल थे जिसमें 2 को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों आरोपियों ने अपने गुनाह कबूल कर लिए हैं। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रतापगढ़ का नारायण शुक्ल (20) और गाजीपुर का सूरज दुबे (21) है। आरेपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

रुइया हॉस्टल, जहां डॉक्टर को बुलाया गया।

24 घंटे के अंदर आरोपी गिरफ्तार

लंका थाने के प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्र ने बताया कि डॉक्टर ने 4 फरवरी को लंका थाने में शिकायत की। 24 घंटे के भीतर वाराणसी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर इस मामले और गैंग का खुलासा कर दिया। इन्होंने Grindr और मैसेंजर एप का इस्तेमाल कर डॉक्टर को अपने जाल में फंसाया था।

मेरी हैंड राइटिंग में मेरे ही खिलाफ लिखवाया लेटर

डॉक्टर ने बताया कि मेरी हैंड राइटिंग में एक लेटर भी लिखवाया गया कि मैंने हॉस्टल में आकर एक लड़के से जबरदस्ती संबंध बनाया है। इन लोगों ने दूसरे लड़के के साथ मेरे प्राइवेट पार्ट का भी वीडियो बनाया। मुझे गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। रुपयों की मांग की हुई। यह भी कहा कि रुपया मंगाओ नहीं तो तुम्हारा वीडियो वायरल कर देंगे। मैं इतना डर गया कि इसकी सूचना कहीं नहीं दिया। इधर ये लोग मुझे बार-बार टॉर्चर करके पैसे की मांग करते रहे। इसके बाद मैंने परेशान होकर लंका थाने में शिकायत दर्ज कराई।

व्यास जी के तहखाने में पूजा पर रोक लगाने की याचिका पर सुनवाई 8 को

वाराणसी, एजेंसी : वाराणसी की एक अदालत ने सोमवार को ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में पूजा पर रोक लगाने की मांग करने वाली इंतेजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई के लिए आठ फरवरी की तारीख तय की है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज के आदेश के बाद व्यास जी के तहखाने में शुरू की गई पूजा को रोकने के लिए इंतेजामिया मस्जिद कमेटी की ओर से एक फरवरी को जिला जज की अदालत में अर्जी दी गयी थी। इस अर्जी में कहा गया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को लेकर पुनरीक्षण याचिका दाखिल की जाएगी। सोमवार को जिला जज की अदालत में हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने अदालत के प्रभारी न्यायाधीश अनिल कुमार (पंचम) के समक्ष आपत्ति जताते हुए कहा कि जब इस मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय में चल रही है, तो इसे यहां सुनने का कोई औचित्य नहीं है। इस मामले में उच्च न्यायालय में सुनवाई को देखते हुए प्रभारी जिला जज ने यहां मामले की सुनवाई के लिए आठ फरवरी की तारीख तय की है।

कानपुर देहात में सड़क हादसा छह की मौत, दो बच्चे घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार : सिकंदरा थाना क्षेत्र जगन्नाथपुर गांव के पास सोमवार की भोर में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई और खुले नाले में जा गिरी। हादसे में कार सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे का शिकार हुए लोग इटावा में तिलक चढ़ा कर गांव लौट रहे थे।

कानपुर देहात के डेरापुर थाना क्षेत्र के मुर्रा गांव निवासी पंकज कुमार की बेटी की शादी मध्य प्रदेश के भिंड जिले के फूप गांव में तय हुई है। रविवार को परिवार और खास नाते-रिश्तेदार तिलक चढ़ाने के लिए इटावा गए थे। इटावा के गेस्ट हाउस में तिलकोत्सव निपटाने के बाद देर रात सभी लोग गांव लौट रहे थे। सोमवार की भोर में कार सवार लोग सिकंदरा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव के पास पहुंचे, तभी उनकी तेज रफ्तार डिजायर कार अनियंत्रित होकर पलट गई और खुले नाले में जा गिरी। नाले में कार गिरने से उस पर बैठे सभी लोग दब गए। जब कुछ लोग उधर से गुजरे तो नाले में कार पलटी देख पुलिस को सूचना दी। सिंकदरा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति भी दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे आठ लोगों को बाहर निकालकर सिकंदरा सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया, गंभीर रूप से घायल दो बच्चों को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया।हादसे में मुर्रा गांव के रहने वाले कार चालक विकास (42), खुशबू (17), प्राची (13), संजय उर्फ संजू (55), प्रतीक (10) और शिवली कोतवाली क्षेत्र के बैरी सवाई निवासी गोलू (16) की मौत हुई है। वहीं मुर्रा गांव के विराट (18) और वैष्णवी (16) गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

▸▸ इटावा से तिलक चढ़ाकर लौट रहे थे कार सवार लोग

सार-संक्षेप

नशे में ड्यूटी करने वाले डॉक्टर हटाए गए, होगी जांच

लखनऊ, अमृत विचार : देवरिया में ड्यूटी के दौरान डॉ. धीरेंद्र कुमार चौहान को नशे में पाए जाने के प्रकरण को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने सोमवार को देवरिया सीएमओ को तत्काल प्रभाव से आरोपी डॉक्टर को हटाने के निर्देश दिए हैं। देवरिया के बैतालपुर सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. धीरेंद्र कुमार चौहान पर गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप हैं कि ड्यूटी के दौरान वह नशा करते हैं। ब्रजेश पाठक ने मीडिया में आई खबरों का संज्ञान लेते हुए डॉ. चौहान को हटाने की संस्तुति की है। साथ ही देवरिया सीएमओ को प्रकरण की जाँच तीन दिन में पूरी कर रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए हैं। गाजीपुर के मनिहारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आग लगने से पाँच एम्बुलेंस के जल जाने के प्रकरण की जाँच होगी। इसके लिए सीएमओ के अधीन दो सदस्यीय जाँच कमेटी गठित की गई है। जिसमें अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जयनाथ सिंह एवं डॉ. मनोज कुमार सिंह हैं। कमेटी को तीन दिन में जाँच पूरी करनी होगी। जॉच रिपोर्ट के आधार पर विभागीय अधिकारी व कर्मचारी की संलिप्तता पाये जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

प्रेमिका की हत्या के बाद खुद को गोली मारी

बुलंदशहर, एजेंसी : जिले के स्याना थाना इलाके में सोमवार को एक युवक ने कथित तौर पर युवती की गोली मारकर हत्या करने के बाद खुद को गोली मारकर जान दे दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) शंकर प्रसाद ने बताया कि स्याना थाना इलाके के नयावास निवासी टीटू (30) ने गांव की ही रहने वाली युवती नेहा (28) के घर में जाकर उसको गोली मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। इसके बाद टीटू ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। प्रसाद ने कहा कि मामला प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है। मामले में आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक छानबीन में यह जानकारी सामने आयी कि नेहा की शादी तय होने से नाराज़ टीटू ने इस वारदात को अंजाम दिया। नेहा की 13 फरवरी को शादी होनी थी। प्रेमिका की शादी किसी और से तय हो जाने से नाराज युवक उसके घर पहुंचा. पहले प्रेमिका को गोली मारी फिर उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सोमवार दोपहर उसने कहीं से अवैध तमंचे की व्यवस्था की और नेहा के घर पहुंच गया।

ट्रेन में औरतों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए

विधि संवाददाता, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने चलती ट्रेन में एक महिला के साथ सामुहिक दुराचार किए जाने व उसे ट्रेन से फेंकने के वर्ष 2016 के मामले पर दर्ज स्वत: संज्ञान याचिका पर सुनवाई करते हुए, रेल मंत्रालय को नोटिस जारी किया है। साथ ही न्यायालय ने पूछा है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने मऊ में हुई उक्त घटना पर दर्ज स्वत: संज्ञान याचिका पर पारित किया। सुनवाई के दौरान न्यायालय को बताया गया कि उक्त घटना की पीड़िता को पाउने चार लाख रुपये मुआवजे में से दो लाख 81 हजार रुपये दिए जा चुके हैं, इस पर न्यायालय ने पूछा कि अब तक बाके एकई रकम क्यों नहीं दी गई। मामले की अगली सुनवाई मार्च के पहले सप्ताह में होगी।

आज रामलला के दरबार में होगी अरुणाचल सरकार

अयोध्या,अमृत विचार : भाजपा के श्रीराम दर्शन यात्रा के तहत मंगलवार को अरुणाचल सरकार रामलला के दरबार में होगी। यात्रा के मीडिया प्रमुख दिवाकर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री पेमा खांडू समेत 70 लोग विशेष विमान से सुबह सुबह 9 बजे हवाई अड्डे पहुंचेंगे और दर्शन-पूजन के बाद वापस रवाना होंगे। हवाई अड्डे पर स्वागत का जिम्मा जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारियों को सौंपा गया है। स्वागत प्रभारी शैलेंद्र कोरी को बनाया गया है।

लुईस खुर्शीद ने अपनी ही पार्टी के सचिव को चप्पल मारने को कहा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की तैयारियों में लगीं पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद ने बैठक के दौरान अपनी ही पार्टी के सचिव व जनरल सेक्रेटरी को चप्पल मारने की बात कह डाली। अभद्र भाषा बोलने का उनका यह वीडियो वायरल होने से राजनीतिक गलियारों में चकचक शुरू हो गई है। इसके बाद कांग्रेस के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ने जहां अपना मोबाइल बंद कर लिया, वहीं प्रदेश सचिव अनूप वर्मा ने इस संबंध में लुईस खुर्शीद से बात करने की बात कही है। हालांकि अमृत विचार ऐसे वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

लुईस खुर्शीद।

वीडियो में कांग्रेस की पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद कार्यकर्ताओं के साथ हो रही बैठक में कह रही हैं कि एक बार प्रियंका गांधी ने उन्हें बुलाया और पूछा कि आपके क्षेत्र में क्या हो रहा है। उन्होंने (लुईस) कहा कि आप बुरा न मानें तो एक बात कहें। क्षेत्र का गणित बताने के बाद उन्होंने (लुईस) कहा कि जब पार्टी का कोई सचिव या कोई जनरल सेक्रेटरी आए और यह कहे कि सलमान खुर्शीद कौन है, लुईस खुर्शीद कौन हैं तो इस पर उन्हें आपत्ति है।

वीडियो में लुईस आगे कह रही है कि उन्होंने अपने कार्यकर्ता को कहा कि अगली बार कोई सचिव ऐसी बात कहें तो पहले प्रेस को बुलाइये और प्रेस के सामने अपना चप्पल उतारकर मारो...। प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी अनूप वर्मा ने बताया कि लुईस खुर्शीद ने कोई अभद्रता वाली टिप्पणी नहीं की। इस संबंध में पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

▸▸ कांग्रेस की बैठक में अभद्र भाषा बोलने का वीडियो वायरल

सेवानिवृत्ति परिलाभों के निर्धारण के समय तदर्थ सेवा की गणना आवश्यक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्ति परिलाभों के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों का निर्धारण करते समय कर्मचारी की तदर्थ आधार पर प्रदान की गई सेवाओं की गणना भी होनी चाहिए।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने रामसेवक यादव की याचिका को स्वीकार करते हुए विपक्षियों को एक परमादेश जारी किया कि इस निर्णय की प्रति प्राप्त होने की तारीख से 2 महीने की अवधि के भीतर याची की पेंशन और ग्रेच्युटी सहित सभी सेवानिवृत्ति परिलाभों को संशोधित और पुनर्निर्धारित किया जाए। इसके साथ ही संशोधित लाभों के बकाया का भुगतान 1 महीने के भीतर याची को किया जाए।

भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी की स्थिति में याची देय बकाया दर पर 6% प्रतिवर्ष की दर से साधारण ब्याज का हकदार होगा।

गौरतलब है कि याची नगर पालिका परिषद, इटावा के जल आपूर्ति विभाग में 2 सितंबर 1988 से तदर्थ आधार पर पंप अटेंडेंट के रूप में नियुक्त किया गया था। उनकी सेवाएं मार्च 2006 में नियमित कर दी गईं और जुलाई 2022 में वह सेवानिवृत्त हो गये। याची के सेवानिवृत्ति के बाद के बकाए का सत्यापन उपनिदेशक, स्थानीय निधि लेखा विभाग, कानपुर द्वारा किया गया था, लेकिन विपक्षियों द्वारा याची की पेंशन, ग्रेच्युटी और अन्य सेवानिवृत्ति परिलाभों को निर्धारित करते समय नियमितीकरण से पहले तदर्थ आधार पर प्रदान की गई याची की सेवा अवधि को ध्यान में न रखना एक स्पष्ट त्रुटि है। कोर्ट ने पाया कि सेवानिवृत्ति परिलाभों का निर्धारण तदर्थ आधार पर प्रदान की गई सेवा अवधि को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। कोर्ट ने मुख्य रूप से इस आदेश की प्रति प्रमुख सचिव, स्थानीय निकाय उत्तर प्रदेश, लखनऊ के साथ साथ निर्देशक स्थानीय निकाय, लखनऊ को निबंधन (अनुपालन) द्वारा भेजने का निर्देश दिया है।

▸▸ याची को एक माह के भीतर बकाया भुगतान देने के निर्देश

वर्ग पहेली-334

बाएं से दाएं

1.1. मांगलिक अवसरों पर होने वाले सामाजिक उपचार

4. भारवाहक, भार उठाकर अपना भरण-पोषण करने वाला व्यक्ति, कुली।

7.1. स्त्री, औरत 2. पत्नी, बहू।

ऊपर से नीचे

2.1. ख़ुशामद करने वाला व्यक्ति, चापलूस 2. आगे-पीछे लगा रहने वाला व्यक्ति 3. सोने के तार में पिरोई हुई माला।

3. (रामायण) राजा जनक के भाई कुशध्वज की बेटी जिसका विवाह दशरथ पुत्र भरत से हुआ था।

4.1. जिसपर किसी प्रकार का ऋण हो 2. जिसपर किसी प्रकार का बोझ या भार हो।

5. हृदय जो आत्मा का आधार या आश्रय माना जाता है।

6. पवित्र करने वाली।



वर्ग पहेली - 333 का हल

1 खो	2 ख	ला	■	■
■	जु	■	3 सु	4 म
5 दु	रा	धा	र	नो
■	हो	■	धे	भ
6 पिं	■	7 अ	नु	भ	व
ड	■	टै	■	■
ल	■	8 क	पे	सि	टी

सुडोकू-51

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

3		9			4			2
				1			3	
5			9			6		
					6		9	
	3	2				5	1	
	8		7					3
		4			5		2	
	7			8				
6			1			3		4

सुडोकू - 50 का हल

2	8	5	4	9	7	6	1	3
4	6	7	2	3	1	8	9	5
3	1	9	6	8	5	4	7	2
5	7	6	8	4	9	2	3	1
9	2	4	3	1	6	5	8	7
8	3	1	7	5	2	9	6	4
7	9	8	1	2	4	3	5	6
1	5	2	9	6	3	7	4	8
6	4	3	5	7	8	1	2	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-एकादशी 16.07 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



त्योहार/व्रत/दिवस- एकादशी व्रत।
दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 07.35 तक तत्पश्चात मूल 7 फरवरी 06.27 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

मेष — आज सहकर्मियों के व्यवहार से आप व्यथित हो सकते हैं। बच्चे पढ़ाई को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। बड़े-बुजुर्ग लोगों का अनादर न करें। अपने करियर को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

वृष — आज व्यापार से जुड़े लोगों को चोरी और सामान गुमने जैसी स्थितियों के लिए कुछ सावधान रहना चाहिए। धन का अनावश्यक अपव्यय करने से बचें। मेहनत का पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे। मित्रों से ज्यादा अपेक्षा न करें।

मिथुन — आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। व्यापार में आपको पुराने संपर्कों से काफी लाभ हो सकता है। नया कार्य शुरू करना हितकर रहेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

कर्क — आज साझेदारी में नए काम शुरू कर सकते हैं। छोटी दूरी की यात्रा में आपको कुछ समस्या हो सकती है। ऑनलाइन कारोबार में उत्तम लाभ मिल सकता है। स्त्री वर्ग को अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रहना चाहिए।

सिंह — आज नए कार्यों की शुरुआत न करें। अनावश्यक बहसबाजी से अंतत: आपका ही नुकसान होगा। मंत्र और देवपूजा आदि की तरफ आप प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी कार्यक्षमता को लेकर कुछ शंका में रहेंगे।

कन्या — आज आप कई सारे काम होने के कारण थोड़े भ्रमित से रहेंगे। निर्णय लेने में थोड़ी परेशानी होगी। परिजनों के साथ समय बिताना अच्छा रहेगा। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। जल्दबाजी के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं।

तुला — आज किसी सुखद समाचार मिलने से मन प्रसन्न होगा। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। धार्मिक यात्रा पर जाने की योजना बनेगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे।

वृश्चिक — आज अनुशासित जीवनशैली के कारण स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार के लोगों पर किसी कारण नाराज हो सकते हैं। अधिक थकान के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपने लक्ष्यों को सुनियोजित तरीके से पूरा कर लेंगे।

धनु — आज जॉब कर रहे लोगों को कार्यक्षेत्र में ज्यादा काम मिल सकता है। मशीनी कार्यों में कुछ सुधार करना पड़ सकता है। व्यापार में सुधार होने से प्रसन्न रहेंगे,लेकिन अपने हिसाब-किताब का विवरण स्पष्ट रखें। यात्रा के दौरान सावधानी और सुरक्षा का ध्यान रखें।

मकर — आज पुराने कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कर लें। अपने आत्मविश्वास और मनोबल में कमी न आने दें। संभव हो तो लंबी दूरी की यात्रा न करें। परिजनों से भावनात्मक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे। जीवनसाथी के साथ वाद-विवाद को टालने का प्रयास करें।

कुंभ — आज लोगों के विश्वासपात्र बने रहेंगे। प्रेमी जन के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्पित रहेंगे। भविष्य की योजनाओं पर मित्रों से चर्चा हो सकती है। आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे।

मीन — आज इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को जॉब के मौके मिल सकते हैं। कठोर वचन बोलने से आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। लोग आपके काम का श्रेय ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के बीच काफी अच्छा तालमेल रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
जुआरी — सुबह : 09.41
अनाड़ी — रात : 07.00

SONY MAX
पीके — सुबह : 09.50
मलंग — रात : 07.00

SONY PIX
जिओस्ट्राम — सुबह : 08.47
स्पाइडर मैन :होमकमिंग — रात : 09.00

ZEE CINEMA
खलनायक — सुबह : 10.30
यमला पगला दीवाना 2 — रात : 07.30

colors CINEPLEX
चिराग — दोपहर : 12.25
आंदोलन — रात : 07.55

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

शराबी दोस्त- शराब से ज्यादा नुकसान तो पानी ने पहुंचाया है।
शुभम- नहीं भाई, आप गलत कह रहे है। पानी हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।
शराबी – क्यों भाई साहब, क्या पिछले साल बाढ़ से हजारों लोग मरे नहीं थे?

गुप्ता जी ने रास्ते में बैठे भिखारी से कहा-भीख मांगते हुए तुम्हें शर्म आनी चाहिए। मेरे साथ चलो, मेरे घर काम करना। मैं तुम्हें दिन के तीन सौ रुपये दूंगा।
भिखारी ने कहा- अच्छा ठीक है, तुम मेरे साथ बैठ जाओ। मैं तुम्हें दिन के पांच सौ रुपए दूंगा।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	71,731.42	21,771.70
नुकसान	354.21	82.10
प्रतिशत में	0.49	0.38

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, मंगलवार, 6 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 900 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104–106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एक नजर

भारत में एडीबी की कंट्री निदेशक बनीं ओका

नई दिल्ली। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने सोमवार को मिओ ओका को भारत के लिए अपना कंट्री निदेशक नियुक्त किया। वह ताकिओ कोनिशी की जगह लेंगी जिन्हें बैंक के मनीला स्थित मुख्यालय में दक्षिण एशिया का महानिदेशक बनाया गया है। एडीबी ने बयान में कहा कि ओका कंट्री निदेशक के तौर पर भारत में एडीबी के कामकाज की कमान संभालेंगी। इस दौरान वह सरकार एवं अन्य विकास साझेदारों के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए काम करेंगी।

भर्ती गतिविधियों में पांच प्रतिशत की गिरावट

मुंबई। भर्ती गतिविधियों में जनवरी में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत की गिरावट देखी गई, हालांकि इससे पिछले महीने की तुलना में इसमें तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई। फाउंडइन इनसाइट्स ट्रैकर ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, पर्यटन, दूरसंचार और बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं उद्योगों में कुशल कर्मचारियों की मांग के चलते भर्ती गतिविधियों में सुधार हुआ।

रूसी तेल आयात 12 महीने के निचले स्तर पर

एनर्जी कार्गो ट्रैकर वोर्टेक्सा के आंकड़ों के अनुसार भारत में अभी भी दीर्घकालिक मांग बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी



रूस से भारत का कच्चे तेल का आयात जनवरी में लगातार दूसरे महीने गिरकर 12 महीने में सबसे निचले स्तर पर आ गया। हालांकि, दीर्घकालिक मांग अब भी बरकरार है। एनर्जी कार्गो ट्रैकर 'वोर्टेक्सा' के आंकड़ों के अनुसार, रूस ने जनवरी में भारत को प्रति दिन 12 लाख बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति की, जो दिसंबर में 13.2 लाख बैरल और नवंबर 2023 में 16.2 लाख बैरल से कम है। हालांकि, रूस अब भी भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है।

वोर्टेक्सा के अनुसार, भारत ने दिसंबर 2021 में रूस से सिर्फ 36,255 बैरल प्रति दिन कच्चे तेल का आयात किया, जबकि इराक से 10.5 लाख बैरल प्रति दिन और सऊदी अरब से 952,625 बैरल प्रति दिन आयात किया। रूस से आयात पिछले साल जून में 21 लाख बैरल प्रति दिन के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था, जो भारत द्वारा आयातित कुल तेल का करीब 40 प्रतिशत है। उद्योग से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि रूसी कच्चे तेल की दीर्घकालिक मांग बरकरार है।

एक अधिकारी ने कहा कि एक महीने में गिरावट तथा दूसरे महीने में बढ़ोतरी पूरी कहानी बयां नहीं करती। तथ्य यह है कि भारतीय कंपनियां तब तक रूसी कच्चा तेल खरीदना जारी रखेंगी जब तक यह आर्थिक रूप से सही रहेगा। अन्य एक अधिकारी ने कहा-जब तक रूसी कच्चे तेल की आपूर्ति लागत वैकल्पिक स्रोतों की तुलना में कम रहेगी तब तक भारतीय रिफाइनर इसे खरीदेंगे।

आईओसी, बीपीसीएल, एचपीसीएल को पहले 9 महीनों में 69,000 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम विपणन कंपनियों का लाभ चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में 69,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो तेल संकट से पहले के वर्षों की उनकी वार्षिक कमाई से कहीं अधिक है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशल लि. (एचपीसीएल) का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023–24 की अप्रैल–दिसंबर अवधि में संयुक्त रूप से तेल संकट से पहले के वर्षों में रही 39,356 करोड़ रुपये की वार्षिक कमाई से बेहतर है। सार्वजनिक क्षेत्र की इन पेट्रोलियम कंपनियों की तरफ से शेयर बाजारों को दी गई सूचना से यह आंकड़ा सामने आया है। खुदरा पेट्रोलियम कंपनियों ने दैनिक मूल्य संशोधन व्यवस्था पर लौटने और उपभोक्ताओं को दरों में आई नकमी का लाभ देने की मांग का विरोध किया है। उनका तर्क है कि कीमतें बेहद अस्थिर बनी हुई हैं और उनके पिछले नुकसान की पूरी तरह से भरपाई नहीं हुई है।

नीतिगत ब्याज दर में ठहराव का रुख बनाए रखेगा: एसबीआई

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक विभाग की एक अनुसंधान रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) इस सप्ताह की समीक्षा में नीतिगत ब्याज दर में 'ठहराव' को जारी रखेगी। एसबीआई की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई की नीतिगत ब्याज दर में अभी कटौती की संभावना नहीं है पर जून या अगस्त की समीक्षा में पहली कटौती हो सकती है। मौद्रिक नीति समिति की वर्ष 2023-24 की अंतिम द्विमासिक समीक्षा बैठक इस सप्ताह छह-से आठ तारीख तक होगी। एसबीआई के आर्थिक विभाग ने कहा है, ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिका के गैर-कृषि क्षेत्र के रोजगार के आंकड़े और वेतन से नीतिगत ब्याज (रेपो) में कमी का चक्र शुरू होने उम्मीदों को तेजी से पीछे धकेल दिया है।

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां जनवरी में 6 महीने के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ एचएसबीसी इंडिया के सर्वेक्षण में हुआ खुलासा

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और सकारात्मक मांग के दम पर जनवरी में 6 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जनवरी में 61.8 पुहंच गया। यह दिसंबर में 59 पर था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है।

सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों को भेजे गए प्रश्नावली के जवाबों पर आधारित है। एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा-भारत की सेवा पीएमआई जनवरी में 6 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

नए व्यवसाय का विस्तार तेज गति से हुआ और भविष्य की गतिविधि के लिए प्रबंधकों की उम्मीदें मजबूत बनी हैं। कारोबारी गतिविधि सूचकांक में तेजी आई, जिससे संकेत मिलता है कि भारत का सेवा निर्यात मजबूत बना हुआ है। नई निर्यात बिक्री 3 महीनों में सबसे तेज़ गति से बढ़ी।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	72,600
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,300
गिन्नी (प्रति नग)	47,900–48,100
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	72,800
चांदी तैयार	72,900
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,100
सोना जेवरात गिन्नी	63,100
चांदी पक्की	720(अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	72,800।

सरसों फसल का रकबा 5 प्रतिशत बढ़कर 100.39 लाख हेक्टेयर

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ एसईए ने रबी सत्र 2023-24 के जारी किए आंकड़े

फसल वर्ष 2023-24 के रबी सत्र में सरसों फसल का रकबा पांच प्रतिशत बढ़कर 100 लाख हेक्टेयर से अधिक होने का अनुमान है। उद्योग जगत के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक बयान में सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने कहा कि उसने अखिल भारतीय सरसों फसल सर्वेक्षण के लिए आरएमएसआई क्रॉपलिटिक्स प्राइवेट लिमिटेड को नामित किया है। सरसों एक महत्वपूर्ण तिलहन है।

आरएमएसआई ने सुदूर संवेदी माध्यम (रिमोट सेंसिंग) पर आधारित तीसरी रिपोर्ट सौंपी है। एसईए ने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार-अखिल भारतीय सरसों फसल का रकबा 100.39 लाख हेक्टेयर बताया गया है, जो पिछले साल के रिमोट सेंसिंग-आधारित अनुमान 95.76 लाख हेक्टेयर से पांच प्रतिशत अधिक है। गुजरात और राजस्थान के कई जिलों में किसानों ने कम कीमत मिलने के कारण सरसों के बजाय अन्य फसलों की खेती का विकल्प चुना है।

सरकार 29 रुपये प्रति किलो की दर से भारत चावल की करेगी पेशकश

नई दिल्ली। पिछले एक साल में चावल की खुदरा कीमतों में 15 प्रतिशत की वृद्धि के बीच सरकार उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मंगलवार को 29 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर 'भारत चावल' बाजार में उतारेगी। सब्सिडी वाला चावल पांच किलो और 10 किलो के पैक में उपलब्ध होगा। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि खाद्य मंत्री पीयूष गोयल राष्ट्रीय राजधानी के कर्तव्य पथ पर भारत चावल की पेशकश करेंगे। पहले चरण में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) दो सहकारी समितियों, को पांच लाख टन चावल प्रदान करेगा।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति व भारतीय एयरटेल में बिकवाली से सेंसेक्स में 354 अंक की गिरावट

मुंबई, एजेंसी

▸▸ निफ्टी 82.10 अंक की गिरावट के साथ 21,771.70 पर बंद

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 354 अंक के नुकसान में रहा।

एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और मारुति में बिकवाली से बाजार नीचे आया। कारोबार समाप्त होने से पहले बिकवाली से तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 354.21 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,731.42 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 72,385.93 अंक तक गया और नीचे में 71,602.14 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 82.10 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,771.70 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार शुरुआत में मजबूत खुला लेकिन बाद में सीमित दायरे में रहा और अंत में तेज गिरावट के साथ बंद हुआ।

पेटीएम के शेयर में तीसरे सत्र में गिरावट

नई दिल्ली। पेटीएम के शेयर में सोमवार को लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई। कंपनी के शेयर शुरुआती कारोबार में और 10 प्रतिशत गिर गए। बीएसई पर शेयर 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 438.35 रुपये पर आ गए। एनएसई पर 9.99 प्रतिशत गिरकर 438.50 रुपये पर पहुंच गए।

राष्ट्रीय

एक नजर

छत्तीसगढ़ में कई हत्याओं में शामिल दो माओवादी गिरफ्तार

कांकेर। छत्तीसगढ़ में हत्या के कुछ मामलों और सुरक्षाकर्मियों के साथ कई मुठभेड़ों में कथित तौर पर संलिप्तता के लिए कांकेर जिले से दो माओवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कांकेर के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि बीजापुर जिले के रहने वाले इन दोनों माओवादियों पर पांच–पांच लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि 2022 से माओवादियों के उत्तरी बस्तर संभाग में समन्वय दल के कमांडर के रूप में सक्रिय विनोद अवलम (21) और उपकमांडर आसु कोर्सा (23) को रविवार को कांकेर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंजालगोडी गांव से गिरफ्तार कर लिया गया।

तेजस्वी की याचिका पर आदेश सुरक्षित

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अहमदाबाद की एक अदालत में लंबित आपराधिक मानहानि के मामले को राज्य के बाहर किसी दूसरी जगह स्थानांतरित करने की राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव की याचिका पर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। तेजस्वी ने कथित तौर पर 'केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं' टिप्पणी की थी, जिसको लेकर वह आपराधिक मानहानि के मामले का सामना कर रहे हैं।

संजय सिंह राज्यसभा में नहीं ले पाए शपथ

नई दिल्ली। दिल्ली से राज्यसभा के लिए फिर से चुने गए जेल में बंद आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह सोमवार को शपथ नहीं ले सके, क्योंकि यह सदन के कामकाज में सूचीबद्ध नहीं था। राज्यसभा सचिवालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। संजय सिंह कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। वह दिल्ली की एक अदालत से अनुमति के बाद शपथ लेने के लिए संसद आए थे। आम आदमी पार्टी ने कहा कि सिंह को शपथ लेने की अनुमति दी जानी चाहिए थी, लेकिन आधिकारिक सूत्रों ने उच्च सदन के 11 अगस्त के निर्देश का हवाला दिया कि मॉनसून सत्र के दौरान अनियंत्रित आचरण के लिए सिंह का निलंबन लागू रहेगा और वह तब तक कार्यवाही में भाग नहीं ले सकते, जब तक कि विशेषाधिकार समिति अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत न कर दे और सदन उस पर विचार न कर ले।

अगर कोई जुर्रत करेगा तो देंगे मुंहतोड़ जवाब

लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एलएसी को लेकर कांग्रेस नेता के सवाल पर किया दावा

नई दिल्ली, एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत अब कमजोर नहीं, बल्कि ताकतवर बन गया है तथा अगर कोई आंख उठाकर देखने की जुर्रत करेगा तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की टिप्पणी के बाद सदन में यह बयान दिया। चर्चा में भाग लेते हुए चौधरी ने कहा कि अभिभाषण में देश की सुरक्षा का कोई उल्लेख नहीं किया गया।

लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सवाल किया कि लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पूर्व की यथास्थिति की बहाली का क्या हुआ? कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अरुणाचल प्रदेश से लेकर लद्दाख तक हाल बुरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार में चीन से संबंधित नीति लगातार विफल रही है। इस पर हस्तक्षेप करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संदर्भ में चौधरी ने जो भी कुछ कहा है कि वह उससे असहमति व्यक्त करते हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा-मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत अब कमजोर भारत नहीं है। भारत अब ताकतवर भारत बन गया है। अगर कोई आंख उठाकर देखने की जुर्रत करेगा तो भारत मुंहतोड़ जवाब देगा। संसद के पटल पर देश को बदनाम नहीं किया जाना चाहिए।

जम्मू के लिए 1.18 लाख करोड़ का बजट पेश

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर के लिए वित्त वर्ष 2024–25 का 1.18 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट पेश किया। अंतरिम बजट में राजकोषीय घाटा 20,760 करोड़ रुपये और सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान रखा गया है। संसद में पेश अंतरिम बजट के अनुसार, 2024–25 लिए पूंजीगत व्यय 38,566 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। यह जीएसडीपी का 14.64 प्रतिशत है।

उपासना स्थल अधिनियम को समाप्त करने की मांग

भाजपा के सदस्य हरनाथ सिंह यादव ने सोमवार को उपासना स्थल अधिनियम, 1991 को तत्काल समाप्त करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि यह कानून संविधान के तहत प्रदान किए गए हिंदुओं, सिखों, जैनियों और बौद्धों के धार्मिक अधिकारों का अतिक्रमण करता है। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान उन्होंने यह भी दावा किया कि कानून देश में सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा–उपासना स्थल अधिनियम पूरी तरह से अतार्किक और असंवैधानिक है।

गठबंधन से पहले केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ीं

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

▸▸ दिल्ली शराब घोटाला : कोर्ट 7 फरवरी को सुनाएगी फैसला

अमृत विचार: झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री सोरेन की गिरफ्तारी के बाद अब दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की मुश्किलें भी बढ़ती जा रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह परिवर्तन निदेशालय द्वारा जारी पांच सम्मनों को उनके द्वारा ठुकराना है। एक अन्य मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच भी सक्रिय हो गई है।

जमीन घोटाले को लेकर पिछले 8 महीने से प्रवर्तन निदेशालय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भूमिका की जांच कर रहे थे। वह देश के पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्हें पद पर रहते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है इसके बाद ही उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा ठीक उसी तरह दिल्ली शराब घोटाले में केजरीवाल की भूमिका को लेकर प्रवर्तन निदेशालय कई महीनो से जांच कर रहा है और बारी-बारी से पांच बार उन्हें तलब कर चुका है। अब अटकलें लगाई जा रही है कि सोरेन की गिरफ्तारी और केजरीवाल के खिलाफ निदेशालय का अदालत में जाना, इस बात का मार्ग प्रशस्त कर सकता है कि लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाए।

हालांकि भाजपा सरकार के खिलाफ चुनाव पूर्व बनने वाले इंडिया गठबंधन को लेकर अब केजरीवाल मुख्य भूमिका में हैं। अभी तक यह भूमिका बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार निभा रहे थे। लेकिन उनके पलट जाने के बाद यह काम केजरीवाल ने संभाला है। लगभग सभी राजनीतिक दलों की निगाहें आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के बीच चल रही चुनावी तालमेल की वार्ता पर टिकी हुई हैं। ऐसे समय में परिवर्तन निदेशालय एवं दिल्ली पुलिस की विशिष्ट शाखा क्राइम ब्रांच का सक्रिय होना बहुत मायने रखता है। 2 नवंबर से 2 फरवरी तक परिवर्तन निदेशालय दिल्ली शराब घोटाले में मुख्यमंत्री केजरीवाल को पांच बार पूछताछ के लिए नोटिस भेज चुका है। लेकिन नोटिस को गैरकानूनी बताते हुए निदेशालय के समक्ष वे पेश नहीं हुए हैं। अब परिवर्तन निदेशालय ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है। अदालत 7 फरवरी को अपना फैसला सुनाएगी। दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस ने विधायकों की खरीद फरोख्त के मामले में मुख्यमंत्री की घेराबंदी शुरू कर दी है। तीसरा उप राज्यपाल सक्सेना ने भी स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर केजरीवाल से जवाब मांगा है।

वरिष्ठ अधिकारी संजय जाजू ने सूचना एवं प्रसारण सचिव के रूप में कार्यभार संभाला

नई दिल्ली। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी संजय जाजू ने सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने अपूर्व चंद्र की जगह ली है, जिन्हें स्वास्थ्य सचिव नियुक्त किया गया है। तेलंगाना कैडर के 1992 बैच के आईएएस अधिकारी जाजू नवंबर 2022 से राज्य सरकार में सेवा दे रहे थे। जाजू इससे पहले रक्षा उत्पादन विभाग में अतिरिक्त सचिव और राष्ट्रीय राजमार्ग एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम के निदेशक रह चुके हैं।

चुनौती देने वाली हरियाणा की याचिका पर जवाब दे केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

नौकरियों में आरक्षण को लेकर उच्चतम न्यायालय का निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा के स्थानीय निवासियों को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने को "असंवैधानिक" करार देने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर राज्य सरकार की याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार से उनका जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने हरियाणा सरकार द्वारा दायर अपील पर केंद्र सरकार और फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन को नोटिस जारी किया। हरियाणा सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय का फैसला तर्कहीन है। राज्य सरकार ने 17 नवंबर, 2023 के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है। उच्च न्यायालय ने हरियाणा राज्य स्थानीय उम्मीदवार रोजगार अधिनियम, 2020 को भी अधिकार क्षेत्र से परे करार दिया था।

सिसोदिया हफ्ते में एक बार बीमार पत्नी से मिल सकेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दी पैरोल

दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को कस्टडी पैरोल में सप्ताह में एक बार अपनी बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दी है। बैठक के दौरान डॉक्टर भी उनसे मिलेंगे। यह व्यवस्था अगले आदेश तक जारी रहेगी।

कोर्ट ने उनकी नियमित जमानत पर सुनवाई 12 फरवरी को दोपहर 2 बजे तय की है। बता दें, इससे पहले कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 22 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी थी।

बता दें, दिल्ली शराब घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया को पिछले साल 26 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। उनकी पत्नी लंबे समय से बीमार चल रही है। वह कई बार कोर्ट से गुहार लगा चुके हैं कि उन्हें पत्नी से मिलने की अनुमति दी जाए। हालांकि कोर्ट ने उन्हें कई बार पत्नी से मिलने की अनुमति दे चुके हैं। अब वह हर हफ्ते ही पत्नी से मिल सकेंगे।

दरअसल, मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा एक ऐसी बीमारी से बीते 23 साल से ग्रसित हैं, जिससे उनके मस्तिष्क का नियंत्रण उनके शरीर पर कम रहता है। ऐसे में उन्हें चलने-बैठने आदि में परेशानी होती है। सीमा सिसोदिया को मल्टीपल स्क्लेरोसिस नामक बीमारी है। यह बड़ी ही अजीब बीमारी है जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। सिसोदिया कोर्ट में याचिका दायर कर पत्नी के साथ कुछ समय रहने की मांग की थी।

उनकी पत्नी मल्टीपल स्क्लेरोसिस ऑटोइम्युन की बीमारी है। इस बीमारी में अपनी प्रतिरोधक क्षमता शरीर की कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाने लगती है, जो मस्तिष्क व रीढ़ की हड्डी को प्रभावित करती है। इस वजह मस्तिष्क का शरीर के अन्य हिस्सों पर नियंत्रण कम होने लगता है। साथ ही मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं।

झारखंड में चंपई सरकार ने हासिल किया विश्वास मत

रांची, एजेंसी

▸▸ पक्ष में 47 और विरोध में 29 विधायकों का मत

झारखंड में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन सरकार ने सोमवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा में 47 विधायकों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया जबकि 29 विधायकों ने इसके खिलाफ मतदान किया। निर्दलीय विधायक सरयू रॉय ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया।

विधानसभा में मतदान के दौरान 77 विधायक उपस्थित रहे। झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सत्तारूढ़ गठबंधन को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (लिबरेशन) के इकलौते विधायक ने बाहर से समर्थन दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत विपक्षी गठबंधन में भाजपा के 26 और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के तीन विधायक हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में पिछले सप्ताह हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद झामुमो के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने दो फरवरी को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। चंपई सोरेन को सदन में अपनी सरकार का बहुमत साबित करने के लिए 10 दिन का वक्त दिया गया। उन्होंने फैसला किया था कि वह पांच फरवरी को विश्वास मत हासिल करेंगे।

आरोप साबित हुए तो राजनीति छोड़ दूंगा: हेमंत सोरेन

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप साबित करने की चुनौती देते हुए कहा कि अगर आरोप साबित हो गए तो वह राजनीति छोड़ देंगे। विधानसभा में झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन द्वारा पेश किए विश्वास प्रस्ताव में भाग लेते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र द्वारा साजिश रचे जाने के बाद राजभवन ने उनकी गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभायी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में पिछले सप्ताह हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद झामुमो के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने दो फरवरी को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। हेमंत सोरेन ने कहा–मैं भाजपा को मेरे खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप साबित करने की चुनौती देता हूं। अगर आरोप साबित हुए तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। सोरेन अभी ईडी की हिरासत में हैं।

दिल्ली में विश्व वैष्णव सम्मेलन 8 फरवरी से

नई दिल्ली, अमृत विचार: राजधानी में 8 फरवरी को विश्व वैष्णव सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें देश-विदेश के हजारों सनातन धर्मावलंबी एवं साधु-सन्यासी हिस्सा लेंगे। सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। हौज खास स्थित गौडीय मठ में आयोजित पत्रकार वार्ता में गौडीय मिशन के अध्यक्ष भक्ति सुंदर सन्यासी महाराज ने बताया कि दिल्ली में गौडीय मठ की स्थापना करने वाले श्रील भक्ति सिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद के 150वें जन्म दिवसोत्सव के उपलक्ष्य में प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में विश्व वैष्णव सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी एक डाक टिकट एवं 150 रुपये का सिक्का भी जारी करेंगे।

इंग्लैंड जैसी टीम के खिलाफ खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व: रोहित

पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल और नौ विकेट लेने वाले गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रयासों को सराहा

विशाखापत्तनम, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की चला रही श्रृंखला के दूसरे टेस्ट को 106 रन से जीतकर 1-1 से बराबर करने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि इस मजबूत टीम के खिलाफ युवा खिलाड़ियों का ऐसा प्रदर्शन आत्मविश्वास बढ़ाने वाला है। रोहित ने पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल और नौ विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने मैन ऑफ द मैच बुमराह के बारे में कहा, वह हमारे लिए एक

चैंपियन खिलाड़ी है। वह पिछले कुछ समय से हमारे लिए यह काम कर रहा है। जब आप इस तरह का मैच जीतते हैं तो आपको समग्र प्रदर्शन को देखना होता है। हम जानते हैं कि इन परिस्थितियों में टेस्ट मैच जीतना आसान नहीं होगा, गेंदबाजों ने अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभाई। पहली पारी में 209 रन बनाने वाले जायसवाल के बारे में उन्होंने कहा, वह अच्छा खिलाड़ी है और अपने खेल को अच्छे से समझता है। उसे लंबा सफर तय करना है। जाहिर है कि यह एक विशेष पारी थी। उनके पास टीम को देने के लिए बहुत कुछ है, मुझे उम्मीद है कि वह विनम्र बना रहेगा। भारतीय कप्तान ने कहा कि यह पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी लेकिन कई बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके।

मैं आंकड़ों को नहीं देखता: बुमराह

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि मैं आंकड़ों को नहीं देखता हूं। अगर आप आंकड़ों के बारे में सोचेंगे तो बहुत दबाव होगा। मैं खुश हूं कि हम जीते और मैंने इसमें योगदान दिया। बुमराह ने पहली पारी में ओली पोप को शानदार यॉर्कर पर बोल्ड किया था। इस बारे में उन्होंने कहा कि जब मैं युवा था तब मेरी पहली गेंद यॉर्कर ही होती थी। इसे मैंने टेनिस-बॉल क्रिकेट में सीखा था। तब मुझे लगता था कि विकेट लेने का यही एकमात्र तरीका है। उन्होंने कहा कि हम गेंदबाजी विभाग में बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं और इस गेंदबाजी आक्रमण के अगुवा के तौर पर युवाओं का मार्गदर्शन करना मेरी जिम्मेदारी है।

पहली पारी		दूसरी पारी	
ओवर 15.5	विकेट 06	ओवर 17.2	विकेट 03

हमें खुद पर पूरा भरोसा था कि लक्ष्य पा सकते हैं : स्टोक्स

विशाखापत्तनम, एजेंसी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच को गंवाने के बाद कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि उनकी टीम जीत के लिए 399 रन का लक्ष्य हासिल कर लेगी। कुछ समय से टेस्ट मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी कर रही इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 292 रन पर आउट होकर लक्ष्य से 106 रन दूर रह गयी। स्टोक्स ने कहा कि हमें खुद पर पूरा भरोसा था कि हम लक्ष्य पा सकते हैं। हमारी टीम में ऐसे खिलाड़ी है जो दबाव में और बेहतर प्रदर्शन करते हैं। स्टोक्स ने

कहा कि उनकी टीम भारत पर दबाव बनाने में सफल रही लेकिन मैच को विजेता के तौर पर खत्म नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमने खुद को इन परिस्थितियों में ढाला और भारत को दबाव में रखा वह बहुत अच्छा था, दुर्भाग्य से हम परिणाम अपने पक्ष में नहीं कर सके। स्टोक्स ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करने के लिए मैंने खिलाड़ियों को कोई सुझाव नहीं दिया था।

खेल डायरी

फज़्र बैडमिंटन चैलेंज: मिश्रित में सतीश-आद्या और पुरुष युगल में साई-कृष्णा की जोड़ी विजेता

नई दिल्ली, एजेंसी। सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल ने ईरान के यज्द में '32वें ईरान फज्र अंतरराष्ट्रीय चैलेंज' बैडमिंटन में साथी भारतीयों बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी को हराकर खिताब जीता। शनिवार को हुए फाइनल मुकाबले में सतीश और आद्या की जोड़ी ने 22-20, 21-14 से जीत दर्ज की। के साई प्रतीक और कृष्णा प्रसाद गरागा ने रविवार को फाइनल में मेक्सिको के जॉब कैस्टिलो और लुइस अरमांडो मोंटोया की जोड़ी को 21-18, 21-19 से हराकर पुरुष युगल वर्ग का खिताब जीता। पुरुष एकल में हालांकि सतीश को फाइनल में हांगकांग के गुयेन हाई डांग से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में चौथी वरीयता प्राप्त तस्नीम मीर हांगकांग की सिन यान हैप्पी लो से 14-21, 12-21 से हार गई।

मेस्सी के हांगकांग में नहीं खेलने से प्रशंसक नाराज

हांगकांग, एजेंसी। हांगकांग में इंटर मियामी के फुटबॉल मैच के आयोजक को

लियोनल मेस्सी के नहीं खेलने से नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को बहुचर्चित प्रदर्शनी मैच के दौरान प्रशंसकों ने इंटर मियामी के सह मालिक डेविड बेकहम की आलोचना की और पैसे वापसी की मांग की क्योंकि मेस्सी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण एक स्थानीय टीम के खिलाफ मैच के दौरान पूरे 90 मिनट बेंच पर बैठे रहे। मैच आयोजक टैटलर एशिया के अध्यक्ष मिशेल लामुनिअर ने कहा कि इंटर मियामी के साथ उसके अनुबंध के अनुसार मेस्सी और टीम के कुछ अन्य फुटबॉल सितारों को मुकाबले में खेलने की जरूरत थी, बशर्ते वे चोटिल नहीं हों।

बांग्लादेश से हार के बाद नेपाल से भिड़ेगा भारत

ढाका, एजेंसी। भारतीय महिला फुटबॉल टीम बांग्लादेश के खिलाफ 0-1 की निराशाजनक हार से उबरकर मंगलवार को यहां अंडर-19 महिला सैफ चैंपियनशिप में नेपाल के खिलाफ जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी।

अंडर-19 महिला सैफ चैंपियनशिप

रविवार को भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ इंजरी टाइम में गोल खाया था जिससे उसे शिकस्त मिली। भारतीय टीम ने बांग्लदेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन इसके बावजूद मैच ड्रॉ की ओर बढ़ता लग रहा था। बांग्लादेश ने मैच के अंतिम लम्हों में गोल दागकर जीत दर्ज की। 2019 में हुई सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप में भारत ने नेपाल को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी जहां उसका सामना बांग्लादेश से हुआ था।

अर्जेंटीना, फ्रांस डेविस कप फाइनल्स ग्रुप चरण में

रोसारियो (अर्जेंटीना), एजेंसी। अर्जेंटीना ने क्वालीफाइंग दौर में कजाकिस्तान को 3-2 से हराकर डेविस कप फाइनल के ग्रुप चरण में जगह बनाई। सेबेस्टियन बेज ने रविवार को दो मैच प्वाइंट का बचाव करते हुए दिमित्री पोपको हराकर अर्जेंटीना की जीत पक्की की। अन्य मुकाबलों में बेल्जियम ने जिजौ बर्ग्स की डुजे अजदुकोविच को, चेक गणराज्य ने इजराइल को तो फ्रांस ने ताइवान को मात दी।

फुटबॉल विश्व कप का फाइनल न्यू जर्सी में होगा

न्यूयॉर्क, एजेंसी। फुटबॉल विश्व कप 2026 का फाइनल अमेरिका के न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। न्यू जर्सी ने टेक्सास और कैलिफोर्निया जैसे राज्यों को पछाड़कर यह अधिकार पाया। 48 देशों और 104 मैचों वाले इस विश्व कप का फाइनल 19 जुलाई 2026 को खेला जाएगा। फीफा ने रविवार को मियामी टेलीविजन स्टूडियो में 39-दिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी का अधिकार न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम को दिया। विश्व कप का आगाज 11 जून को होगा और इस मैच की मेजबानी का अधिकार मैक्सिको सिटी के एस्टाडियो एज्टेका को मिला है। न्यू जर्सी के गवर्नर फिल मर्फी ने कहा कि यह हमारी विविधता और हमारे मूल्यों का उत्सव होगा। बड़ी तस्वीर यह है कि हम आने वाले दशकों के लिए क्या पैमाना तय करते हैं।

106 रन की जीत के साथ भारत ने श्रृंखला में की 1-1 की बराबरी

इंग्लैंड की दूसरी पारी को 292 रन पर समेटकर भारतीय गेंदबाजों ने उनके 'बैजबॉल' के तमगे पर किया कड़ा प्रहार

पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला का तीसरा मैच राजकोट में 15 फरवरी से खेला जायेगा

विशाखापत्तनम, एजेंसी

जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन के प्रदर्शन से भारत ने पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को इंग्लैड को 106 रन से हराकर शानदार वापसी की। जीत के लिए 399 रन का पीछा कर रही इंग्लैंड की दूसरी पारी को 292 रन पर समेट कर भारतीय गेंदबाजों ने उनके 'बैजबॉल' के तमगे पर कड़ा प्रहार किया। इस जीत से भारत ने श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर लिया। भारत के यशस्वी जायसवाल के 209 रन के दम पर पहली पारी में 396 रन बनाने के बाद इंग्लैंड की पहली पारी को 253 रन पर समेट दिया था। दूसरी पारी में शुभमन गिल (104) शतक जड़कर लय हासिल करने में सफल रहे। उनकी पारी से टीम 255 रन बनाकर इंग्लैंड को बड़ा लक्ष्य देने में सफल रही। इंग्लैंड ने हैदराबाद में हुए पहले मैच को 28 रन से जीता था। पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला का तीसरा मैच राजकोट में 15 फरवरी से खेला जाएगा।

दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को बेन स्टोक्स को आउट करने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

दूसरी पारी में इंग्लैड के जैक क्राउली ने 73 रन की पारी खेली। उन्होंने धैर्य और आक्रमण का शानदार मिश्रण दिखाते हुए 132 गेंद में आठ चौके और एक छक्का जड़े। भारत के लिए पहली पारी में छह विकेट चटकाने वाले मैन ऑफ द मैच बुमराह ने इस पारी में 46 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि रविचंद्रन अश्विन ने 72 रन देकर तीन सफलता हासिल की। वह हालांकि टेस्ट में 500 विकेट लेने का कारनामा पूरा नहीं कर सके और वे इस रिकॉर्ड से 1 विकेट दूर है। अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और मुकेश कुमार को एक-एक सफलता मिली। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत 1 विकेट पर 67 रन से की। टीम ने पहले सत्र में तेजी से 127 रन बनाए लेकिन भारत ने इस दौरान पांच महत्वपूर्ण विकेट हासिल कर मैच पर अपना दबदबा कायम कर लिया। लंच से पहले पांच गेंद के अंदर कुलदीप ने क्राउली (73) को आउट किया जबकि बुमराह ने जॉनी बेयरस्टो (26) को चलता कर इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया। इस समय इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 194 रन था। लंच के बाद श्रेयस अय्यर के सटीक थ्रो पर कप्तान बेन स्टोक्स (11) के रन आउट होने के साथ ही इंग्लैंड की उम्मीदें खत्म हो गयी। बेन फॉक्स (36) व टॉम हार्टले (36) ने 8वें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी करके भारतीय गेंदबाजों को थोड़ा परेशान किया लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम ने जल्दी ही बाकी बचे दोनों विकेट लेकर औपचारिकता पूरी की।

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी-396) दूसरी पारी 255/10 (78.3 ओवर)

इंग्लैंड (पहली पारी-253) दूसरी पारी 292/10 (69.2 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशजैक क्राउली पगबाधा कुलदीप	73	132	8/1
बेन डकेट का भरत बो अश्विन	28	27	6/0
रेहान अहमद पगबाधा अक्षर	23	31	5/0
ओली पोप का रोहित बो अश्विन	23	21	5/0
जो रूट का अक्षर बो अश्विन	16	10	2/1
जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बुमराह	26	36	5/0
बेन स्टोक्स रन आउट (अय्यर)	11	29	1/0
बेन फॉक्स का एवं बो बुमराह	36	69	4/1
टॉम हार्टले बो बुमराह	36	47	5/1
शोएब बशीर का भरत बो मुकेश	00	08	0/0
जेम्स एंडरसन नाबाद	05	08	1/0

अतिरिक्त: 15, **विकेट पतन:** 1-50, 2-95, 3-132, 4-154, 5-194, 6-194, 7-220, 8-275, 9-281, **गेंदबाजी:** बुमराह 17.2-4-46-3, मुकेश 5-1-26-1, कुलदीप 15-0-60-1, अश्विन 18-2-72-3, अक्षर 14-1-75-1

युवा हॉकी खिलाड़ियों के पास सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली को परखने का मौका

भुवनेश्वर, एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि आगामी एफआईएच प्रो लीग चरण में भारत के युवा हॉकी खिलाड़ियों के पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का मौका होगा।

उन्हें उम्मीद है कि देश एफआईएच प्रो लीग के खिताब के साथ 2026 विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लेगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 10 से 16 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम और 19 से 25 फरवरी तक राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में होने वाली प्रो लीग में भाग लेने के लिए सोमवार को यहां पहुंची। भारत पिछले सत्र में पोडियम स्थान हासिल करने से मामूली अंतर से चूक गया था। भारतीय टीम नीदरलैंड,

ब्रिटेन और बेल्जियम के बाद चौथे स्थान पर रही थी। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया (एचआई) से जारी विज्ञप्ति में कहा कि हम अभी दक्षिण अफ्रीका के एक सफल दौरे से वापस आए हैं, जहां प्रो लीग से पहले फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ अपने खेल को परखने का मौका मिला था। उन्होंने कहा कि इस बार कुछ युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है और यह उनके लिए दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का एक शानदार अवसर होगा।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत प्रबल दावेदार

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

आईसीसी अंडर-19 विश्व कप

बेहतरीन फॉर्म में चल रहा भारत मंगलवार को यहां मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। गत चैंपियन भारत ने टूर्नामेंट में लगातार पांच जीत की बदौलत अंतिम चार में जगह बनाई है और लगभग सभी मुकाबलों में टीम ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत दबदबा बनाया है।

भारतीय टीम किसी विशेष खिलाड़ी पर निर्भर नहीं रही है बल्कि जरूरत पड़ने पर सभी खिलाड़ियों ने योगदान दिया है। बल्लेबाज जहां ढेरों रन बनाने में सफल रहे तो वहीं गेंदबाजों को विरोधी टीमों को समेटने में सफलता मिली और जीत का अंतर भी अच्छा खासा रहा। दो शतक और एक अर्धशतक के साथ 18 साल के मुशीर खान

भारत ने टूर्नामेंट में लगातार पांच जीत की बदौलत अंतिम चार में जगह बनाई

मौजूदा टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। वह पांच मैच में 83.50 के औसत से 334 रन बना चुके हैं। भारतीय कप्तान उदय सहारन भी अच्छी फॉर्म में हैं और एक शतक तथा दो अर्धशतक से 61.60 की औसत के साथ 304 रन अपने नाम दर्ज कर चुके हैं। सचिन धास ने नेपाल के खिलाफ भारत के आखिरी सुपर सिक्स मैच में 116 रन की पारी खेली जब टीम 62 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। विरोधी टीमों को भारतीय उप कप्तान और बाएं हाथ के स्पिनर स्वामी कुमार पांडे का सामना करने में काफी परेशानी हुई। उन्होंने ने 2.17 की इकोनॉमी रेट से 16 विकेट चटकाए हैं और टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

पांडे ने रन गति पर अंकुश लगाकर विरोधी बल्लेबाजों पर शिकंजा कसा जिसका फायदा नमन तिवारी (नौ विकेट) और राज लिम्बानी (चार विकेट) को मिला। इस टूर्नामेंट में सफलता के अलावा भारत ने हाल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया है जो उसे जीत का दावेदार बनाता है। भारत अगर जीत दर्ज करता है तो फाइनल में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत की संभावना बन सकती है। पाकिस्तान दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।

बॉलीवुड हलचल

अक्षय कुमार का गाना 'शंभू' रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार का नया गाना शंभू रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार ,फिलहाल, फिलहाल 2 और क्या लोगे तुम के बाद एक बार फिर म्यूजिक वीडियो लेकर आये हैं। अक्षय कुमार का नया गाना 'शंभू' रिलीज हो गया है ।इस गाने में अक्षय कुमार ने अभिनय के साथ पार्श्वगायन भी किया है ।अक्षय कुमार के को-सिंगर सुधीर यदुवंशी और विक्रम मोंट्रोस हैं। इस म्यूजिक वीडियो को गणेश आचार्य ने निर्देशित किया है। इस गाने के लिरिक्स अभिनव शेखर ने लिखा है, जबकि कंपोजर विक्रम मोंट्रोस हैं। 'शंभू' गाना में अक्षय कुमार, महादेव के अवतार में नजर आ रहे हैं।

फिल्म क्रैक का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल की आने वाली फिल्म क्रैक का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। विद्युत जामवाल और अर्जुन रामपाल फिल्म क्रैक में नजर आयेंगे ।विद्युत जामवाल ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर क्रैक का नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में इंटेंस अवतार में विद्युत और अर्जुन चीखते हुए दिखाई दे रहे हैं। दोनों के बाजू पर बम टाइमर लगा हुआ है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए विद्युत जामवाल ने कैप्शन में लिखा, डर नहीं डार्लिंग से। क्रैक- जीतेगा तो जीयेगा। फिल्म क्रैक 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी ।इस फिल्म में नोरा फतेही और एमी जैक्सन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

नील ने फिल्म मायावन का पहला शेड्यूल किया पूरा

मुंबई, एजेंसी । बॉलीवुड अभिनेता नील नितीन मुकेश ने अपनी आने वाली फिल्म मायावन का पहला शेडयूल पूरा कर लिया है। नील नितीन मुकेश ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'मायावन' के सेट से तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कि उन्होंने फिल्म का पहला शेड्यूल भी पूरा कर लिया है। नील नितिन मुकेश ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की है। इन फोटो में वह अभिनेता सुदीप किशन के साथ बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जब 'हीरो' और 'विलेन' खुश होते हैं, निर्देशक खुश है। यह तेलुगु, तमिल और हिंदी में बनी एक अखिल भारतीय एक्शन साइंस-फिक्शन थ्रिलर 'मायावन' के मेरे पहले शेड्यूल का समापन है'। 'चाहे यह कितना भी कठिन और थका देने वाला हो, पूरी टीम के साथ काम करना बेहद आनंददायक रहा। आपके प्रिय होने के लिए प्रिय सुदीप किशन को धन्यवाद। इतना शानदार अभिनेता, कोस्टार, दोस्त और सपोर्ट सिस्टम। इतना अद्भुत निर्देशक होने के लिए सी वी कुमार सर को धन्यवाद। आप और आपकी टीम तकनीकी रूप से प्रतिभाशाली हैं और अद्भुत हैं। मैं हमारे अगले कठिन कार्यक्रम का इंतजार कर रहा हूं'। फिल्म मायावान में संदीप किशन, आकांशा रंजन कपूर और नील नितिन मुकेश प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



31 मई को रिलीज होगी वरुण धवन की फिल्म 'बेबी जॉन'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन की आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' 31 मई को रिलीज होगी। वरुण धवन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म बेबी जॉन का टीजर शेयर किया है .फिल्म 'बेबी जॉन' के टीजर में वरुण धवन काफी खतरनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। फिल्म 'बेबी जॉन' की रिलीज डेट भी आउट हो गई है। वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म 'बेबी जॉन' का टीजर रिलीज किया है। वरुण धवन बड़े बालों में नजर आ रहे हैं और हाथ में बंदूक लिए अपना खूंखार अंदाज दिखा रहे हैं। फिल्म 'बेबी जॉन' में वरुण धवन का खतरनाक अंदाज देखने को मिलने वाला है। यह फिल्म 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'बेबी जॉन' का निर्देशन कलीस कर रहे हैं। इस फिल्म को एटली कुमार के साथ ज्योति देशपांडे और मुराद खेतानी प्रोड्यूस कर रहे हैं।

प्रदीप पांडेय- आम्रपाली दुबे की फिल्म विवाह 3 का टेलिविजन प्रीमियर

प्रदीप पांडेय चिंटू और आम्रपाली दुबे की फिल्म विवाह 3 का टेलिविजन प्रीमियर 10 फरवरी को होगा। फिल्म विवाह 3 का ग्रैंड टेलिविजन प्रीमियर भोजपुरी सिनेमा और दंगल प्ले ऐप पर 10 फरवरी को संध्या 5 बजे से किया जा रहा है। फिल्म का प्रसारण रविवार 11 फरवरी को भी सुबह 10 बजे से किया जाएगा। फिल्म के निर्माता निशांत उज्जवल ने बताया कि विवाह सीरीज की फिल्म को टेलीविजन पर भी खूब प्यार मिलता रहा है। इसके पहले और दूसरे पार्ट को भी खूब सराहा गया था। यह तीसरा पार्ट तो उससे भी धमाकेदार है, जिसके लिए टेलीविजन के दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहा है। जो दर्शकअभी तक इस फिल्म को नहीं देख पाए हैं और जिन्हें यह फिल्म फिर से देखनी है, उनके लिए यह शनिवार और रविवार एक सुनहरा मौका है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

एक नजर

चिली के जंगलों की नहीं थम रही भीषण आग, अब तक 99 की मौत

सैंटियागो। दक्षिण अमेरिकी देश चिली के जंगलों में आग भड़कने से 99 लोग मारे गए, जबकि 1100 से ज्यादा घर राख हो गए। आपाकालीन सेवा विभाग हेलिकॉप्टर व ट्रकों की मदद से शहरी इलाकों में आग बुझाने का प्रयास कर रहा है। बड़ी संख्या में लोग झुलस गए हैं, जिसके कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। 10 लाख की आबादी वाले चिली के वालपराइसो के कई हिस्सों में काला धुआं फैला हुआ है। गृह मंत्री कैरोलिना टोहा ने कहा, वालपराइसो की स्थिति सबसे नाजुक है। सड़कों पर भी लोगों के शव मिल रहे हैं। वर्ष 2010 के भूकंप के बाद चिली में यह सबसे बड़ी आपदा है।

न्यूजीलैंड में पंजाब के गुरजीत की हत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

वेलिंगटन। पिछले सप्ताह न्यूजीलैंड में पंजाब के रहने वाले गुरजीत सिंह की हत्या कर दी थी। उनका शव न्यूजीलैंड स्थित घर के बाहर मृत पाया गया था। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड भेजने के लिए उनके पिता ने अपनी जमीन बेच दी थी। पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पुलिस ने आरोपी से जुड़ा विवरण को साझा नहीं किया है। पोस्टमार्टम के परिणामों से पता चला कि गुरजीत की हेली स्ट्रीट स्थित उनके आवास पर किसी नुकीली हथियार से किए गए कई घावों के कारण मौत हुई थी। सोमवार को डुनेडिन पहुंचे गुरजीत सिंह के पिता निशान सिंह ने कहा कि पुलिस ने संदिग्ध को गिरफ्तार किया है।

बीएसएफ ने सरहद पर गिरफ्तार किया पाकिस्तानी घुसपैठिया

तरन तारन। सीमा सुरक्षा बल ने सोमवार को तरन तारन जिले के पल्लोपति गांव से सटे इलाके में सीमा के पास एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने कहा कि पकड़े गए 16 वर्षीय व्यक्ति ने खुद को पाकिस्तान के कसूर का निवासी बताया है। बीएसएफ, स्थानीय पुलिस और अन्य एजेंसियों ने शुरुआती पूछताछ की, जिससे पता चला कि पकड़ा गया व्यक्ति जवाब देने में कुशल है और आसपास के इलाके से अच्छी तरह वाकिफ है। घुसपैठिये के पास से एक मोबाइल फोन और 100 रुपये का एक पाक मुद्रा नोट बरामद किया गया। मेडिकल जांच के बाद आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस को सौंप दिया गया।

पूनम की सर्वाइकल से मौत की अफवाह में शामिल कंपनी ने मांगी माफी

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह अभिनेत्री और मॉडल पूनम पांडे की मौत की फर्जी खबर फैलाने में शामिल रही मीडिया कंपनी श्वांग ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने को लेकर अपनाये गए तरीके की आलोचना के बाद माफी मांगी है। मुंबई स्थित कंपनी ने इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक बयान में, झूठी खबर का हिस्सा होने की बात स्वीकार की, जिसकी सोशल मीडिया पर मशहूर हस्तियों और उपयोगकर्ताओं ने कड़ी आलोचना की है। कंपनी ने सर्वाइकल कैंसर से प्रभावित लोगों से माफी मांगी, लेकिन दावा किया कि उनके इस अभियान से इस बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के बहुत अच्छे परिणाम मिले हैं।

विस अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ ठाकरे गुट की याचिका को सूचीबद्ध करने को राजी सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। शिंदे गुट के विधायकों की अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के आदेश को चुनौती देने वाली उद्धव ठाकरे गुट की याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई है।

ठाकरे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मामले का जिक्र करते हुए कहा कि इसे सूचीबद्ध किया जा सकता है अन्यथा चुनाव होने हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह इस मामले को सूचीबद्ध करेगी। बता दें कि ने सुप्रीम कोर्ट ने 22 जनवरी को स्पीकर के आदेश को चुनौती देने वाली ठाकरे गुट की याचिका पर मुख्यमंत्री शिंदे और उनके समूह के अन्य सांसदों को नोटिस जारी किया था। अदालत ने दो सप्ताह के बाद याचिका को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया था। 10 जनवरी को पारित अपने आदेश में महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष ने सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की ठाकरे गुट की याचिका को खारिज कर दिया था। उद्धव ठाकरे गुट ने विस अध्यक्ष के इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

साइबर सुरक्षा... ट्रांजेक्शन पूरा होते ही एप से करें लॉग आउट

2025 तक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में शीर्ष पर होगा भारत

भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की एक बड़ी आबादी है। चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन बाजार है। साल 2022 में एक माह में 52 फीसदी से अधिक आबादी या 759 मिलियन लोगों ने इंटरनेट का उपयोग किया था। वर्ष 2025 तक यह संख्या बढ़कर 900 मिलियन होने की उम्मीद है। भारत की पुरानी पड़ चुकी साइबर सुरक्षा अवसंरचना, नीतियां और जागरूकता हैकर्स के लिये सिस्टम में कमजोरियों का लाभ उठाना आसान बनाती है। यही कारण है कि भारत को साइबर खतरों का सामना करना पड़ता है, जो भारत के रणनीतिक, आर्थिक एवं राष्ट्रीय हित को निशाना बनाते हैं। हमारी वित्तीय सुरक्षा के लिए स्मार्ट बैंकिंग की आदत बहुत महत्वपूर्ण है। बता दें, कुछ सुझावों का पालन करने से वित्तीय सुरक्षा मजबूत की जा सकती है।

अपना डिवाइस सुरक्षित रखें

सुनिश्चित करें कि स्मार्टफोन, टैबलेट और कंप्यूटर जैसे सभी उपकरण एंटीवायरस और सुरक्षा पैच से लैस हैं। यह मैलवेयर का जोखिम कम करता है। संवेदनशील जानकारी को भी संभावित खतरों से बचाता है।

जटिल पासवर्ड बनाएं

अक्षरों, संख्याओं और प्रतीकों के मिश्रण से जटिल पासवर्ड बनाएं। जन्मदिन या नाम जैसी जानकारी का उपयोग करने से बचें। लेन-देन पूरा करने के बाद हमेशा ऑनलाइन बैंकिंग सत्र से लॉग आउट करें। ऑनलाइन बैंकिंग खातों के लिए टू स्टेप वेरिफिकेशन एक्टीवेट करें।

आधिकारिक बैंकिंग एप ही करें इस्तेमाल

अधिकृत एप स्टोर से सिर्फ आधिकारिक बैंकिंग एप डाउनलोड और इस्तेमाल करें। इन एप्स में मजबूत सुरक्षा सुविधाएं होने की अधिक संभावना है, जो वित्तीय लेनदेन के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हैं। इसके अलावा अपने बैंकिंग एप लगातार अपडेट करें।

ओटीपी, पिन किसी से न करें साझा

पिन या ओटीपी किसी के साथ भी साझा करने से बचें। बैंक कभी भी ईमेल या कॉल के जरिये ऐसी जानकारी नहीं मांगता है। ओटीपी का मैसेज इस्तेमाल के बाद मिटा दें।

खातों की करें नियमित निगरानी

संदिग्ध गतिविधियों का तुरंत पता लगाने के लिए बैंक खाते और लेनदेन की बार-बार समीक्षा करें। एक निश्चित सीमा से ऊपर के लेनदेन के लिए अलर्ट सेट करें। किसी भी लिंक पर क्लिक करते समय सावधानी बरतें। जानकारी प्राप्त से पहले स्रोत की वैधता सत्यापित करें।

मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू बोले- देश की संप्रभुता से समझौता नहीं

10 मार्च से पहले भारत लौटेंगे सैनिक

माले, एजेंसी

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को संसद की बैठक में भारत पर एक बार फिर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश की संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करेगी। साथ ही उन्होंने भारत का नाम लिए बिना कहा कि हमारी सरकार देश की संप्रभुता को ताक पर रखकर किसी भी देश के साथ कोई संधि नहीं करेगी।

मुइज्जू ने बताया कि 10 मार्च से पहले भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह को भारत वापस भेज दिया जाएगा। वहीं दो विमानन प्लेटफॉर्म पर काम कर रहे शेष भारतीयों को 10 मई तक वापस भेजा जाएगा। संसद में अपने संबोधन के दौरान मुइज्जू ने कहा कि उनका मानना है कि मालदीव के अधिकांश लोग इस उम्मीद के साथ उनकी सरकार का समर्थन करते हैं कि वे देश से विदेशी सैनिकों को हटा देंगे। इसके साथ ही उनका लक्ष्य खोए हुए समुद्री क्षेत्र को वापस पाना है।

मुइज्जू ने कहा कि उनकी सरकार ऐसे किसी भी राज्य समझौते की अनुमति नहीं देता है, जो देश की संप्रभुता से समझौता करें। 17 नवंबर को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ही मुइज्जू ने भारत से 15 मार्च तक अपने 88 सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने की अपील की थी। अन्य देशों के साथ राष्ट्रपति मुइज्जू की कूटनीतिक चर्चाएं भी जारी है।

मुइज्जू ने कहा, हमने भारत से सैन्यकर्मियों को मालदीव से वापस बुलाने की अपील की है। उन्होंने कहा, 'हाल ही में हुए चर्चाओं के अनुसार, तीन विमानन प्लेटफॉर्मों में से एक से भारतीय सैन्यकर्मियों को 10 मार्च से पहले वापस बुलाने के लिए कहा गया है। बाकी के दो प्लेटफॉर्म से भी 10 मार्च तक वापस बुला लिया जाएगा। बता दें कि पिछले कुछ वर्षों से भारत की तरफ से मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सा निकासी सेवाएं प्रदान की गई है। मुइज्जू ने कहा कि उनका प्रशासन ऐसा कुछ नहीं करने वाला है जिससे देश की संप्रभुता से समझौता करना पड़े। उन्होंने कहा कि अगर देश की संप्रभुता को खतरा होता है तो वह किसी भी बाहरी दवाब के सामने नहीं झुकेंगे।

56 सांसदों ने सरकार के फैसले का किया बहिष्कार

विपक्षी मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स ने सरकार के अलोकतांत्रिक तरीकों के कारण संसद के बहिष्कार का फैसला किया। कुल 56 सांसदों ने राष्ट्रपति के संबोधन का बहिष्कार किया। इनमें डेमोक्रेट के 13 और एमडीपी के 44 सांसद शामिल हैं। सुबह 9 बजे जब बैठक शुरू हुई तो केवल 24 सांसद ही संसद में मौजूद थे। बता दें, मालदीव की संसद (पीपुल्स मजलिस) के उद्घाटन सत्र में राष्ट्रपति मुइज्जू के संबोधन के दौरान केवल 24 सांसद शामिल हुए।

मानवीय मिशनों का हिस्सा रह चुके हैं भारतीय सैनिक

मालदीव के साथ द्विपक्षीय वार्ता में भारत ने दो फरवरी को कहा था कि द्वीप राष्ट्र में भारतीय विमानन प्लेटफॉर्म के संचालन को जारी रखने के लिए मालदीव के साथ समाधानों पर सहमति व्यक्त की गई है। वर्तमान में, भारतीय सैन्यकर्मी दो हेलीकॉप्टर और एक विमान संचालित करने के लिए मालदीव में हैं। ये सैन्यकर्मी सैकड़ों चिकित्सा निकासी और मानवीय मिशनों का हिस्सा रह चुके हैं।

प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल न करें राजनीतिक दल

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ चुनाव आयोग ने दलों से कहा चुनाव प्रचार में बच्चों के इस्तेमाल के प्रति जीरो टॉलरेंस अपनाएं

लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने राजनीतिक दलों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों को किसी भी चुनाव अभियान और रैलियों में बच्चों के इस्तेमाल से बचना चाहिए।

चुनाव आयोग ने पार्टियों को भेजे गए एक निर्देश में चुनाव-प्रचार के दौरान किसी भी तरह से बच्चों के इस्तेमाल के प्रति जीरो टॉलरेंस की बात कही है। आयोग ने कहा कि आयोग किसी भी तरह से राजनीतिक अभियान में बच्चों के भागीदारी पर रोक लगाता है, जैसे बच्चों द्वारा कविता पाठन हो, उनके द्वारा किसी पार्टी को लेकर बोले गए शब्द हो या फिर किसी भी राजनीतिक पार्टी या उम्मीदवार के प्रतीक चिन्ह का प्रदर्शन शामिल हो। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया है और उनसे लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में सक्रिय भागीदार बनने का आग्रह किया है।

चुनाव आयोग ने जारी किए निर्देश

- राजनीतिक दलों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि वे किसी भी चुनाव में बच्चों को शामिल नहीं करें।
- रैलियों, नारे लगाने, पोस्टर वितरित करने सहित अभियान से बच्चों को दूर रखें।
- चुनाव प्रचार या रैलियों के दौरान राजनीतिक नेताओं और उम्मीदवारों को अपने वाहन में बच्चे को गोद में रखने या ले जाने की भी अनुमति नहीं है।
- बच्चों के किसी और तरीके के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध लगाया।
- अपने माता-पिता के साथ मौजूदगी को बच्चों के लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

चीनी मूल के ऑस्ट्रेलियाई लेखक को चीन में मिली निलंबित सजा

बीजिंग। चीन की अदालत ने सोमवार को चीनी मूल के ऑस्ट्रेलियाई लेखक यांग हेंगजुन को जासूसी का दोषी मानते हुए मौत की निलंबित सजा सुनाई है। 19 जनवरी, 2019 को न्यूयॉर्क से अपनी पत्नी और सौतेली बेटी के साथ चीन के शहर ग्वांगझू पहुंचने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया था। मई 2021 में उन पर बंद दरवाजों के पीछे मुकदमा चलाया गया। पूर्व चीनी राजनयिक और राज्य सुरक्षा एजेंट यांग आस्ट्रेलिया में राजनीतिक टिप्पणीकार और जासूसी उपन्यास के लेखक बन गए थे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बताया जासूसी करने का दोषी मानते हुए हेंगजुन को दो साल की सजा काटने के बाद मौत की सजा सुनाई गई है। सालों से मामला उठा रही ऑस्ट्रेलियाई सरकार चीनी अदालत के फैसले से स्तब्ध है और इसे यांग के स्वजनों व समर्थकों के लिए डरावनी खबर बताया।

माइनस 8 डिग्री में मार्च...

लद्दाख : लेह लद्दाख को राज्य के दर्जे की मांग को लेकर लेह में माइनस 8 डिग्री की सर्दी में 30 हजार लोगों ने मार्च निकाला और पोलो ग्राउंड पर रैली की। पूरे लद्दाख में बंद रखा गया। लद्दाख के दूरदराज के क्षेत्रों से लोग रैली में शामिल हुए। मशहूर शिक्षाविद सोनम वांगचुक ने रैली में कहा कि केंद्र सरकार बिना देरी किए लद्दाख को राज्य का दर्जा प्रदान कर स्वायत्तता के लिए संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करे। उन्होंने कहा, अब 19 फरवरी से अपनी मांगों को लेकर आमरण अनशन शुरू करेंगे। बता दें, लद्दाख 2019 के बाद से केंद्र शासित प्रदेश है। ● एजेंसी

खैबर पख्तूनख्वा: पुलिस स्टेशन पर आतंकी हमला, 10 की मौत

खैबर पख्तूनख्वा, एजेंसी

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में डेरा इस्माइल खान जिले के एक पुलिस स्टेशन में हमले के बाद कम सम कम दल पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। वहीं अन्य छह इस हमले में घायल भी हुए हैं। पुलिस के अनुसार, दरबान तहसील में सुबह तीन बजे के करीब कुछ आतंकियों ने भारी हथियार के साथ पुलिस स्टेशन पर हमला कर दिया।

पाकिस्तान की स्थानीय मीडिया के अनुसार, घायलों को डीएचक्यू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल अस्पताल में उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि आतंकियों ने पुलिस स्टेशन पर ग्रेनेड और भारी गोलाबारी से हमला किया। हालांकि, पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर ,सभी आतंकी फरार हो गए। इस हमले के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। आतंकवादियों को ढूंढने के लिए तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है।

आतंकवादी हमले में हो रही वृद्धि

स्थानीय अखबार ने हाल ही में बताया था कि पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में वृद्धि देखी गई है। इस साल जनवरी में कम से कम 93 आतंकवादी हमले हुए जिसमें 90 लोग मारे गए और करीब 135 घायल हुए हैं। वहीं 15 व्यक्तियों के अपहरण का मामला भी सामने आया है।

मौलाना अजहरी के समर्थन में जुटी भीड़ के खिलाफ केस दर्ज

मुंबई। भाषण के जरिए नफरत फैलाने के आरोप में गुजरात एटीएस ने रविवार को मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी को मुंबई के घाटकोपर से गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी के बाद घाटकोपर पुलिस स्टेशन के बाहर भीड़ इकट्ठा हुई, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने भीड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

भीड़ के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में मुंबई पुलिस अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी के वकील आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया गया था।

एच-1बी वीजा धारकों के बच्चों को मिलेगा काम का अधिकार

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ भारतीयों को मिलेगा लाभ, सैकड़ों और हजारों भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों को राहत

अमेरिका में एच-1बी वीजा धारकों को लगभग एक लाख लोगों को काम का अधिकार प्रदान किया जाएगा, जो एच-1बी वीजा धारकों के पति, पत्नी या बच्चे हैं। इससे बड़ी संख्या में भारतीयों को लाभ मिलेगा।

अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक नेतृत्व के बीच लंबी बातचीत के बाद रविवार को घोषित राष्ट्रीय सुरक्षा समझौता एच-1बी वीजा धारकों के लगभग ढाई लाख ऐसे बच्चों के लिए भी समाधान प्रदान करता है, जो उम्र सीमा पार कर चुके हैं। यह कदम उन सैकड़ों और हजारों भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों के लिए अच्छी खबर है, जो ग्रीन कार्ड के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं, जिसके अभाव में उनके पति या पत्नी काम नहीं कर सकते हैं और उनके बच्चों को उम्र सीमा पार कर जाने के कारण निर्वासन का खतरा है। ग्रीन कार्ड, जिसे अमेरिका में आधिकारिक तौर स्थायी निवासी कार्ड के रूप में जाना जाता है। भारतीय-अमेरिकी प्रवासियों के लिए एक और अच्छी खबर है कि विधेयक में लंबी अवधि वाले एच-1बी वीजा धारकों के उम्र सीमा पार कर चुके बच्चों को सुरक्षा देते हुए उनकी एच-4 स्थिति को आठ वर्ष बरकरार रखा जाएगा। बिल में यह सुनिश्चित किया गया है कि अगले पांच वर्ष तक प्रति वर्ष 18 हजार और रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड जारी किया जाएगा। यह बिल प्रति वर्ष करीब 25 हजार के-1, के-2 और के-3 गैर आप्रवासी वीजा धारकों को काम का अधिकार प्रदान करता है।

विज्ञान चीनी वैज्ञानिकों ने किया नया शोध, विशाल अकाशगंगाओं के समूहों से पता चली वास्तविक आयु

उम्रदराज नहीं, बल्कि युवा हमारा ब्रह्मांड

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : हमारा ब्रह्मांड उम्रदराज नही बल्कि युवा है। कंम्प्यूटर सिमुलेशन के जरिए किए शोध से इसकी सही उम्र का पता चलता है। इस शोध से पिछले अनुमानों को झुठला दिया है। नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

यह शोध चीनी विज्ञान अकादमी के वैज्ञानिकों ने किया है। ब्रह्मांड की आयु की वास्तविकता का पता लगाने के लिए विशाल अकाशगंगाओं के समूहों को शामिल किया गया। जिसमें आकाशगंगाओं की गति का मापन किया गया। स्लोअन डिजिटल स्काई सर्वे (एसडीएसएस) के जरिए इसकी गणना की गई। शोधकर्ताओं ने केंद्रीय आकाशगंगा समूह से उपग्रहों के वेग ऑफसेट से विश्लेषण किया।



ब्रह्मांड की नई तस्वीर का काल्पनिक चित्र।

दरसल ब्रह्माण्ड विज्ञान का मानक मॉडल बिग बैंग सिद्धांत पर आधारित है , जो ब्रह्मांड के निर्माण व विकास को समझाने वाला प्रमुख सिद्धांत है। मगर चीनी वैज्ञानिकों ने शोध में विशाल आकाशगंगा समूह के चारों ओर आकाशगंगाओं की गति को मापकर पता लगाया कि पूर्व में जताए अनुमान के विपरीत यह अधिक युवा है।

शोधकर्ता टीम का नेतृत्व करने वाले वैज्ञानिक क्यूई गुओ शोध को लेकर कहा है कि ब्रह्मांड विज्ञान का मानक मॉडल कहता है कि ब्रह्मांड की शुरुआत एक धमाके से हुई। इसके बाद छोटी संरचनाओं का निर्माण हुआ। वे संरचनाएं फिर बड़ी संरचनाओं में विलीन हो गईं। अंततः विशाल आकाशगंगा समूहों की निर्माण हो पाया। इस आधार पर ब्रह्मांड की आयु के साथ विकास की जानकारी का पता लगाया।

27 अरब वर्ष मानी जाती थी ब्रह्मांड की उम्र

पूर्व में ब्रह्मांड की उम्र 27 अरब साल मानी जाती थी। जिसमे 10 हजार करोड़ आकाशगंगाओं का विशाल समूह है। इधर हमारी अपनी आकाशगंगा की आयु 13 .61 अरब वर्ष मानी जाती है, जबकि हमारे सौर मंडल की आयु 4 .571 वर्ष है। नए शोध में ब्रह्मांड को युवा तो बताया है, लेकिन उम्र का जिक्र नही किया है।

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में 76 साल के इतिहास में सबसे कम विश्वसनीय आम चुनाव

पाकिस्तान में चुनावी सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। आठ फरवरी से आम चुनाव होने वाले हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी समेत कई पार्टियां चुनावी मैदान में हैं।

वहीं राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा दौर में हो रही कार्रवाई, पाकिस्तान के 76 सालों के इतिहास में सबसे घातक है और स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। इस्लामाबाद स्थित राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार जैगम खान का कहना है कि इन चुनावों की कोई वैधता नहीं होगी, यहां तक कि 2018 के चुनावों से भी कम टिकेंगे।

दूसरी तरफ आम चुनाव में इमरान की पार्टी की नइया डावांडोल है। इस्लामाबाद शहर के बाहरी छोर पर जुटे दो दर्जन लोगों की मीटिंग कहीं से भी राजनीतिक दिखाई नहीं पड़ती। चुनाव प्रचार के लिए कोई पोस्टर-पेम्फलेट नहीं। कोई साउंड सिस्टम नहीं। यहां तक कि प्रत्याशी आमिर मुगल खुद महीनों पहले पीटीआई पर सैन्य कार्रवाई के डर से छुप गए थे। अधिकारियों ने पहले ही उनके घर पर छापा मारा था, उनके दो बेटों को गिरफ्तार किया था और सैन्य विरोधी प्रदर्शनों के संबंध में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। मीडिया को सुरक्षित जगह दिए साक्षात्कार में उन्होंने बताया है कि सेना हम पर पार्टी छोड़ने का दबाव बना रही है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले आम चुनावों से पहले इसकी ताकतवर सेना अपने पुराने अंदाज में आते हुए पीटीआई का दरकिनार कर रही है।

मनोबल तोड़ने में लगी सेना

पाकिस्तान के सरकारी अधिकारी किसी भी धांधली से इंकार कर रहे हैं। सैन्य कार्रवाइयों के बाद ये पाकिस्तान में होने जा रहे अब तक के सबसे खामोश चुनाव साबित हो रहे हैं। आमतौर पर लोगों से भरी रहने वाली सड़कें चुनावी मौसम में खाली हैं। विश्लेषकों का कहना है कि सेना को उम्मीद है कि पीटीआई समर्थकों का मनोबल तोड़ने से लोग वोट डालने नहीं आएंगे।

चुनावी मैदान में उतरे हाफिज के रिश्तेदार

मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठनों का नया चेहरा माना जाता है। पाकिस्तान के विभिन्न शहरों से नामांकित कुछ उम्मीदवार ऐसे हैं जो या तो हाफिज सईद के रिश्तेदार हैं या अतीत में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा, जमात-उद-दावा या मिल्ली मुस्लिम लीग से जुड़े रहे हैं। आतंकवाद रोधी अदालतों ने कई मामलों में हाफिज को 31 साल की सजा सुनाई है। लाहौर की जेल में बंद है।

3 हजार महिला प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरीं

पाकिस्तान में 3 हजार से अधिक महिलायां प्रतिद्वंद्वी पुरुष प्रत्याशियों को ललकारती नजर आ रही है। तीन दिन बाद होने वाला संसदीय एवं प्रांतीय विधानसभा चुनाव उन उल्लेखनीय महिलाओं के लिए इतिहास में दर्ज हो जायेगा, जिन्होंने पाकिस्तानी समाज, राजनीति और संसद के पितृसत्तात्मक आधिपत्य के सामने सपने देखने की हिम्मत की और वहां तक पहुंचने का साहस किया। लोकसभा के 3 हजार से अधिक महिलाओं ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।